


// इंसान को इन्सान कभी धोखा नहीं देता है। बल्कि उसकी उम्मीदें धोखा दे जाती हैं, जो वह दूसरे से रखता है। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



समस्याओं पर ध्यान लगाओगे तो लख्य दिखने बंद हो जाएंगे, और अगर लक्ष्य पर ध्यान लगायेंगे तो समस्या दिखना बंद हो जाएगी।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 19 जून, 2025 | अषाढ़ कृष्ण पक्ष: अष्ठमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 168 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### डीएचबीवीएन में छह हजार कर्मचारियों की होगी भर्ती

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के 6 हजार 239 पदों पर भर्ती होगी। निगम में इन दोनों वर्गों के कुल 8 हजार 176 पद खाली हैं। इनमें से 1506 पदों को प्रमोशन के जरिये भरा जाएगा। बाकी पदों पर सीधी भर्ती होगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा ग्रुप-सी के पदों के लिए सीईटी (कॉमन पात्रता परीक्षा) के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। 13 लाख 40 हजार से अधिक युवाओं ने ग्रुप-सी के सीईटी एग्जाम के लिए आवेदन किया है। अब आयोग द्वारा एग्जाम की डेट घोषित की जाएगी। हरियाणा में पूर्व की मनोहर सरकार के समय ही ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों के लिए सीईटी अनिवार्य किया गया था। साथ ही, इन पदों के लिए इंटरव्यू सिस्टम भी खत्म किया जा चुका है। इसी बीच दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने खाली पदों पर भर्ती करने के लिए ब्यौरा चयन आयोग को भेज दिया है। ग्रुप-सी के सीईटी परीक्षा होने के साथ ही कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी के पदों को भरने के लिए आवेदन जारी किए जाएंगे। पहले से जिन पदों के लिए विज्ञापन जारी हो चुके हैं, उनकी भर्ती भी अब सीईटी एग्जाम के नतीजों के बाद ही होगी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने ग्रुप-सी यानी तृतीय श्रेणी के कुल 15 हजार 907 स्वीकृत पदों में से 7 हजार 706 खाली पदों का ब्यौरा आयोग के पास भेजा है। इनमें से 6 हजार 225 पदों पर सीधी भर्ती होगी और 1506 पदों को निगम प्रमोशन के जरिये भरेगा। इसी तरह से ग्रुप-डी यानी चतुर्थ श्रेणी के सभी स्वीकृत 14 पद खाली हैं। इन पदों को सीधी भर्ती के जरिये ही भरा जाएगा। इसकी डिमांड भी आयोग के पास भेजी जा चुकी है। ग्रुप-डी के पदों में वर्क-मैट, टी-मैट, स्किल्ड हेल्पर, पलम्बर व पाइप फिटर शामिल हैं। वहीं ग्रुप-सी के पदों में जेई-। जेई-फील्ड, जेएसई, जेई (सिविल), जेई (आईटी), फोरमैन, एएफएम, लाइनमैन, सहायक लाइनमैन, एसएसए, एसए, सीनियर लैब अटेंडेंट, लैब असिस्टेंट, लैब अटेंडेंट, टेक्निशियन आदि शामिल हैं।




## ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रम्प की फोन पर हुई बातचीत, पीएम बोले-

# भारत ने न मध्यस्थता स्वीकारी थी, न स्वीकारेंगे

### सीजफायर पाक के कहने पर हुआ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। पीएम मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया।

कहा-अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा



### जी-7 में होनी थी मोदी-ट्रम्प की मुलाकात, लेकिन हुई नहीं

पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात जी-7 के इतर होनी तय थी, लेकिन ट्रम्प को 17 जून को जी-7 छोड़कर अमेरिका लौटना पड़ा। इस कारण ये मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद ट्रम्प के कहने पर दोनों नेताओं की फोन पर बात हुई। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन पर पीएम मोदी से शोक संवेदना जताई थी और आतंक के खिलाफ समर्थन जताया था। इसके बाद दोनों नेताओं 18 जून को यह पहली बातचीत थी। इसलिए पीएम मोदी ने राष्टपति ट्रम्प ने ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की।

### भारत ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया

मिसरी ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को यह स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड (नपे-तुले), प्रिसाइज (सटीक) और नॉन-एस्केलेटरी थे। साथ ही भारत ने ये भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब हम गोले से देंगे।

## 3000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फास्टैग को लेकर बड़ा एलान किया है। उनके एलान से निजी वाहनों को खासतौर पर फायदा होगा। उन्होंने बुधवार को 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग आधारित पास का एलान किया। यह पास 15 अगस्त से प्रभावी होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा द्धस्र हम 3 हजार रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा। सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।

नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा कि एक ऐतिहासिक पहल के तहत 15 अगस्त 2025 से 3,000 की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा। उन्होंने आगे लिखा कि वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। उन्होंने लिखा कि यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी लिखा, प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजाओं पर विवाद को समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।

### ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की ट्रंप को चेतावनी

## इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**तेहरान/तेल।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा। खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा कि जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा। इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं।

दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं।

## लुधियाना उपचुनाव पर सभी की नजरें, मत पेटियों में प्रत्याशियों का भाग्य होगा बंद; 23 को खुलेगा ताला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना।** विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिम के उपचुनाव को लेकर वीरवार को जहां आप पार्टी के प्रत्याशी संजीव अरोड़ा समेत सभी प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बंद हो जाएगा, वहीं पर आप पार्टी सीट कितने मार्जन से निकाल पाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला होगा। हालांकि अन्य पार्टी भी अपनी जीत को निश्चित मानकर चल रही है। यह तो गर्भ में बंद है कि कौन प्रत्याशी जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचेगा। लेकिन चुनाव आयुक्त की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

मतदान की प्रक्रिया वीरवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। 1.75 लाख मतदाता 14 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 194 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 23 जून को मतगणना के तुरंत बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को गर्ल्स खालसा कॉलेज से पोलिंग पार्टियों को मतदान के सामान के साथ पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना किया गया। कल मतदान के साथ ही राजनीतिक दलों के चुनाव लड़ रहे नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। इस हलके में कुल 1,75,469 मतदाता हैं। इनमें से 90088 पुरुष, 85371 महिलाएं एवं दस ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए मॉडल व ग्रीन पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। दिव्यांगों व महिलाओं के लिए अलग पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। यह सीट आप आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी बस्सी के निधन के कारण खाली हुई थी। मतदान के लिए कुल 776 पोलिंग कर्मियों की तैनाती की गई है। शांतिपूर्ण मतदान और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे।

### हिमाचल में हादसे से बिखरा हरियाणा का परिवार

## बहू की मौत, बेटे की हालत नाजुक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में टेंपो ट्रैवलर हादसे ने सोनीपत के करेवड़ी गांव के राकेश कुमार के परिवार को बिखेर दिया है। हादसे में परिवार की बहू मोनिका (28) की मौत हो गई। बुधवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन उनकी 5-5 साल की जुड़वा बेटियां अनिका और अभिका अब भी बार-बार दादा से पूछ रही हैं कि मम्मी कहां हैं? कब आएंगी? उन्हें अब तक मां की मौत की सच्चाई नहीं बताई गई। बेटा अमित अब भी एम्स बिलासपुर में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, 2 साल का पोता दीप मंगलवार शाम तक मनाली के मिशन अस्पताल के आईसीयू में था। तीनों बच्चों को अब सोनीपत के एक प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है।

यह दर्दनाक हादसा लाहौल-स्पीति के ग्राम्फू इलाके में कोकसर-रोहतांग रोड पर हुआ था, जब 24 सवारियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया। इसमें दो लोगों की मौत हुई, जबकि 22 टूरिस्ट घायल हुए। यह परिवार छुट्टियां मनाने हिमाचल गया था, लेकिन लौटते वक्त सफर मातम में बदल गया।

## कर्नाटक व हरियाणा विधायी प्रक्रियाओं को प्रभावी व पारदर्शिता बनाने के लिए हुए एकजुट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



कर्नाटक विधानसभा में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को सम्मानित करते हुए।

**चंडीगढ़, 18 जून।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कर्नाटक राज्य प्रवास के दौरान बेंगलुरु स्थित विधान सौध (कर्नाटक विधान सभा) का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कर्नाटक विधान सभा के उपाध्यक्ष रुद्रप्पा मनप्पा लामानी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत भी की।

इस दौरे के दौरान हरियाणा एवं कर्नाटक विधानसभा के प्रतिनिधियों के बीच विधायी प्रक्रियाओं, सदन संचालन, तकनीकी नवाचार और संसदीय परंपराओं को लेकर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा हुई। दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और भविष्य में विधायी प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आगामी राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन, जो कि 3 और 4 जुलाई, 2025 को गुरुग्राम में आयोजित होने जा रहा है, का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की विधायी व प्रशासनिक संस्थाओं के बीच संवाद और समन्वय स्थापित होगा, जिससे देशभर में बेहतर शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।






**निर्णय** | विकास बोर्ड की 82वीं बैठक में लिया बड़ा फैसला

# कुरुक्षेत्र में महाभारत थीम पर बनेंगे गेट व चौक, चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

### राज्यपाल का सुझाव 48 कोस में मनाए जाएं 48 उत्सव

### नए सिरे से बनाया जाएगा ज्योतिसर सुदर्शन चक्र, लगेगी भगवान कृष्ण की प्रतिमा

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 18 जून।** धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। बुधवार को चंडीगढ़ में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक राज्यपाल एवं बोर्ड अध्यक्ष बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर उपाध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर में कुरुक्षेत्र की विस्तृत पहचान बने, इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों को लेकर साल में कम से कम 48 उत्सव इन गांवों में मनाने चाहिए। इसमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ साथ जिन गांवों में ये तीर्थ स्थल है, उनकी सहभागिता भी जोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बैठक में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के समग्र विकास को लेकर कई पहलुओं पर चर्चा हुई है। खास तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में चौक और प्रवेश द्वार को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए है। इन्हें महाभारत की थीम का रूप दिया जाएगा। ज्योतिसर की तरफ से आने वाले रास्ते पर लगे सुदर्शन चक्र को भी दोबारा बनाया जाएगा। जिसमें लाइटिंग करने के साथ साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित होगी। साथ ही बैठक में ब्रह्मसरोवर के प्रवेश द्वार के नाम भी तय करने बारे चर्चा हुई। ज्योतिसर तीर्थ परिसर के आसपास ग्रीनरी की व्यवस्था करने के भी संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। इसके अलावा पूरे शहर के पेंटिंग और रेलवे ब्रिज के नजदीक भी श्लोक इत्यादि लिखने बारे भी बैठक में चर्चा हुई है।

**चार इंफॉर्मेशन सेंटर बनाने के निर्देश:** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आने वाले तीर्थ यात्रियों अथवा पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए बकायदा 4 इंफॉर्मेशन सेंटर के कार्य को 15 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यह सेंटर पिपली के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा ज्योतिसर में रेलवे स्टेशन और केडीबी पर बनेंगे। इन सेंटर्स के जरिए कोई भी व्यक्ति कुरुक्षेत्र के बारे में कुछ भी जान सकेंगे।

### बस पास से लिंक होगी पर्यटक स्थलों में एंट्री

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में निर्णय हुआ है कि कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस चलाई जाएंगी। इन बसों को 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थों के साथ कनेक्ट किया जाएगा। बसों के अंदर रूट मैप भी लगाया जाएगा, साथ ही डेली वेज पास की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि डेलीवेज पास ना सिर्फ बस में चलेंगे साथ ही कुरुक्षेत्र में बने अलग-अलग स्थलों पर भी एंट्री पास के रुप में भी काम आ सकेंगे।

# पंजाब ने स्थापित किया नया मील का पत्थर, सेवा लंबित दर देश में सबसे कम

## निर्धारित समय-सीमा के भीतर 99.98 प्रतिशत सेवाएं प्रदान की गईं, 48 लाख से अधिक नागरिकों को मिला लाभ : अमन अरोड़ा

शून्य लंबित सेवाओं वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों और उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए अमन अरोड़ा

**चंडीगढ़, 17 जून।** पंजाब के सुशासन सुधार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने आज बताया कि पंजाब सरकार ने नागरिकों को समयबद्ध तरीके से 99.98 प्रतिशत आवश्यक सेवाएं प्रदान कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ पंजाब देश का ऐसा राज्य बन गया है जहाँ सेवा प्रदान करने की लंबित दर सबसे कम है।

महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (मैगसीपा) में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों और उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री अरोड़ा ने बताया कि 18 जून 2024 से 17 जून 2025 तक के एक वर्ष की अवधि में 48.85 लाख से अधिक नागरिकों ने विभिन्न लोक-हितैषी सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से 99.88 प्रतिशत सेवाएं तय समय-सीमा के भीतर प्रदान की गईं, जबकि केवल 5868 सेवाओं (0.12 प्रतिशत) में ही देरी हुई।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रभावी सेवा प्रणाली को उजागर करती है। भारत सरकार द्वारा भी पंजाब को निर्धारित समय में सेवाएं प्रदान करने में पहला स्थान प्रदान किया गया है।

श्री अरोड़ा ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा जिनकी सेवाएं पूरी तरह लंबित रहित (जीरो पेंडेंसी) हैं। साथ ही, उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि जो अधिकारी या कर्मचारी बार-बार देरी करते हैं या अनावश्यक आपत्तियाँ लगाते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने हेतु प्रमाणपत्र संबंधी आवेदनों की डिजिटल पुष्टि के लिए लगभग 98 प्रतिशत अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों - जैसे पटवारी, नगर पार्षद, सरपंच और नंबरदार - की लॉगिन आईडी बनाकर उन्हें ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जा चुका है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की परेशानी को कम करना और दस्तावेज़ों की पुष्टि के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता को समाप्त करना है।

श्री अरोड़ा ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की लोक-कल्याणकारी शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने उपायुक्तों और विभाग की पूरी टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी।

### नागरिक सेवा डिलीवरी पोर्टल को और अधिक सुगम, कुशल और सुलभ बनाया जाएः अरोड़ा

इससे पहले बैठक के दौरान श्री अरोड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिक सेवा डिलीवरी पोर्टल (connect.punjab.gov.in) को और अधिक सुगम, कुशल और सुलभ बनाया जाए, ताकि लोग घर बैठे सेवाएं प्राप्त कर सकें और उन्हें किसी सरकारी दफ्तर या विभाग में जाने की आवश्यकता न पड़े। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप ने भरोसा दिलाया कि पोर्टल को शीघ्र ही पुन: डिज़ाइन किया जाएगा और जन समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली भी सुनिश्चित की जाएगी।

फाजिल्का पुलिस का नशे के खिलाफ युद्ध में एक और कदम

# अरनीवाला में दो और नशा तस्करों के घरों को गिराया, नशा तस्करी में शामिल लोगों का यही हश्र होगा: एसएसपी





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फाजिल्का, 18 जून।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री गौरव यादव, आईपीएस, फिरोजपुर रेंज के उप महानिरीक्षक हरमनबीर सिंह गिल, आईपीएस, और वरिष्ठ पुलिस कप्तान फाजिल्का गुरमीत सिंह के नेतृत्व में फाजिल्का पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना अरनीवाला क्षेत्र के कुख्यात नशा तस्कर जोगिंदर सिंह और उसकी पत्नी अमरजीत कौर के घर को आज प्रशासनिक आदेशों के तहत ढहा दिया गया। दोनों पति-पत्नी नशा तस्करी में संलिप्त थे और पंचायत भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रखा था।

#### आम जनता से अपील

यदि आपको किसी नशा तस्कर के बारे में जानकारी हो, तो फाजिल्का कंट्रोल रूम 85588-00900, सेफ पंजाब चैटबोट 97791-00200 पर तुरंत सूचित करें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। नशा छोड़ने वाले युवाओं का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क होगा और सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। आइए, मिलकर संकल्प लें—नशा मुक्त पंजाब बनाएं।

जोगिंदर सिंह पर एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मुकदमे एफआईआर नं. 11 दिनांक 28.01.2021, एफआईआर नं. 122 दिनांक 30.08.2021, एफआईआर नं. 64 दिनांक 17.05.2025 दर्ज हैं।

वहीं अमरजीत कौर पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला एफआईआर नं. 59 दिनांक 11.05.2025 दर्ज है।

एस.एस.पी. गुरमीत सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि नशा तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, 'जो समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।' इससे पहले भी फाजिल्का पुलिस द्वारा चार नशा तस्करों के घरों को गिराया जा चुका है। फाजिल्का पुलिस, एक ओर नशा तस्करों को पकड़ रही है, वहीं दूसरी ओर नशा करने वाले युवाओं को नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती कराकर पुनर्वास की दिशा में काम कर रही है।

# मतदाता फोटो पहचान पत्रों की डिलीवरी तेज़ी से करेगा भारतीय चुनाव आयोग

मतदाता सूचियों में अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाताओं को प्राप्त होंगे फोटो पहचान पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 जून।** चुनाव सूची में नए मतदाताओं के नाम दर्ज किए जाने या मौजूदा मतदाताओं की जानकारी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में मतदाता फोटो पहचान पत्रों की तेज़ डिलीवरी सुनिश्चित करने हेतु भारतीय चुनाव आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया लागू की है, जिसके तहत मतदाता पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए गए विभिन्न उपायों का हिस्सा है। यह नई प्रणाली मतदाता फोटो पहचान पत्र के बनने से लेकर डाक के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने तक के हर चरण की रियल-टाइम ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। मतदाताओं को हर चरण पर एस एम एस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें अपने पहचान पत्र की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग ने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआई नेट प्लेटफॉर्म पर एक विशेष आई टी मॉड्यूल विकसित किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा प्रणाली का स्थान लेकर कार्य प्रणाली को और अधिक तेज़ और सुचारू बनाएगा। डाक विभाग के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफ़ेस को सहज डिलीवरी के लिए ईसीआई नेट से जोड़ा जाएगा। यह पहल मतदाताओं को तेज़ और सुरक्षित चुनाव सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है।

भारतीय चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य अपने सभी मतदाताओं को चुनाव संबंधी सेवाएं त्वरित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना है। उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीनों के दौरान आयोग द्वारा मतदाताओं और अन्य हितधारकों के हित में कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं।

# मेरी घरेलू तस्वीरें पब्लिक करना मजीठिया की घटिया राजनीति : रवजोत

मैं दलित हूँ इसलिए मजीठिया ने मुझे अपमानित करने की साज़िश की

क्या मजीठिया की अपनी पत्नी के साथ कोई तस्वीर नहीं होगी? क्या किसी के बेडरूम में झांकना सही है?

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जालंधर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ रवजोत

**जालंधर , 18 जून।** आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा उन पर लगाए गए अपमानजनक आरोपों पर सख्त प्रतिक्रिया दी और मजीठिया की कड़ी शब्दों में निंदा की।

डॉ रवजोत ने इस मुद्दे को लेकर आज जालंधर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ आप पंजाब के महासचिव दीपक बाली और आप नेता तरनदीप सिंह सनी मौजूद थे। डॉ रवजोत ने सोशल मीडिया पर एक एडिट की गई तस्वीर को प्रसारित करने पर कहा कि उनकी व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रतिष्ठा को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। उन्होंने इस कृत्य को राजनीति का निम्न स्तर बताया और कहा कि इसका उद्देश्य एक महिला की इज्जत खराब करना और दलित समुदाय के नेताओं को निशाना बनाना है। आप नेता डॉ. रवजोत ने होशियारपुर में स्वास्थ्य सेवा पेशेवर के रूप में अपनी दो दशकों की सेवा व पार्टी की प्रगति में अपने योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने लुधियाना पश्चिम चुनाव अभियान के समापन के ठीक बाद घटिया राजनीति पर गहरी निराशा व्यक्त की।

डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, 'सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीर जनता को गुमराह करने और मुझे बदनाम करने का एक अपमानजनक और अनैतिक प्रयास है। यह महिला किसी की बेटी, मां या बहन है। यह कृत्य न केवल मुझ पर हमला है, बल्कि सभी महिलाओं का अपमान है। इस तरह की रणनीति ऐसे नेताओं द्वारा की जाने वाली निम्न स्तर की राजनीति का प्रतिबिंब है।'

डॉ. रवजोत ने मजीठिया पर सत्ता में अपने कार्यकाल के दौरान एससी और दलित समुदाय पर अत्याचार करने भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप सरकार एससी और दलित समुदायों की समर्थक रही है, जिसका सबूत एडवोकेट जनरल के कार्यालय में आरक्षण लागू करने जैसी ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने कहा कि ये कदम उनके जैसे नेताओं के लिए असहनीय हैं, जो दलित समुदाय की प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि यह बदनामी अभियान पंजाब में अनुसूचित जाति के नेताओं और मंत्रियों की छवि को धूमिल करने की सोची-समझी चाल है। यह अनुसूचित जाति के नेताओं की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने का एक प्रयास है। मजीठिया और उनकी पार्टी ने बार-बार हमारे नेताओं को निशाना बनाया है। लेकिन वे हमारे समावेशी विकास के मिशन को पटरी से उतारने की अपनी कोशिशों में सफल नहीं होंगे।'

डॉ. रवजोत ने मजीठिया जैसे नेताओं के पाखंड को उजागर करते हुए कहा, 'ये नेता सार्वजनिक रूप से खुद को धार्मिक और धर्मपरायण बताते हैं, लेकिन बंद दरवाजों के पीछे इस तरह की शर्मनाक हरकतें करते हैं। उनकी हरकतें सिख मूल्यों और नैतिकता पर एक दाग हैं।' उन्होंने कहा कि मैंने मजीठिया के खिलाफ औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। हमें अपने जांच एजेंसियों पर भरोसा है कि वे सच्चाई सामने लाएंगे क्योंकि यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है बल्कि यह एक ऐसा उदाहरण स्थापित करने के बारे में है कि पंजाब की राजनीति में इस तरह के दुर्भावनापूर्ण अभियान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।'

डॉ. रवजोत ने राजनीतिक नेताओं से व्यक्तिगत हमलों में लिप्त होने के बजाय सार्वजनिक विकास के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति से समाज में गलत संदेश जाती है और हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पवित्रता को भी कमजोर करती है। इसलिए मैं सभी नेताओं से वास्तविक मुद्दों पर चर्चा करने और इस तरह की घटिया राजनीति न करने की अपील की।

# महिलाओं, बच्चों और बुज़ुर्गों की भलाई मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. बलजीत कौर

डॉ. बलजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए; पंजाब सरकार की योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंद महिलाओं, बुज़ुर्गों और बच्चों तक समय पर पहुँचाया जाए

आंगनवाड़ी केंद्रों की दैनिक मॉनिटरिंग और पोषण ट्रैकर कार्य की रफ्तार बढ़ाने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 जून।** समाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हर वर्ग विशेषकर महिलाओं, बुज़ुर्गों और बच्चों की भलाई के लिए गंभीर और निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उस समाज के गरीब, बुज़ुर्ग और नारी वर्ग की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर निर्भर करती है। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंद लोगों तक पारदर्शिता से और समयबद्ध रूप से पहुँचाया जाए। यहाँ किसान भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान डॉ. बलजीत कौर ने आंगनवाड़ी केंद्रों, 'अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन', मिशन वात्सल्य के तहत चलाई जा रही बाल भिक्षावृत्ति मुक्ति मुहिम, पोषण ट्रैकर कार्य, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की रिक्त पदों की स्थिति, मगनरेगा के तहत आंगनवाड़ी भवनों और शौचालयों के निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष आंगनवाड़ी केंद्रों और शौचालयों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

डॉ. बलजीत कौर ने आदेश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों की दैनिक मॉनिटरिंग करना प्रत्येक ज़िला अधिकारी की ज़िम्मेदारी है। जो केंद्र नियमित रूप से नहीं खुल रहे हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करके लागू करने और आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में गति लाने के निर्देश भी दिए।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट द्वारा संस्था के 24 पूर्व कैडेटों को 'अचीवर अवॉर्ड' से किया गया सम्मानित

## एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई. हथियारबंद सेनाओं के लिए एक 'फीडर संस्थान' के रूप में उभरा हैः डायरेक्टर एच.एस. चौहान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 जून।** महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई), एस.ए.एस. नगर द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन.डी.ए.) एवं अन्य सेवा प्रशिक्षण अकादमियों से स्नातक होकर सशस्त्र बलों में कमीशन प्राप्त करने वाले अपने पूर्व कैडेटों की उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें विशिष्ट 'अचीवर अवॉर्ड' से नवाजा गया।

इस समारोह की अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक निदेशक एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्य मेजर जनरल (से.नि.) बी.एस. ग्रेवाल, वी.एस.एम. ने की। इस 'अचीवर अवॉर्ड' समारोह में ए.एफ.पी.आई. के 24 विशेष पूर्व कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से आठ कैडेटों ने हाल ही में मई/जून 2025 में भारतीय सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्राप्त किया है।

मेजर जनरल बी.एस. ग्रेवाल ने कमीशन प्राप्त करने वाले कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई. में प्राप्त प्रशिक्षण उनके करियर के लिए एक लॉन्चपैड का कार्य करेगा। उन्होंने एन.डी.ए. स्नातकों को आगे की ट्रेनिंग के लिए शुभकामनाएं दीं और बेहतरीन परिणाम प्राप्त करने में ए.एफ.पी.आई. के फैकल्टी सदस्यों की प्रतिबद्धता की सराहना की।

संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा करते हुए एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई. के निदेशक मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वी.एस.एम. (से.नि.) ने बताया कि अब तक संस्थान के 255 कैडेट एन.डी.ए. और समकक्ष प्रशिक्षण अकादमियों के लिए चयनित हो चुके हैं, जिनमें से 178 कैडेट सशस्त्र सेवाओं में कमीशंड अधिकारी के रूप में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि 15 कैडेटों को पहले ही एन.डी.ए./समकक्ष अकादमियों से जॉइनिंग लेटर मिल चुके हैं और 11 अन्य कैडेट अपने जॉइनिंग लेटर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मेजर जनरल चौहान ने एम.आर.एस.ए.एफ.पी.आई. संस्थान की भूमिका को हथियारबंद सेनाओं के लिए एक 'फीडर संस्था' के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार के नेतृत्व में यह संस्थान सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और इसके शानदार परिणाम देशभर में दिखाई दे रहे हैं।


DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS — DRAW DATE:18/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 SILVER WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

8166

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

2245

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1699 | 2290 | 3870 | 6383 | 6393 | 7481 | 7836 | 9107 | 9171 | 9574 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0544 | 0594 | 1709 | 1912 | 2046 | 4691 | 7019 | 8277 | 9189 | 9368 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0026 | 0065 | 0107 | 0114 | 0137 | 0165 | 0195 | 0289 | 0330 | 0334 |
| 0351 | 0421 | 0425 | 0495 | 0499 | 0534 | 0538 | 0576 | 0623 | 0698 |
| 0704 | 0788 | 0803 | 0900 | 0955 | 0963 | 0974 | 0987 | 1012 | 1145 |
| 1192 | 1195 | 1273 | 1333 | 1407 | 1414 | 1429 | 1441 | 1455 | 1513 |
| 1558 | 1720 | 1732 | 1780 | 1785 | 1941 | 1948 | 1998 | 2014 | 2017 |
| 2054 | 2057 | 2061 | 2130 | 2131 | 2134 | 2202 | 2221 | 2288 | 2335 |
| 2375 | 2402 | 2493 | 2658 | 2823 | 2875 | 2930 | 2970 | 2979 | 2989 |
| 3034 | 3056 | 3201 | 3250 | 3466 | 3530 | 3556 | 3583 | 3586 | 3704 |
| 3955 | 4073 | 4151 | 4155 | 4267 | 4269 | 4290 | 4352 | 4390 | 4395 |
| 4435 | 4445 | 4517 | 4519 | 4520 | 4546 | 4553 | 4595 | 4620 | 4639 |
| 4662 | 4892 | 5009 | 5168 | 5173 | 5338 | 5359 | 5405 | 5431 | 5596 |
| 5675 | 5770 | 5790 | 5849 | 5850 | 5959 | 6031 | 6032 | 6089 | 6102 |
| 6104 | 6107 | 6156 | 6193 | 6270 | 6362 | 6372 | 6427 | 6437 | 6517 |
| 6525 | 6542 | 6551 | 6578 | 6627 | 6665 | 6671 | 7068 | 7138 | 7214 |
| 7283 | 7320 | 7412 | 7455 | 7491 | 7508 | 7566 | 7630 | 7699 | 7711 |
| 7761 | 7837 | 7871 | 7875 | 7934 | 7967 | 7997 | 8028 | 8075 | 8183 |
| 8218 | 8301 | 8320 | 8349 | 8363 | 8406 | 8421 | 8503 | 8505 | 8554 |
| 8618 | 8721 | 8751 | 8771 | 8926 | 8958 | 8979 | 8990 | 9006 | 9089 |
| 9109 | 9125 | 9163 | 9185 | 9234 | 9334 | 9452 | 9549 | 9560 | 9577 |
| 9640 | 9704 | 9716 | 9728 | 9767 | 9800 | 9864 | 9881 | 9910 | 9974 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# डीपीसी लेवल तक अवैध निर्माण की शिकायत आएगी तो निर्माण को सीधा तोड़ा जाएगाः चरणपाल सिंह



**जीरकपुर (संदीप सिंह बाबा)।** शहर में बढ़ रहे अवैध निर्माण कार्यो को रोकने के लिए नगर परिषद के अधिकारी अब सख्ती दिखाने के मूड में है। जिसके चलते नगर परिषद द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं के शहर में होने अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ सीधा एक्शन लिया जाएगा। निर्देश में यह भी कहा गया है के जो भी अवैध निर्माण डीपीसी लेवल तक होगा उसकी शिकायत आएगी तो उसे बिना नोटिस के तोड़ दिया जाएगा। बता दें के शहर में अवैध निर्माण काफी बड़ी संख्या में हो रहे हैं लोगों द्वारा उनकी शिकायत भी की जा रही है। वहीं लोगों की शिकायत पर नगर परिषद द्वारा कई बिल्डिंगों को सील भी किया गया है। बावजूद इसके लोग अवैध निर्माण करने से गुरेज नही कर रहे हैं। निर्देश जारी करते हुए नगर परिषद के एमई चरणपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अब सीधा एक्शन लिया जाएगा। जो भी अवैध निर्माण डीपीसी लेवल तक होगा उसे बिना नोटिस के तोड़ दिया जाएगा। वहीं उन्होंने शहर निवासियों से अपील कि के कोई प्रॉपर्टी खरीदने या बेचते समय पूरी जांच की जाए और कोई भी निर्माण बिना नक्शे के ना किया जाए ताकि शहर में बढ़ रही जाम जैसी समस्या, सीवरेज, पानी तंग गलियों, पार्किंग की समस्या से लोगों को ना झूझना पड़े। क्योंकि नगर परिषद द्वारा जो भी नक्शा पास किया जाता है उसके सारे माप दंड चैक करने के बाद ही नक्शा पास किया जाता है।

# गैंगस्टर ने पुलिस पर की फायरिंग, मौके पर दबोचा, गैंगस्टर व पुलिस मुलाजिम घायल, अस्पताल में दाखिल

खन्ना पुलिस पर पहले भी हुई फायरिंग की वारदात, पुलिस ने नहीं लिया सबक

आरोपी से एक देसी पिस्टल 32 बोर व 30 बोर, एक कारतूस व एक गाड़ी बरामद की

अर्थ प्रकाश/केके



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी डी पवन जीत व अन्य

**खन्ना, 18 जून।** बुधवार की सुबह करीब 4 बजे पुलिस कस्टडी में गैंगस्टर गगनदीप उर्फ रावण ने उस समय पुलिस पर फायरिंग कर दी जब पुलिस गैंगस्टर गगनदीप द्वारा छुपाए गए हथियार को बरामद करवाने के लिए खन्ना के नजदीक के गांव भटिया के पास एक सुनसान जगह पर लेकर गई, गैंगस्टर ने जैसे ही जमीन मैं छुपाया हथियार बाहर निकाला तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी, गनीमत यह रही की गोली एक पेड़ पर लगी, जवाबी कार्रवाई करते हुए एसएचओ तरविंदर कुमार बेदी ने अपना बचाव करते हुए साथ खड़े साथी मुलाजिम की पिस्टल लेकर आरोपी की टांग पर फायर किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे खन्ना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया , इस बात का खुलासा पुलिस जिला खन्ना के एसपी डी पवन जीत ने प्रेस वार्ता में किया, जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि इस गैंगवार के हमने लुधियाना ग्रुप के पांच सदस्य व फतेहगढ़ साहिब इलाके के ग्रुप का एक आरोपी प्रभजोत सिंह सैफी को गिरफ्तार कर लिया था।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम, प्रभजोत सैफी निवासी फतेहगढ़ साहिब, गगनदीप सिंह उर्फ रावण निवासी लुधियाना,अमरेश गैरी निवासी लुधियाना,पवनदीप सिंह व गुरप्रीत सिंह निवासी, मोगा पुलिस की गिरफ्त में है बाकी आरोपियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

जिक्र योग है कि 15 जून की रात को खन्ना के गांव भटीया इलाके में गैंगवार हुई थी जिसमें निखिल नाम का आरोपी घायल हुआ था जिसे पहले खन्ना सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था हालत ज्यादा खराब होने के कारण उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया था, मामला दर्ज कर पुलिस ने छापेमारी के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, उन चारों में से गगनदीप गैरी उर्फ रावण ने पूछताछ के दौरान बताया कि पुलिस को बताया कि गैगवार में इस्तेमाल किया गया हथियार उसने कहां छुपाया, जब पुलिस छुपाए हथियार को बरामद करवाने के लिए बुधवार की सुबह मौके पर गई, जहां आरोपी द्वारा यह वारदात की गई, इस वारदात में हमारा एक एसएचओ तरविंदर कुमार बेदी भी घायल हुआ जिसे खन्ना के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया , इस अवसर पर डीएसपी करमजीत सिंह तूर, एसएचओ तरविंदर कुमार बेदी, व एसएचओ विनोद कुमार भी मौजूद थे।

आपको बता दे कि कुछ दिन पहले भी एक आरोपी दवारा पुलिस पर उसी तरह फायरिंग वारदात को अंजाम दिया गया था, चोरी के आरोपी अरुण कुमार को जब पुलिस खन्ना के दशहरा ग्राउंड में लेकर गई थी जहां उसने हथियार छुपाया हुआ था ,उसने भी इसी तरीके से हथियार जमीन से निकाल कर पुलिस पर फायर किया था, परंतु पुलिस ने उसके बाद भी सबक नहीं लिया।

## डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत बड़ौद गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# अधिकारी अब फाइलों में नहीं गांव में पहुंचकर कर रहे लोगों की समस्याओं का समाधान : डीसी

अर्थ प्रकाश/विनय दीवान



**सफीदों, 18 जून।** गत रात्रि उपमंडल के बड़ौद गांव में पहुंचकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। डीसी के समक्ष ग्रामीणों द्वारा 101 समस्याएं साझा की जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया और शेष समस्याओं को औपचारिकताएं पूरी कर अधिकारियों को निदान के निर्देश दिए गए।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि रात्रि ठहराव सुशासन की दिशा में एक ठोस कदम है। अधिकारी अब फाइलों में नहीं गांव के सामूहिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यही सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत जिला प्रशासन लोगों की शिकायतों/समस्याओं का समाधान उनके घर द्वार पर जाकर भी कर रहा है। कुछ शिकायतों के समाधान नियमानुसार करने में समय लगता है , जिससे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद व्यक्ति पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते है। यही नहीं इन कार्यक्रमों में दी जाने वाली शिकायतों की समीक्षा जिला व अपर स्तर भी की जाती है। इस दौरान गांव के सरपंच राकेश कुमार शर्मा ने गांव से सम्बंधित विभिन्न मांगें डीसी के सामने रखी जिन पर गौर फरमाते हुए डीसी ने शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बिजली, पानी, सड़क, परिवहन सेवा, पीपी आई को दुरूस्त करने जैसी विभिन्न विभागों से संबंधित 101 समस्याएं प्राप्त हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप ने ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन, यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी और ग्रामीणों से कहा कि ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से आह्वान किया कि वह छोटे-मोटे झगड़े को आपसी समझदारी से घर-द्वारा या पंचायत स्तर पर ही निपटाने का प्रयास करें। इसके बाद ही सम्बंधित पुलिस स्टेशन या उच्च अधिकारियों के पास जाकर अपनी सुनवाई करवा सकते हैं।

रात्री ठहराव कार्यक्रम में एडीसी विवेक आर्य,एएसपी सोनाक्षी सिंह, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा,नगराधीश डॉ. आशीष देशवाल, रोडवेजे महाप्रबंधक राहुल जैन, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज,बीडीपीओ नरेश शर्मा व जिला प्रशासन के विभागाध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किया सरकारी स्कूल,आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रात्रि दरबार में समस्याएं सुनने से पहले बड़ौद गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को दी जा रही मिड-डे मिल, पाठन सामग्री, बिजली,पानी, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे स्कूल में जरूरत अनुसार मरम्मत व व्हाइटवॉश करवाएं। इसी प्रकार आंगनवाडी केन्द्र में पहुंचकर सरकार द्वारा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बारीकी से जांच की । इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल व आंगनबाड़ी के अन्दर लाईट,शौचालय, साफ-सफाई इत्यादि की समुचित व्यवस्था रखे ताकि यहां पढ़ने वाले बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इस दौरान उन्होंने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### डिसी ने लोगों द्वारा रखी गई शिकायतों का किया समाधान

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बड़ौद गांव के जिले सिंह ने दरखास्त दी की उनकों राज्य सरकार की योजना अनुसार गांव की पंचायती भूमि सें प्लाट आवंटित हुआ था जिसकी रजिस्ट्री अभी तक प्राप्त नही हुई है। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसी प्रकार हाट गांव से आई महिलाओं द्वारा डीसी के समक्ष शिकायत रखी गई कि गांव की बस्ती के अंदर शराब का ठेका है उसको हटाया जाए। शिकायत पर गौर फरमाते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। सामूहिक रूप से पीएमएवाई के तहत मकान व प्लाटों के लिए आए आवेदनों पर बोलते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो-जो योजनाएं चलाई गई है उसके लिए पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ अवश्य दिया जाएगा। बड़ौद गांव के युवाओं द्वारा रखी गई स्टेडियम की मांग पर डीसी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध करवा करवाने पर स्टेडियम का निर्माण करवा दिया जाएगा। गांव के मोतीराम द्वारा शिकायत में कहा गया कि वह विकलांग है तथा उनका विकलांगता प्रमाण पत्र गुम हो गया है। इसकी सुनवाई करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह उनकी समस्या का समाधान करे। बिजली के समाधान के लिए उन्होंने कहा कि आपके गांव में जगमग योजना के तहत बिजली कनेक्शन लगभग पूरे कर लिए गए है और शीघ्र ही योजना के तहत आपको पूरी बिजली उपलब्ध करवाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने सर्वसम्मति से गांव में सरपंच बनाने व रात्रि ठहराव के लिए किए गए प्रबंधों पर गांव वासियों को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुपम शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने किया योग



**कुरुक्षेत्र (अरविंद मोहन शर्मा)।** अनुपम शिक्षा निकेतन स्कूल, पटेल नगर, कुरुक्षेत्र में हरियाणा सरकार तथा शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार योग अभ्यास करवाया गया। जिसमें विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य ऊर्णिमा गौस्न ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश तथा मार्गदर्शन प्रदान किया और जीवन में योग के लाभ के बारे में बताया। इसी संबंध मे विद्यार्थियों को योग करते समय जो सावधानियां रखनी चाहिए उनसे भी अवगत करवाया गया और प्रेरित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौड़ अध्यापकगंण नीना कामरा, नीलम रानी, अंचल सेन, दिव्यांशी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता हुए योग शिविर में शामिल



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** आज सुबह पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हांसी की ओर से आर्य समाज मंदिर के सभागार में चल रहे योग शिविर में भारतीय जनता पार्टी हाँसी के जिला प्रभारी दीपक शर्मा के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए। इस शिविर में जोगिंदर ग्रोवर (मुख्य शिक्षक), सतीश जांगरा, पंकज शर्मा , फतेह सिंह , अक्षय शर्मा , देवेंद्र मेहता,रमेश नायक, पप्पू चुग , अरुण आर्य , मुकेश नियोल्या ,ईश्वर सिंह सहित काफी संख्या में माताओं बहनों ने योग शिविर का लाभ उठाया।

### गुरनियाज संधू बने एसएसयूआई के प्रदेश महासचिव



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पिहोवा निवासी सतविन्द्र टिम्मी के बेटे गुरनियाज सिंह संधू को एसएसयूआई का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है । उनकी नियुक्ति पर स्थानीय युवा वर्ग ने ख़ुशी ज़ाहिर की है । गुरनियाज सिंह संधू ने कहा कि वे युवाओं की आवाज़ बन उनके मुद्दों को प्रमुखता से उठाएँगे और उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे । आज का युवा बेरोज़गारी की मार रहा है लेकिन सरकार द्वारा कोई ठोस क़दम नहीं उठाए जा रहे हैं । जिसकारण युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर चिंतित है और अपने मार्ग से भटक रहा हैं ।सरकार को युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए । युवाओं को खेलों में आगे आना चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें । उन्होंने अपनी नियुक्ति पर केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया । ग़ौरतलब है कि गुरनियाज सिंह के पिता सतविंदर सिंह संधू ने भी अपनी राजनीति एसएसयूआई से ही शुरू की थी और व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे । इसके अलावा वे कांग्रेस में अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे हैं ।

### कार व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो सगे भाईयों की मौत

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** गांव फरल में मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहे दो सगे भाइयों की सडक़ हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान फरल निवासी 49 वर्षीय अनिल व 40 वर्षीय रमन के रूप में हुई है। ये दोनों भाई अपने खेतों से काम निपटाकर मोटरसाइकिल पर अपने घर फरल लौट रहे थे। इस बीच पूंडरी की तरह से आ रही तेज गति कार उन्हें पीछे से टक्कर दे मार दी। कार की गति इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सवारों को कुचलते हुए कई बार पलटी मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। ग्रामीणों ने पलटी कार से कार चालक को बाहर निकाला। उधर मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। रमन कई फीट दूर सडक़ के साथ गड्ढों में जाकर गिरा और अनिल को कार ने कुचल दिया। अनिल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि रमन को राहगीर कैथल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूंडरी थाना के एसएचओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतकों के शवों के पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### सद्धि से समृद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा बैठक का आयोजन

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** सिद्धि से समृद्धि तक अभियान के अंतर्गत एक विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक विश्व पर्यावरण दिवस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस तथा आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला सह-संयोजक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने की, जबकि संचालन एवं दिशा-निर्देशन पिहोवा के नेता जय भगवान शर्मा 'डीडी' द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफल 11 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा को भी रेखांकित किया गया। बैठक में आपातकाल के उस काले अध्याय को भी याद किया गया, जब देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आघात किया गया था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कटिबद्ध रहने का संकल्प लिया। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को स्मरण करते हुए एक राष्ट्र, एक विधान के सिद्धांत को दोहराया गया।

# शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दी जाने वाली 31 ऑनलाइन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा : गोयल

बोले, आमजन तक सरकारी सेवाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाना है नरेंद्र मोदी व नायब सैनी सरकार का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 जून।** डिजिटल गवर्नेंस भाजपा सरकार का एक अहम मुद्दा है। इसी कड़ी को सशक्त करते हुए हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व व आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए शहरी स्थानीय निकाय द्वारा जिन 31 सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है उन सर्विसेज को और भी प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग को यह सुनिश्चित करना है कि ऑनलाइन सेवाएं हर व्यक्ति के पहुंच में है और इसके प्रबंधन में कोई त्रुटि न आए।

मंत्री विपुल गोयल बुधवार को सिविल सचिवालय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की आईटी एक्टिविटी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी सेवाओं की लगातार मॉनीटरिंग होती रहनी चाहिए। उन्होंने विशेष जोर देकर कहा कि विभाग द्वारा आमजनों द्वारा दर्ज की गई समस्याओं की त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी को सुगमता से सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। समयबद्ध रूप से सभी निर्देशों पर कार्य करने का आह्वान करते हुए मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बैठक में रखे गए बिंदुओं एवं पूरी प्रक्रिया की एक महीने बाद वे स्वयं पुनः समीक्षा करेंगे।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आईडी बनवाने में लोगों को दिक्कत न आए और इसके पोर्टल को और भी अधिक प्रभावी बनाया जाए। मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को साफ़ निर्देश देते हुए कहा कि प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े विषयों की वे स्वयं मॉनिटरिंग करें और साप्ताहिक समीक्षा बैठक भी अवश्य लें। इसके साथ उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स भरने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए और टैक्स न भरने वाले लोगों को भी टैक्स भरने के लिए जागरूक किया जाए।

डिजिटल गवर्नेंस को मजबूती देते हुए विपुल गोयल ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म को और सक्रिय व मजबूत बनाया जाए और लगातार सोशल मीडिया के ज़रिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग से जनसाधारण के नजदीक पहुंचकर उनसे निजी स्तर पर संवाद स्थापित करना आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाया गया प्रभावी मॉडल है एवं हमें इसका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सुगमता से मुहैया हो सकें जिसके लिए शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी समयबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। मंत्री विपुल गोयल ने लगातार कार्यो की भी मॉनीटरिंग करने पर जोर दिया और लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि हरियाणा भाजपा सरकार नॉन स्टॉप काम, टॉप परिणाम की नीति से चलते हुए नित्य नूतन कार्य करने के ओर अग्रसर है और इसी नीति के तहत कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग की बैठक में हरियाणा की जनता की सुविधार्थ कई कदम उठाने और उसकी लगातार समीक्षा करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक श्री पंकज भी साथ में मौजूद रहे।

## बादहशापुर, गुड़गांव, पटौदी में कार्यकर्त्ताओं के बीच पहुंचे कुलदीप बिश्नोई



अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**गुरूग्राम, 18 जून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि दक्षिण हरियाणा से उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री युगपुरूष स्व. चौ. भजन लाल का विशेष लगाव रहा है और उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को क्षेत्रवासी आज भी याद करते हैं। वे आज बादशाहपुर, गुड?ांव, पटौदी हलके में विभिन्न कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें दूर करवाने का आश्वासन दिया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि वे प्रदेश सरकार के समक्ष क्षेत्रवासियों की मांगों को रखेंगे और उन्हें पूरा करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कौने में आज भी हमारे साथी हमारे साथ उसी प्रकार से खड़े हैं जैसे पहले खड़े थे। कार्यकर्त्ता ही मेरी असली ताकत हैं और कार्यकर्त्ता का प्यार ही मेरी पहचान है। इस मौके पर कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि चौ. भजनलाल जिन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में हरियाणा को विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर गए और प्रदेश के हर वर्ग का उत्थान बिना किसी भेदभाव के करवाया। उनके शासनकाल को आज भी प्रदेश की जनता एक उदाहरण के रूप में देखती है और लोगों के दिल में चौ. भजनलाल के प्रति एक खास जगह आज भी है। हमें उन्हीं के पद्‌चिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी देनी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही मेरी असली ताकत हैं और मैं मेरे साथ जुड़े एक भी कार्यकर्ता के संघर्ष को बेकार नहीं जाने दूंगा।

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष व कार्यकारिणी की जीत पर सुरजेवाला निवास पर मनाया जश्न

## युवा शक्ति के बगैर न देश चल सकता, न प्रदेश : सुदीप सुरजेवाला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल चुने गए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्षों को स्वागत करते हुए सुदीप सुरजेवाला।

**कैथल, 18 जून।** हरियाणा युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में कैथल से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कविश मिड्ढा, जिला युवा महासचिव सरदार हरकीरत सिंह, कैथल युवा हल्काध्यक्ष अरुण राणा, कलायत युवा हल्काध्यक्ष प्रवीण कसान, पूंडरी युवा हल्काध्यक्ष जगमाल बरसाना और गुहला युवा हल्काध्यक्ष नपिंद्र पूनिया सहित चारों विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों किसान भवन पहुंचकर सुदीप सुरजेवाला से मुलाकात की। उन्होंने अपनी इस ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला व सुदीप सुरजेवाला का आभार जताया। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदीप सुरजेवाला ने किसान भवन पर पहुंचे जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का स्वागत किया और उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें शुभकामनाएं दी। किसान भवन पर कार्यकर्ताओं ने खुशी के इस अवसर पर लड्डू बांटकर व एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर इस खुशी को जाहिर किया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। युवा शक्ति के बगैर ना ये देश चल सकता है, न ये प्रदेश चल सकता है और न ही समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के 11 साल के शासन में हरियाणा की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। हरियाणा में अपार बेरोजगारी के कारण युवा रोजगार की तलाश में अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर विदेशों में पलायन कर रहे हैं। किसान, मजदूर व गरीब अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। हरियाणा का ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जो भाजपा सरकार के इस तानाशाही कुशासन से प्रताड़ित न हो। अब समय आ चुका है कि भाजपा के इस कुशासन की तानाशाही नीतियों को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत आ चुकी है।

## हरियाणा कंबोज सभा ने वाईस चांसलर मुद्दे पर बुलायी ओबीसी व एससी समाज के लोगों की अहम बैठक

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 18 जून।** हरियाणा कंबोज सभा द्वारा ओबीसी व एससी समाज के लोगों की एक विशेष बैठक का आयोजन कुंदन फार्म मटकमाजरी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा कंबोज सभा के प्रदेशाध्यक्ष सुमेर चंद कंबोज ने की। बैठक में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य हिसार स्थित एचएयू विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर ड़ा. बलदेव राज कांबोज व रजिस्ट्रार डॉक्टर पवन कुमार जोकि पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं के खिलाफ जातिगत रणनीति को अंजाम दिए जाने के मामले में विचार विमर्श का रहा। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि कुलपति द्वारा विद्यार्थियों की सभी मांगों को मान लिया गया था लेकिन बावजूद इसके कुछ राजनीतिक दल के लोगों द्वारा अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के चलते इस मामले को तूल देने का काम किया जा रहा है जोकि उचित नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि कई नेता इन अधिकारियों की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठा रहे है जो ठीक नहीं है। ऐसे नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांककर अपनी योग्यता की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कांबोज सभा पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय के दोनों अधिकारियों के पक्ष में खड़ी है। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में जिला स्तर में बैठकों का आयोजन किया जाएगा और विद्यार्थियों को भड़काने वाले व अनाप -शनाप बोलने वाले नेताओं के पुतले फूंके जायेगें और उनका कड़ा विरोध किया जाएगा। और कुलपति एवं रजिस्ट्रार की छवि खराब करने वाले मौकापरस्त लोगों को जवाब दिया जा सके। इस मौके पर प्रदीप कांबोज ,जय प्रकाश कांबोज, राकेश सांतडी , सुमेर चंद कांबोज मुरादगढ , पवन सैनी , सुरेश बाल्मीकि, काका प्रजापति चौधरी फूल सिंह , सरदार चरणजीत सिंह , नवीन रिंड़ल, तरसेम सिंह ,अमित खेड़ा पूर्व सरपंच रिषी पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गुरुद्वारा सिंह सभा ने लगाया मेडिकल कैंप



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 18 जून।** शुभ कर्मण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा में शुरू की गई लेबोरेटरी का शुभ आरंभ करते हुए समाजसेवी व धार्मिक नेता जोगिंदर सिंह बेदी ने कहा कि मानव सेवा ही भगवान की सेवा है। गरीब का दुख में साथ देना ही एक बहुत बड़ी सेवा है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा सिंह सभा में यह लैबोरेट्री शुरू की गई है। जिसमें अनेक बीमारियों को लेकर रक्त की जांच की जाएगी। यह रक्त जांच कुछ बीमारियों की मुफ्त सेवा होगी तथा कुछ रक्त जांचों के लिए नाम मात्र की खर्च राशि ली जाएगी ।इसके लिए लेबोरेटरी में डॉक्टर और सहायकों की टीम नियुक्त की गई है। इसके अलावा रोगियों की बीमारियों की जांच भी की जाएगी। वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा संघौली में एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें शुभ कर्मन चैरिटेबल सेवा फाऊंडेशन तथा लाइफ केयर फाउंडेशन के सौजन्य से सभी मरीजों का फ्री मेडिकल चेकअप, दवाइयां तथा लैब टेस्ट किए गए । कैम्प में लगभग 60 मरीजो की जांच कीगईतथा 50 के लैब टैस्ट किए गए। इस मौके पर चेयरमैन कुलदीप मुल्तानी रणजोत बाजवा मोहिंदर सिंह प्रीतम मल्ली लखविंद्र सिंह जगदीश सेठी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस अलर्ट

# ब्रह्मसरोवर पर 19 व 20 को सैर व स्नान करने पर रहेगी रोक

एक लाख प्रतिभागियों के बैठने के लिए बनाए 100 सेक्टर

एक लाख लोगों को बांटी जाएगी योगा दिवस की टी-शर्ट व औषधीय पौधा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत करती उपायुक्त नेहा सिंह।

**कुरुक्षेत्र, 18 जून।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए निर्धारित सभी सेक्टरों की पहचान तय की जाए। साथ ही सभी सेक्टरों में योग प्रशिक्षक नियुक्त हो, जो सेक्टर के लोगों को प्रोटोकॉल योग को संपन्न करवाए। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों की सीटिंग के लिए 100 सेक्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर में 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था तय की गई है। कामों को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजन में भाग लेने वाले 1 लाख प्रतिभागियों के बैठने के लिए बनाए गए 100 सेक्टर बनाए गए हैं। सेक्टर वाइज योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाए, खराब मौसम के कारण एलईडी बंद होने की स्थिति में सभी प्रतिभागी प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रोटोकॉल पूर्ण कर सके। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टरों को उचित प्रकार से चिंहित होने चाहिए और प्रतिभागियों को उनके बैठने के लिए निर्धारित किए गए सेक्टरों की सूचना समय से पहले उन तक पहुंच जानी सुनिश्चित की जाए। ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ सेक्टर अनुसार सूचना प्रदर्शित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रतिभागी को अपनी जगह ढूंढने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने वाले 25 हजार प्रतिभागियों को मैट भी वितरित किये गए हैं। जिन्हें पहले आओ पहले पाओ की नीति से वितरित किया जाएगा। पहले 10 हजार लोगों को योगा मैट दिया जाना था, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार लोगों को मैट दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों को योगा दिवस की टी-शर्ट, औषधीय पौधा और रिफ्रेशमेंट वितरित की जाएगी।

**ब्रह्मसरोवर पर 19 व 20 को सैर व स्नान करने पर रहेगी रोक:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर 19 व 20 जून को ब्रह्मसरोवर परिसर पर सैर व स्नान करने पर रोक रहेगी। इस दौरान शहर के नागरिकों व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ब्रह्मसरोवर परिसर में सैर करने व स्नान करने की अनुमति नहीं मिलेगी, क्योंकि ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां बिना किसी रुकावट के पूरी की जाएं।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महर्षि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में 'सोमा किचन' का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 18 जून।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग स्थित महर्षि आयुर्वेद हॉस्पिटल में 'सोमा किचन' का उद्घाटन किया। रेखा गुप्ता का कहना है कि ये पहल न सिर्फ दिल्ली को आयुर्वेद और स्वास्थ्य संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रिवेंटिव हेल्थकेयर' के विजन को भी साकार करती है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐसे प्रयास निश्चित ही मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

महर्षि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर लक्ष्मण श्रीवास्तव ने बताया कि ये किचन पूरी तरह सात्विक भोजन पर आधारित है, जहां न तो प्याज और लहसुन का प्रयोग होता है और न ही मैदा या रिफाइंड ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है।

लक्ष्मण श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल के रेस्टोरेंट्स में अक्सर पुराना और मिलावटी खाना परोसा जाता है, लेकिन 'सोमा किचन' में 'नो मैदा कॉन्सेप्ट' को अपनाते हुए शुद्ध, पौष्टिक और ताजा भोजन तैयार किया जाता है। यह भोजन आयुर्वेद की पारंपरिक पद्धतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

लक्ष्मण श्रीवास्तव ने कहा, 'आयुर्वेद में खाने की जो पद्धति है, उसको ध्यान में रखते हुए सोमा किचन में खाना बनाया जा रहा है, क्योंकि आयुर्वेद हमारी बहुत पुरानी पद्धति है। हमारे दिमाग में जब भी आयुर्वेद का नाम आता है तो हम सिर्फ खिचड़ी के बारे में सोचते हैं, लेकिन इसी चीज को बदलने के लिए हम लोगों के लिए अलग-अलग तरीके का स्वादिष्ट भोजन बना रहे हैं, जो पूरी तरीके से सात्विक है और मिलेट बेस है। सोमा किचन इस सोच को बदलने की दिशा में एक प्रयास है।'

उन्होंने कहा, 'महर्षि आयुर्वेद हॉस्पिटल नॉर्थ इंडिया का पहला ऐसा हॉस्पिटल है, जहां आयुर्वेदिक पंचकर्म पद्धति से ट्रीटमेंट किया जाता है। यहां इलाज के लिए कई देशों के नेता आ चुके हैं। साथ ही कई सेलिब्रिटी भी आयुर्वेदिक इलाज के लिए यहां आते हैं। हॉस्पिटल में मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े संपूर्ण उपचार मिलते हैं, जो पूरी तरह आयुर्वेदिक पद्धतियों पर आधारित हैं।'

डायरेक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि अगर हम अपनी दिनचर्या में छोटी-छोटी आदतें, जैसे कि सुबह गर्म पानी पीना शामिल करें, तो हम पाचन तंत्र को बेहतर बना सकते हैं और कई बीमारियों से बच सकते हैं। हॉस्पिटल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा।

# भागलपुर के डीएम नवल किशोर पर गिरेगी गाज नीतीश सरकार के सामने इंजीनियरों ने रखी डिमांड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना।** भागलपुर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी को हटाने एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग इंडेफ (पूर्वी प्रक्षेत्र) के सेक्रेटरी जनरल अंजनी कुमार ने की है। कहा है कि भागलपुर के जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालक अभियंता के साथ अमर्यादित व्यवहार, मारपीट की धमकी देने तथा हिरासत में लिए जाने की घटना ने साबित कर दिया है कि प्रशासन बेखैफ और बेलगाम हो गई है।

बिहार अभियंत्रण सेवा संघ ने भी भागलपुर की घटना का विरोध किया गया है तथा जिलाधिकारी भागलपुर के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई के लिए सरकार से अनुरोध किया गया है।

अभियंताओं ने आरोप लगाया है कि राज्य में तकनीकी कार्य में प्रशासनिक हस्तक्षेप की वजह से विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। जिस राज्य में मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री खुद अभियंता हों, उस राज्य में अभियंता को प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होना पड़े यह काफी चिंतनीय है।

आरोप लगाया है कि भागलपुर की घटना के संबंध में ऐसा प्रतीत होता है कि जिलाधिकारी एवं विभागीय उच्च प्रशासनिक पदाधिकारीयों की मिलीभगत से एनएच 133ई के लिए भू-अर्जन से संबंधित मामले में वितीय अनियमिता एवं अराजकता पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

बिहार सरकार से संघ मांग करती है कि भागलपुर मामले की गहन जांच कराई जाए तथा संलिप्त भागलपुर के जिलाधिकारी एवं मामले में उदासीनता एवं लापरवाही वरतने वाले उच्च पदस्थ प्रशासनिक पदाधिकारियों का अविलम्ब स्थानांतरित करते हुए उचित कार्रवाई की जाए।

बिहार सरकार से संघ मांग करती है कि भागलपुर मामले की गहन जांच कराई जाए तथा संलिप्त भागलपुर के जिलाधिकारी एवं मामले में उदासीनता एवं लापरवाही वरतने वाले उच्च पदस्थ प्रशासनिक पदाधिकारियों का अविलम्ब स्थानांतरित करते हुए उचित कार्रवाई की जाए।

इंडेफ की हमेशा से मांग रही हैं कि तकनीकी विभाग का संचालन पूर्णतः तकनीकी हाथों में ही होना चाहिए। इसी क्रम में देश एवं हरेक राज्य स्तर पर तकनीकी आयोग के गठन की भी मांग उठाई जाती रही है।

# भारत 2026 महिला टी20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ग्रुप में

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 18 जून।** भारत को 2026 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दो अज्ञात क्वालीफाइंग टीमों के साथ रखा गया है, जो 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा।

24 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट के दसवें संस्करण की शुरुआत 12 जून को एजबस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। एजबस्टन के अलावा हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स अन्य टूर्नामेंट स्थल हैं। एजबस्टन में ही भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का पहला मैच खेलेगा, उसके बाद 17 जून को हेडिंग्ले में क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा।

भारत 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर 25 जून को उसी स्थान पर एक अन्य क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत का ग्रुप चरण 28 जून को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर कई बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़े मुकाबले के साथ समाप्त होगा।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने एक बयान में कहा, विश्व कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पहले से ही अलग लग रहा है - इसमें वास्तव में खेल को बदलने की क्षमता है। यह हमारे खेल के लिए एक बड़ा क्षण होने जा रहा है और युवाओं को प्रेरित करने और देश भर के प्रशंसकों को लुभाने का एक शानदार अवसर है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ, सबसे बड़े पुरस्कार के लिए घरेलू धरती पर खेलना, इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

यह अब तक खेले गए सबसे बड़े आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का भी प्रतीक होगा, जिसमें 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो वर्तमान में न्यूजीलैंड के पास है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के अलावा, ग्रुप 2 में श्रीलंका, वेस्टइंडीज और अन्य दो टीमें शामिल हैं, जो अगले साल होने वाले वैश्विक क्वालीफायर से आएंगी।

प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 30 जून और 2 जुलाई को ओवल में होगा, जबकि 5 जुलाई को लॉर्ड्स में ग्रैंड टाइटल मुकाबला होगा। आईसीसी ने कहा कि लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल के लिए प्राथमिकता वाली टिकटें 24 घंटे में बिक गई, जबकि सभी मैचों के टिकट अब पहले से पंजीकृत प्रशंसकों के लिए बिक्री पर हैं।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप हमें खेल उत्कृष्टता के एक महीने को एक ऐसे आंदोलन में बदलने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है जो महिला क्रिकेट के बारे में कहानी को फिर से लिखेगा।

टूर्नामेंट निदेशक बेथ बैरेट-वाइल्ड ने कहा, देश भर के प्रतिष्ठित स्थलों पर, हम अविश्वसनीय, विश्व स्तरीय एथलीटों को सैकड़ों हजारों प्रशंसकों के सामने प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जो हर गेंद और रन के साथ स्थायी बदलाव में योगदान देंगे। यह महिला क्रिकेट और महिला खेल को वह मंच देने का हमारा अवसर है, जिसका वह हकदार है।

## मोदी सरकार के 11 साल जनहित में बेमिसाल : अशोक गुर्जर

**कैथल (अप्रस)।** ढांड मंडल में राधा कृष्ण धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की यात्रा को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि इन 11 वर्षों में मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, निर्णायक और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इन 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी मजबूती से साकार किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार ने ही दिया। गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर करके फ्री इलाज की व्यवस्था भी मोदी सरकार ने की है।

# आंध्र प्रदेश राज्य की जनता भयंकर दमन की चपेट में : वाईएस जगन पू मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/बोस्सा रेड्डी



**रेन्टापल्ला (पलनाडु)।** पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने राज्य में प्रजातांत्रिक सिद्धांतों की हत्या जल जंगल जमीन कहीं का नहीं रहा इस महीने में तीन मंदिरों को तोड़कर जमीन को हड़प लिया गया हड़पने वाले तेलुगू देशम के हीमुख्यमंत्री बाप बेटे के करीबी लोग पार्टी के कार्यकर्ताएं हैं प्रजातांत्रिक देश मेंगठबंधन पार्टियों को छोड़कर दूसरे पार्टियों के साथ संबंध बनाना भी अराजकता हत्याओं का निशान बन रहे हैं क्या यह हम भारत में हैं भारत की प्रजातांत्रिक देश में है किसी औरपरलोक में है देश की राजधानी से लेकर ग्रामीण स्तर तक हमने इस चीज का आवाज उठाया और इसका प्रभाव बिल्कुल नहीं दिखा कि प्रशासन को सुधारे और मुख्यमंत्री से लेकर उनके चेले चपेट को समझाएं यह केंद्र नहीं समझ रहा है आखिर चाहता क्या है हत्याओं की राजनीति को अगर आप प्रेरित करते हैं तो फिर चुप क्यों बैठे हैं आखिर इसका परिणाम क्या होगा राज्य का अगर आप विकास चाहते हैं तो इन ताकतों कोइस आगे नहीं हत्याएं तोड़फोड़ को करने वालों को अगर आप नहीं रोकेंगे तो हम समझेंगे कि आप भी इसमें सम्मिलित हैकिसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो भारतीय परंपरा में यह बताया जाता है अगर वह परिचित का है मित्र है या रिश्तेदार है उसका घर जाकर उसे चर्चा करके उसकी सांत्वना देना उसके दुख में सुख बांटना बताता है और जाने के लिए रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को किसने अधिकार दिया क्या हम किसी विदेश जा रहे हैं देश के अंदर की स्थिति घर के अंदर की स्थिति रिश्तेदारों के अंदर की स्थिति को सांत्वना देना भी गलत हैइस तरह के आदेश पुलिस और शासन देकर इस देश में एक नया आयाम जोड़ रहा है वह गधा भी ठीक नहीं है इस पर राष्ट्रपति और मानवाधिकार आयोग भी हस्तक्षेप करना जरूरीहै किसी विशिष्ट व्यक्ति सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति अगर कहीं आता जाता है तो उसकी स प्लस सुरक्षा प्राप्त होने के बाद भी राज्य की पुलिस व्यवस्था इतनी नीची गिरी हुई है कि किसी राज्य में नहीं होगा जो यहां की स्थिति है राज्य में स्थित व्यवस्था की व्याप्त भयावह स्थिति की कड़ी आलोचना की है।

चंद्रबाबू नायडू और उनकी सरकार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है और उन्हें झूठे मामलों और कारावास से डराने की कोशिश कर रही है। न्यायपालिका मेंगलत मामला दर्ज करने के और विधि विधान के अलगकिसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की चेतावनी देने के बाद भीउसे कोर्ट सेछुटकारा मिलने के बाद पुनः उसे दूसरे तीसरे दिन ही फिर गिरफ्तार करने की घटनाएं सैकड़ो हो रहे हैं।


केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

शाखा कार्यालय – एसएमई औद्योगिक क्षेत्र, चंडीगढ़

अनुलग्नक-VI

**नीलामी बिक्री सूचना**

नीचे उल्लेखित व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देयता का भुगतान करने में विफल रहे हैं। इसलिए पंजीकृत डाक द्वारा उन्हें भेजे गए नोटिस बैंक को बिना वितरित किए वापस कर दिए गए हैं। उनसे अनुरोध है कि वे देय और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और 28.06.2025 को या उससे पहले गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को भुनाएं, ऐसा न करने पर उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा 30.06.2025 को सुबह 11:00 बजे बैंक के परिसर में उधारकर्ता की लागत पर सार्वजनिक नीलामी में या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बिना किसी और सूचना के बैंक के पूर्ण विवेक पर बेचा जाएगा।

| ऋण की तिथि | ऋण संख्या | ऋणी का नाम और पता | देयता |
|---|---|---|---|
| 14.06.2023 | 180189738789 | एम कुमारन पुत्र श्री मुरुगन, मकान नंबर 2033, फेज-2, रामदरबार, चंडीगढ़-160002 | रुपये 3,09,816/- ब्याज सहित 17.06.2025 |

नोट:- बकाया राशि में गोल्ड लोन के साथ-साथ किसी अन्य ऋण/क्रेडिट सुविधा के तहत पार्टी की सभी देनदारियाँ शामिल होनी चाहिए।

**दिनांक:18.06.2025** **शाखा प्रबंधक**


# प्रदेशभर के दौरे पर निकले दिग्विजय चौटाला, कैथल से 'युवा जोड़ो अभियान' की जोरदार शुरुआत

## अनेक युवाओं ने ज्वांइन की जेजेपी, दिग्विजय ने किया स्वागत, धरने पर बैठे छात्रो को दिया समर्थन और सहयोग राशि

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 जून।** युवाओं को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला प्रदेशभर के दौरे पर निकले। इसकी शुरुआत बुधवार कैथल जिले से की गई। जिसमे सबसे पहले हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी शाखा कौल में धरने पर बैठे छात्रो को अपना समर्थन दिया और अपने निजी कोष से 21 हजार की राशि देने की घोषणा की। दिग्विजय चौटाला ने युवा जोड़ो प्रोग्राम के तहत कैथल जिले के चारो हलकों का दौरा किया जिसमें युवाओ ने बहुत ही जोश के साथ नेता का स्वागत किया। इसके बाद कैथल में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा ही किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं अगर युवा किसी भी पार्टी के साथ जुड़ता है तो वो पार्टी पीछे मुड़ कर नहीं देखती। उन्होंने भाजपा सरकार के ऊपर बोलते हुए उसे नकारा बताया। उन्होंने बताया कि सरकार के ऊपर अफसरशाही हैवी है सरकार का प्रशासन के ऊपर कोई लगाम नहीं है। उन्होंने सरकार से सी.ई.टी. की डेट बढ़ाने की मांग की। इस अवसर पर पार्टी प्रधान महासचिव प्रो. रणधीर सिंह चीका, जिला अध्यक्ष अवतार चीका, पूर्व विधायक मक्खन सिंह, धूप सिंह माजरा, राजू पाई, रोशन ढांडा, चन्द्रभान दयोरा, दर्पण मित्तल, संदीप गढ़ी, बीरबल दलाल, सेवा बालू, बलवान कोटड़ा, मा. प्रेम ग्योंग, मनप्रीत राजौंद, रेणू रोहेड़ा, सूबे सिंह कुराड़, सोनू कोटड़ा आदि मौजूद रहे।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, नवादा**

(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) दिनांक **04.07.2025** एवं **05.07.2025** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। वाहनों की नीलामी से प्राप्त राशि का 3% (तीन प्रतिशत) राशि सेवा शुल्क के रुप निविदाक्रेता से अतिरिक्त वसूलनीय होगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :-

| क्र. सं. | अधिहरण वाद संख्या/न्यायालय | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या | निबंधन का वर्ष | इंजन संख्या | चेचिस संख्या | मूल्यांकित राशि | मूल्यांकित राशि | वाहन की अवस्थिति | वाहन मालिक का विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 09/(EX)2024/PGRDN | सीतामढ़ी | 80/24 | MARUTI SUZUKI ALTO CAR | PB11Y/3265 | 6/2/2004 | 4044339 | 356062 (MA3EYD81S00356062) | Scrap 20000/- | 5000/- | सीतामढ़ी | वरीन्दर कौर, पिता-अमरजीत सिंह, सा०-हाउस न0-1016, सिओना रोड, रंजीत नगर, थाना-पटियाला, पंजाब, पिनकोड-147001 |

1.विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR-006321 (Excise) 2025-26 विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

**समाहरणालय, नवादा**

(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) दिनांक **04.07.2025** एवं **05.07.2025** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। वाहनों की नीलामी से प्राप्त राशि का 3% (तीन प्रतिशत) राशि सेवा शुल्क के रुप निविदाक्रेता से अतिरिक्त वसूलनीय होगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :-

| क्र. सं. | अधिहरण वाद संख्या/न्यायालय | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या | निबंधन का वर्ष | इंजन संख्या | चेचिस संख्या | मूल्यांकित राशि | अग्रधन राशि | वाहन की अवस्थिति | वाहन मालिक का विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 59/2024-2025/DCLRN | उत्पाद नवादा | 652/24 | ASHOK LEYLAND DOST PICKUP | BR06GC/9610 (HR46E2136) | 9/6/2018 | N/A | MBIAA22EJRC12664 (MB1AA22E3JRC12664) | 1,55,000/- | 38800/- | शराब डिपो, नवादा | विवरण उपलब्ध नहीं है। |

1.विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR-006318 (Excise) 2025-26 विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

**समाहरणालय, भागलपुर**

न्यायालय, वरीय उप समाहर्ता,
जिला राजस्व शाखा, भागलपुर

**प्रेस विज्ञप्ति सं0-114**

चूँ बजरिये इस कोर्ट नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम, 2022 की धारा (ख) के अन्तर्गत अवैध रुप से देशी/विदेशी शराब का परिवहन व भंडारण करने के आरोप में निम्नांकित वाहन भिन्न- भिन्न उत्पाद अभियोग में जप्त कर अधिहरण प्रस्ताव अधीक्षक मद्यनिषेध, भागलपुर के माध्यम से प्राप्त होने के फलस्वरुप विविध उत्पाद अधिहरण वाद प्रारंभ किया गया। उक्त वादों में वाहन मालिक को नोटिस निर्गत किये जाने के बावजूद उनके द्वारा जप्त वाहन के लिए कोई दावेदारी प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। उक्त जप्त वाहन अधिहरण योग्य है।

इसी क्रम में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 एवं संशोधित नियमावली 2023 का नियम 12 (क) के आलोक में भास्ति वाहन सबारी के नवीनतम बीमाकृत मुल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पाँच) लाख रुपये से अधिक नहीं होगा। अधिहरण योग्य जप्त वाहन का विवरण निम्नांकित है:-

| क्र0 सं0 | विविध (उत्पाद) अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या (चेचिस व इंजन नंबर सहित) | वाहन स्वामी का पूरा नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 89/2023 | उत्पाद थाना | 1127/2023 | HONDA CB SHINE SP DLX | PB-10FY-5641 (Chechis No.-ME4JC731JG8063217, Engine No.-JC73E80126556 | रोहित कुमार, पिता- सरजुन दास, साकिन-H.No.-1604, Kehar, Haibowal Kalan, Ludhiana, Punjab |

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उक्त जप्त वाहन में किन्ही व्यक्ति /संस्था का हित निहित हो तो नव संशोधित नियमावली 2023 के आलोक में जप्त वाहन के स्वामी नोटिस गजट प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपना जप्त वाहन का शास्ति (जुर्माना) राशि प्रपत्र-IV वरीय उप समाहर्ता न्यायालय, जिला राजस्व शाखा, भागलपुर में दाखिल करेंगें। अन्यथा अनुपस्थित होने की स्थिति में समझा जाएगा कि उक्त जप्त वाहन से आपको कोई सरोकार न ही है। तत्पश्चात् उक्त जप्त वाहन को अधिहरण/नीलाम कर लिया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद समझे।

इसे आज **दिनांक 17.05.2025** को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

वरीय उप समाहर्ता,
जिला राजस्व शाखा, भागलपुर

PR-006271 ( Excise ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त "रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक" से सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायबरेली, 18 जून।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, रमेश चन्द्र को राजभाषा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान को देखते हुए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

दिनांक 17.06.2025 को सम्पन्न रेलवे बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक में रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, रमेश चन्द्र को सम्मान प्राप्ति पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

▲ अधिकतम 34 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.20 बजे
सूर्यास्त 7.28 बजे

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | : | 101,060.00 |
| सेंसेक्स | : | 81,444.66 |
| अमेरिका | : | 86.45 |
| कैनेडियन | : | 63.28 |
| आस्ट्रेलिन | : | 56.14 |

## न्यूज ब्रीफ

### यूके का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 17 पुलिस ने यूके का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले कंपनी के ऑनर और कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला गुरदासपुर के रहने वाले गुरजीत सिंह और अन्य ने पुलिस को बताया कि उनका कुछ समय पहले सेक्टर 22 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के आरोपी ऑनर और कर्मियों से हुआ था। उन्होंने सभी पीड़ितो को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उन्हें यूके का वर्क वीजा दिलवा देंगे।सभी पीड़ित उनके झांसे में आ गए। और उन्होंने कम्पनी के आरोपी ऑनर और कर्मियों को कुल मिलाकर 50 लाख 70 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उनका विदेश का वर्क वीजा दिलवाया और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत थाना 17 पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी गुरविंदर, अनमोल, रंजीत, नवीन और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना आईटी पार्क पुलिस ने यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते एरिया में पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने मामले को लेकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना आईटी पार्क की प्रभारी इंस्पेक्टर ऊषा रानी की टीम मंगलवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस किशनगढ़ चौक के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि मनी माजरा का रहने वाला सदन पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई की।बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। दूसरे मामले में थाना पुलिस की टीम मंगलवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस किशनगढ़ स्थित वाइन शॉप के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी किशनगढ़ निवासी राहुल के खिलाफ कारवाई कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जबकि तीसरे मामले में थाना पुलिस की टीम मंगलवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने देखा कि वाइन शॉप किशनगढ़ के पास आरोपी रैदास पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर आरोपियों ने महिला के हाथ से मोबाइल फोन छीना, केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 49 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर आरोपी महिला के हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। थाना 49 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला गांव कजहेड़ी सैक्टर 52 निवासी ने पुलिस को बताया कि वह 10 जून को अपने काम सैक्टर 51 जा रही थी। जैसे ही सैक्टर 51स्थित पुलिस सोसाइटी के पास पहुंची तो इसी। दौरान मोटर साइकिल पर दो शातिर पीछे से आए। पीड़िता के हाथ से मोबाइल फोन झपट कर फरार हो गए। पीड़िता महिला गिर भी गई थी। जिसके चलते हड़कंप मच गया था। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए थे। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इससे कुछ दिन पहले थाना 49 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत बाइक सवार दो शातिर एक पीड़िता महिला के गले में पहनी गोल्ड चैन छीन कर फरार हो गए थे। उस वक्त पीड़िता अपने पति के साथ सुबह सैर करने जा रही थी। अभी तक मामला नहीं सुलझा।

---

डीसी निशांत कुमार यादव की अगुवाई में हुई महत्वपूर्ण बैठक

# आज गिराई जाएगी फर्नीचर मार्केट के पीछे बसी आदर्श कालोनी

- आदर्श कालोनी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने से पहले तैयारियों का जायजा
- 12 एकड़ सरकारी भूमि को पुनः हासिल करना डिमोलीशन ड्राइव का मकसद

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



आदर्श कालोनी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने से पहले तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी निशांत कुमार यादव

**चंडीगढ़, 18 जून।** चंडीगढ़ के सेक्टर 53-54 में स्थित आदर्श कॉलोनी में कल वीरवार को होने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य वर्तमान में अनाधिकृत कब्जे में पड़ी लगभग 12 एकड़ सरकारी भूमि को पुनः प्राप्त करना है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), यूटी चंडीगढ़, नगर निगम चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, उपायुक्त ने सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित किए बिना तोडफ़ोड़ अभियान के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आपसी कोर्डीनेशन, वैध और कुशल दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। एसएसपी, यूटी चंडीगढ़ ने कानून और व्यवस्था प्रबंधन के लिए पूर्ण पुलिस तैनाती का आश्वासन दिया, साथ ही साइट पर पर्याप्त बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की। बताया गया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 1000 पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

इंजीनियरिंग विभाग ने पहले ही जेसीबी, डंपर और अन्य विध्वंस उपकरण सहित आवश्यक मशीनरी और जनशक्ति जुटा ली है। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान, यदि आवश्यक हो, तो आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ छह एम्बुलेंस साइट पर तैनात की जाएंगी। इसके अलावा, साइट पर स्वच्छता प्रबंधन और गतिविधि के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य आकस्मिकता को दूर करने के लिए टीमें तैनात की जाएंगी।

### सभी विभागों को कोआर्डिनेशन बनाने के आदेश

सभी विभागों को निर्बाध अंतर-विभागीय समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा कि आवश्यक सेवाएं अप्रभावित रहें और पूरे ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए। डिप्टी कमिश्नर ने कानून के शासन को बनाए रखने, पारदर्शी शासन सुनिश्चित करने और सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। यह ध्वस्तीकरण अभियान चंडीगढ़ प्रशासन की अतिक्रमण हटाने, नियोजित शहरी विकास को लागू करने और मूल्यवान सार्वजनिक भूमि को पुनः प्राप्त करने की बड़ी पहल का हिस्सा है। अभियान में हासिल होने वाली 12 एकड़ भूमि का उपयोग चंडीगढ़ मास्टर प्लान के अनुरूप सार्वजनिक उपयोगिता बुनियादी ढांचे के लिए करने का प्रस्ताव है।

---

# बलटाना क्षेत्र में एक दुकान से चंडीगढ़ में बिकने वाली शराब की बरामद

## व्यक्ति के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस किया दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 18 जून।** एक्साइज विभाग ने पुलिस की मदद से एक सुचना के आधार पर बलटाना क्षेत्र में एक दुकान से चंडीगढ़ में बिकने वाली शराब की 17 बोतले व 24 पवए बरामद किए है। पुलिस द्वारा पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ एक्साइज एक्ट 61-1-14 के तहत केस दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रुपेश सेठी निवासी मकान नंबर 700 सैक्टर 7 पंचकुला के रूप में हुई है। जो बलटाना के गोल्डन एस्टेट में सेठी बिस्तर भंडार के नाम से दुकान चलाता था और चंडीगढ़ से लाकर दुकान पर ही महंगे भाव में शराब बेचता था।

मामले के सबंध में जानकारी देते हुए गुरप्रीत सिंह एक्साइज इंस्पेक्टर सर्कल जीरकपुर ने बताया कि उन्हें सुचना मिली के बलटाना एरिया में कोई व्यक्ति अपनी दुकान पर चंडीगढ़ की शराब बेचता है। जिसकी दुकान पर अभी छापेमारी की जाए तो शराब पकड़ी जा सकती है। उन्होंने पुलिस की मदद से सेठी बिस्तर भंडार पर छापेमारी की तो दुकान के काउंटर के नीचे से 17 बोतल शराब रॉयल स्टेग और 24 पवए शराब मेकडवल बरामद हुई। इस शराब के सबंध में उक्त व्यक्ति रुपेश सेठी कोई लाइसेंस व परमिट नही दिखा पाया। जिसके आधार पर पुलिस ने रुपेश सेठी के खिलाफ चंडीगढ़ में बिकने वाली शराब गैर कानूनी तरीके से बलटाना एरिया में महंगे भाव बेचने के आरोप में केस दर्ज कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

# पंजाब यूनिवर्सिटी के एसएसबीयूआईसीईटी में 95.5 फीसदी छात्रों को मिली नौकरी



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 जून।** डॉ. शांति स्वरूप भटनागर यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसएसबीयूआईसीईटी), पंजाब यूनिवर्सिटी के बी.ई. केमिकल इंजीनियरिंग प्रोग्राम के छात्रों ने 2024-25 में 95.5 फीसदी प्लेसमेंट हासिल किया है। 72 योग्य छात्रों में से 69 ने नौकरी हासिल की है, जिनमें से 64 ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में और 5 ने आईआईटी बीएचयू, आईआईएम अमृतसर, टोक्यो विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज ऑफ विस्कॉन्सिन, यूएसए जैसे शीर्ष संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। सर्वाधिक पैकेज 19.25 लाख रुपये प्रति वर्ष का रहा। शीर्ष 10 फीसदी छात्रों का औसत पैकेज 12.35 लाख रुपये प्रति वर्ष का रहा। स्टूडेंट्स का प्रोसेस डिजाइन, रिफाइनरी ऑपरेशंस, रिन्यूएबल एनर्जी और फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ। शीर्ष नियुक्तकर्ताओं में हनीवेल, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, जुबिलेंट इनग्रेविया, यूपीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आरती इंडस्ट्रीज, ओरियाना पावर और ग्रेबी शामिल हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर रेणु विग ने कहा कि प्लेसमेंट किसी भी प्रोग्राम की शैक्षणिक ताकत और उद्योग की प्रासंगिकता का असली परीक्षण है। विभाग के छात्रों ने एक बार फिर अपनी योग्यता साबित की है और शीर्ष कंपनियों और संस्थानों में पद हासिल किए हैं। एसएसबीयू आईसीईटी की प्रोफेसर अनुपमा शर्मा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद मजबूत प्रदर्शन संकाय, पूर्व छात्रों और छात्रों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सेंट्रल प्लेसमेंट सेल को संयुक्त कैंपस पहलों के माध्यम से समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुरिंदर सिंह ने कहा कि अनेक नियुक्तकर्ता अभी भी लाइन में हैं, और हमें उम्मीद है कि जून 2025 में शैक्षणिक चक्र के अंत तक 100 फीसदी प्लेसमेंट हासिल करेंगे।

---

# प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सचिवालय व डीसी ऑफिस का किया औचक दौरा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



प्रशासक गुलाब चंद कटारिया बुधवार को सेक्टर 9 स्थित सचिवालय व सेक्टर 17 के डीसी कार्यालय में औचक निरीक्षण करते हुए।

**चंडीगढ़, 18 जून।** नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को निर्धारित जन शिकायत समय के दौरान यूटी सचिवालय और डिप्टी कमिश्नर कार्यालय का औचक दौरा किया। यह दौरा प्रशासक के पहले के निर्देश के अनुसार, हर बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दोपहर 1.00 बजे तक मनाए जाने वाले साप्ताहिक जन संपर्क विंडो के दौरान हुआ। इस पहल के तहत सभी अधिकारियों को इस समय के दौरान अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर जन शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इन घंटों के दौरान आंतरिक बैठकें करने से बचें, जब तक कि असाधारण परिस्थितियाँ न हों, ताकि जनता के साथ पूरा ध्यान केंद्रित किया जा सके। श्री कटारिया ने सचिवालय और डीसी कार्यालय के भीतर कई विभागों का दौरा किया और अधिकारियों और जनता दोनों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों की उपलब्धता, प्राप्त होने वाली शिकायतों की प्रकृति और निवारण की तत्परता के बारे में जानकारी ली। उपस्थित नागरिकों से प्रशासक ने सीधे सीधे बातचीत भी की और उनकी समस्याओं को जाना। लोगों में प्रशासक से बातचीत के दौरान उत्साह रहा और उन्होंने कहा कि शायद पहली मर्तबा है कि किसी प्रशासक ने सीधे उनकी समस्याएं मौके पर पहुंच कर जानी और उनकी परेशानी को सांझा किया। दौरे के दौरान, प्रशासक ने नागरिकों के साथ व्यवहार में पारदर्शिता, पहुंच और सहानुभूति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

श्री कटारिया ने अधिकांश विभागों में अधिकारियों की उपस्थिति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी कि इस प्रणाली का पालन करने में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहल की भावना को बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी की जाएगी।

ऐसा माना जा रहा है कि इस तरह के औचक निरीक्षण प्रशासक की ओर से आगे भी जारी रहेंगे जिनसे नागरिकों और शासन के बीच विश्वास के पुल को मजबूत किया जा सके और सार्वजनिक सेवाओं की समय पर और प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता दिखाई दे।

---

# दमकल विभाग को जल्द मिलने जा रही फायर स्टेशन की अपनी बिल्डिंग, करीब एक करोड़ 65 लाख की आएगी लागत

- जल्द मिलेगी दमकल विभाग को 15 करोड़ कीमत वाली टर्नटेबल लैडर की सौगात

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 18 जून।** जीरकपुर के दमकल विभाग को जल्द ही फायर स्टेशन की अपनी बिल्डिंग मिलने जा रही है। बता दें कि पहले विभाग के पास फायर स्टेशन के लिए अपनी कोई बिल्डिंग ना होने के कारण आग बुझाने वाली गाड़ियां नगर परिषद दफ्तर में खड़ी होती थी लेकिन नगर परिषद वाली रोड पर ट्रैफिक ज्यादा रहने के कारण इनको चंडीगढ़ सिटी सेंटर, वीआइपी रोड पर खड़ा करना शुरू कर दिया गया। अब जीरकपुर के पटियाला रोड पर दमकल विभाग को अपना फायर स्टेशन मिलने जा रहा है। यह फायर स्टेशन पटियाला रोड पर स्थित ग्रीन लोटस सोसाइटी के बिल्कुल साथ वाली करीब एक एकड़ से अधिक जमीन पर बनाया जा रहा है। दमकल विभाग के उच्च अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यह फायर स्टेशन करीब एक करोड़ 65 लाख की लागत से तैयार किया जा रहा है और इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस नई जगह पर फायर स्टेशन बनाने से दमकल विभाग के कर्मियों को किसी भी जगह पर पहुंचना बहुत आसान होगा क्योंकि यहां से चंडीगढ़ रोड, अंबाला रोड, पटियाला रोड पर कहीं भी आपात स्थिति में समय पर पहुंचा जा सकता है, क्योंकि यह जगह बिल्कुल हाईवे के ऊपर स्थित है।

### टर्नटेबल लैडर की खासियतें

यह विभिन्न ऊंचाइयों पर बचाव और अग्निशमन कार्यों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। इसमें कई तरह की सुविधाएं होती हैं, जैसे कि सीढ़ी आंदोलन रिकॉर्डर, स्वचालित ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज सीढ़ी आंदोलन, रंग स्पर्श प्रदर्शन, और रिमोट वॉटर वॉल्यूम मॉनिटर। टर्नटेबल लैडर में दोलन अवमंदन प्रणाली होती है, जिससे कंपन कम हो जाता है। टर्नटेबल लैडर में बचाव लिफ़्ट भी होती है, जिससे ज़मीन से ऊपर कर्मचारियों को ले जाया जा सकता है।

### दमकल विभाग के पास जल्द ही आ जाएगी टर्नटेबल लैडर

जीरकपुर का दमकल विभाग जल्द ही हाईटेक होने जा रहा है। उच्च अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जीरकपुर के दमकल विभाग को जल्द ही एक टर्नटेबल लैडर मिलने जा रही है जिसकी कीमत 15 करोड रुपए के करीब है। जिक्र योग्य है कि पंजाब में यह चौथी मशीन है। यह टर्नटेबल लैडर पंजाब में सिर्फ तीन शहरों जिन में अमृतसर, लुधियाना तथा मोहाली है के दमकल विभाग के पास ही है। इस टर्न टेबल लैडर के संबंध में जीरकपुर से प्रस्ताव पास होकर हेड ऑफिस को भेजा जा चुका है और हेड ऑफिस द्वारा इसकी खरीद संबंधी खरीद कमेटी का गठन करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह सीढ़ी हाई राइज इमारत में आग बुझने तथा ऊंची इमारत में फंसे हुए लोगों को निकालने के काम आती है। जानकारी के अनुसार यह सीढ़ी 54 मीटर ऊंचाई तक आग बुझाने तथा बचाव कार्य करने के लिए काम आती है।

हमारे पास दो फायर टेंडर और एक क्विक रिस्पांस व्हीकल है। हमारा अपना फायर स्टेशन मिल जाने के बाद हमें और भी विभिन्न प्रकार के फायर टेंडर पंजाब सरकार द्वारा मुहैया करवाए जाएंगे टर्न टेबल लैडर हमारे लिए एक वरदान साबित होगी। क्योंकि जीरकपुर शहर में बहुत सी हाई राइज इमारतें हैं जहां पर आपात स्थिति में टर्न टेबल लैडर से ही बचाव कार्य किया जा सकता है।

**अमरिंदर पाल सिंह संधू, वरिष्ठ अधिकारी, दमकल विभाग जीरकपुर।**

---

# भारतीय योग संस्थान 21 जून को चंडीगढ़ में तीन स्थानों पर करवाएगा योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



योगम् शरणम् गच्छामि

**चंडीगढ़, 18 जून।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को भारतीय योग संस्थान चंडीगढ़ में तीन स्थानों पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास करवाया जाएगा। जिनमें फ्रैगरेंस गार्डन सेक्टर 36 चण्डीगढ़, नगर निगम पार्क (नजदीक गौडिया मठ मंदिर) सेक्टर 20, चंडीगढ़ और नगर निगम पार्क, (नजदीक रियान इंटरनेशनल स्कूल) सेक्टर 49, चंडीगढ़ शामिल हैं।

उक्त तीनों स्थानों पर भारतीय योग संस्थान के उच्च अधिकारी प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास करवाएंगे। जो भी संस्था हमारे भारतीय योग संस्थान के सान्निध्य में योगाभ्यास करने की इच्छुक हैं वह गोपाल दास, प्रांतीय प्रधान को मो. 7626842338 पर सम्पर्क कर सकते हैं। योगाभ्यास का समय सुबह 5.30 से 6.45 बजे तक रहेगा। जो भी महानुभाव योगाभ्यास में शामिल होना चाहते हैं वह अपने साथ अपने-अपने आसन की किट जरुर साथ लाएं। यह जानकारी गोपाल सिंह परमार, प्रांतीय मंत्री, भारतीय योग संस्थान चंडीगढ़ प्रांत ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

---

# पेशाब में खून, पेट में दर्द और सूजन, किडनी कैंसर के शुरुआती लक्षण: डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 जून।** 19 जून को हर वर्ष विश्व किडनी कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर फोर्टिस अस्पताल मोहाली के डॉक्टरों ने भारत में किडनी कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। और इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों जैसे कि पेट में दर्द, पेट में सूजन, बिना कारण वजन घटना और पेशाब में खून आना को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। किडनी कैंसर, जिसे रीनल कैंसर भी कहा जाता है, एक गंभीर दीर्घकालिक बीमारी है जो आमतौर पर तब शुरू होती है जब किडनी की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढने लगती हैं। इस बीमारी और इससे जुड़ी जटिलताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल जून के तीसरे गुरुवार को विश्व किडनी कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 में इस दिवस की वैश्विक थीम है, शो योर किडनीज लव। यह एक आह्वान है कि हम अपने शरीर के दो सबसे ज़रूरी लेकिन अक्सर उपेक्षित अंगों की सुरक्षा करें। कंसल्टेंट, यूरो-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल मोहाली के डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल,ने किडनी कैंसर, इसके कारणों, चेतावनी संकेतों और बचाव के उपायों पर आधारित एक स्वास्थ्य सलाह साझा की।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि किडनी का मुख्य कार्य रक्त से विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करना है। इसके अलावा, किडनी शरीर में सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम आदि इलेक्ट्रोलाइट्स के स्तर को बनाए रखती है, रक्तचाप को नियंत्रित करती है और लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण भी करती है। हालांकि, कभी-कभी किडनी में असामान्य वृद्धि या ट्यूमर हो जाता है। कुछ मामलों में यह वृद्धि सौम्य (गैर-कैंसरयुक्त) होती है, जबकि कुछ मामलों में यह घातक (कैं सरयुक्त) हो सकती है। किडनी कैंसर के कारणों पर चर्चा करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस बीमारी का मुख्य कारण धूम्रपान, मोटापा, असंतुलित खानपान, उच्च रक्तचाप, लंबे समय तक डायलिसिस, आर्सेनिक जैसे रसायनों का संपर्क, और अनुवांशिक कारक हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके चेतावनी संकेतों में पेशाब में खून आना (हीमाचूरिया), पेट में दर्द और सूजन, पेट में गांठ, लगातार थकान रहना, बिना किसी कारण के वजन घटना, सर्दी या फ्लू के बिना बुखार रहना शामिल हैं। किडनी कैंसर के इलाज पर जानकारी साझा करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस बीमारी का मुख्य उपचार सर्जरी है। हालांकि, कुछ मामलों में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी की आवश्यकता भी पड़ सकती है। कैंसर कितना फैला है, यह जानने के लिए आमतौर पर सीटी स्कैन और चेस्ट एक्स-रे किया जाता है। उन्होंने बताया कि पार्शियल नेफरेक्टोमी, इसमें सर्जन केवल किडनी का कैंसरग्रस्त भाग हटाते हैं और बाकी स्वस्थ हिस्सा सुरक्षित रखते हैं। यह तब किया जाता है जब ट्यूमर फैला न हो। रैडिकल नेफरेक्टोमी, इसमें पूरी किडनी को हटा दिया जाता है, और आसपास की लिम्फ नोड्स भी निकाली जा सकती हैं। यह तब किया जाता है जब ट्यूमर बड़ा हो। बचाव के उपायों पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हालांकि किडनी कैं सर को पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सावधानियां अपनाकर इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इनमें शामिल हैं – धूम्रपान से दूर रहना, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखना, साल में एक बार नियमित अल्ट्रासाउंड करवाना और स्वस्थ वजन बनाए रखना।

---

इंस्पेक्टर इरम रिजवी की टीम ने डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन ठगी के मामले को सुलझाया

# साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन ठगी के 5 और शातिर आरोपियों को किया काबू

- अब तक पुलिस मामले कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 18 जून।** यूटी पुलिस का अहम थाना माने जाने वाले साइबर क्राइम पुलिस फिर डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन ठगी के मामले को सुलझाया है।पुलिस आए दिन भोलेभाले लोगो को डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन ठगी करने के मामलों में आरोपियों की लगातार धरपकड़ कर रही है। इससे पहले भी थाना साइबर क्राइम पुलिस ने कई अहम मामलों को सुलझा चुकी है। इसी के चलते एक और मामला प्रकाश में आया है। यहां थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी करने के मामले में 5 और शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए थे कि पहचान 44 वर्षीय मनीष जायसवाल,32 वर्षीय चित्रांश चौरशिया,28 वर्षीय प्रिंस सिंह,46 वर्षीय मोहम्मद अजीत उल्लह और 37 वर्षीय जुब्बार अली के रूप हुई है। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में धारा 308, 319 (2), 318 (4), 338, 340 (2), 61 (2), 336 (3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के संबंध में एक जून 2025 को मामला दर्ज है। पुलिस उक्त मामले में अब तक कुल 8 शातिर आरोपियो को गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार थाना साइबर क्राइम पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक की जरिए पता चला था कि मामले में डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डीएसपी ए वेंकटेश की सुपरविजन में थाना साइबर क्राइम की प्रभारी इंस्पेक्टर इरम रिजवी की टीम ने उक्त आरोपियों को धर दबोचा। थाना प्रभारी का कहना है कि जो और भी मामले है उनका प्रयास रहेगा उन्हें भी जल्द सुलझा लिया जाएगा।और पुलिस का साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार पीड़िता शिकायतकर्ता सैक्टर 10 निवासी ने पुलिस को बताया था कि 2.5 करोड़ से जुड़े डिजिटल अरेस्ट और साइबर धोखाधड़ी का मामला 3 मई 2025 की सुबह पीड़िता महिला को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) से एक कॉल आया। जिसमें दावा किया गया कि उनके सिम कार्ड का दुरुपयोग किया गया है। और उनके खिलाफ़ एक एफ़आईआर दर्ज की गई है। इसके तुरंत बाद, विजय खन्ना नामक एक व्यक्ति ने एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल किया।जिसने उन्हें एक एयरवेज के सीईओ से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित उनके नाम पर जारी किए गए दो गिरफ़्तारी वारंट के बारे में गलत जानकारी दी। कई हाई-प्रेशर वीडियो कॉल में, स्कैमर्स ने फ़र्ज़ी गिरफ़्तारी वारंट दिखाए, डीआईजी सीबीआई जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण किया और सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायाधीशों का रूप धारण किया और पीड़िता को गोपनीयता की शपथ लेने के लिए मजबूर किया। 'उनके धन की पुष्टि' और 'उनका नाम साफ़ करने' के लिए, उन्होंने उन्हें धोखा देकर उनकी जीवन भर की बचत लगभग 2.5 करोड़ कई धोखाधड़ी से संचालित बैंक खातों में जमा करवा दी।

**बरामदगी:** यूटी के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से सक्रिय सिम कार्ड वाले 10 मोबाइल फोन, 05 चेक बुक, 12 एटीएम, 08 पासबुक 01 टैब और 01 लैपटॉप बरामद किए।

सम्पादकीय

# तो अमेरिका को करवानी चाहिए इजरायल-ईरान में सीजफायर

दुनिया संभव है, एक और विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही है। बेशक, ईश्वर से प्रार्थना की जानी चाहिए कि ऐसा न हो। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तीसरे ही दिन पाकिस्तान की ओर से घुटनों पर आना और इस सीमित युद्ध का सीजफायर में बदलना भारत के लिए उचित रहा। हालांकि यह और बात है कि विपक्ष इस बात का रोना रो रहा है कि यह सीजफायर क्यों की गई और कथित रूप से इसे अमेरिकी दबाव में किया गया। हालांकि कनाडा यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान यह मामला भी सामने आया था। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि बातचीत में यह माना गया कि भारत-पाक के बीच सीजफायर में अमेरिकी भूमिका नहीं थी। अब इसके बावजूद कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों का कहना है कि यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति के हवाले से सामने नहीं आई है। यानी उन्हें इस पर भरोसा नहीं हो रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सीजफायर के संबंध में अपने पहले के बयानों से कदम पीछे खींचे हैं। यह वास्तव में एक बड़ा राजनीतिक मसला है, क्योंकि इसमें विपक्ष को मोदी सरकार की त्रुटि नजर आ रही है, हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारतीय विदेश नीति की कुशलता का ही परिणाम है कि जहां परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान अपने घुटनों पर आया वहीं अमेरिका ने भारत के प्रभाव और उसकी मारक क्षमता का आकलन करते हुए अपने दोस्त पाकिस्तान की मदद की। बेशक, उसने सीजफायर का अपने तरीके से अपने हक में इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन केंद्र सरकार के कड़े रूख की वजह से अमेरिकी सरकार को यह मानना पड़ा कि उसकी ओर से सीजफायर नहीं कराई गई और उसकी मध्यस्थता की भी योजना नहीं है।

**गौरतलब बात यह है कि अमेरिका की दादागिरी पूरी दुनिया में जारी है। उसने यूक्रेन-रूस युद्ध में यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ जैसा व्यवहार किया था, यह पूरी दुनिया ने देखा है। इसके बाद अब इजरायल और ईरान युद्ध में वह पूरी तरह से इजरायल के पीछे आ खड़ा हुआ है और ईरान की संप्रभुता को चुनौती दे रहा है। उसने इजरायल और ईरान के बीच मध्यस्थता जैसी बातों का भी जिक्र नहीं किया है, अपितु अमेरिकी राष्ट्रपति सीधे कह रहे हैं कि उन्हें पता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं, लेकिन उन्हें अभी नहीं मारेंगे। वास्तव में ईरान अगर परमाणु शक्ति संपन्न बनना चाहता है तो क्या यह वाकई में संभव है कि वह इन हथियारों का प्रयोग अपने पड़ोसियों के खिलाफ करेगा।**

गौरतलब बात यह है कि अमेरिका की दादागिरी पूरी दुनिया में जारी है। उसने यूक्रेन-रूस युद्ध में यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ जैसा व्यवहार किया था, यह पूरी दुनिया ने देखा है। इसके बाद अब इजरायल और ईरान युद्ध में वह पूरी तरह से इजरायल के पीछे आ खड़ा हुआ है और ईरान की संप्रभुता को चुनौती दे रहा है। उसने इजरायल और ईरान के बीच मध्यस्थता जैसी बातों का भी जिक्र नहीं किया है, अपितु अमेरिकी राष्ट्रपति सीधे कह रहे हैं कि उन्हें पता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं, लेकिन उन्हें अभी नहीं मारेंगे। वास्तव में ईरान अगर परमाणु शक्ति संपन्न बनना चाहता है तो क्या यह वाकई में संभव है कि वह इन हथियारों का प्रयोग अपने पड़ोसियों के खिलाफ करेगा। आखिर पूरी दुनिया में इस समय सात-आठ देश परमाणु हथियार संपन्न हैं। इनमें पाकिस्तान भी शामिल है, जिसने हाल ही में भारत से शिकस्त खाई है। ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाक के नेता परमाणु हथियारों का राग अलापते हुए भारत को डरा रहे थे, लेकिन सीमित युद्ध के दौरान पाक को अपने उन परमाणु हथियारों को छिपाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दरअसल, परमाणु हथियार बनाना मुश्किल है, लेकिन फिर उन्हें इस्तेमाल करने का दुस्साहस दिखाना और भी बहुत मुश्किल है। भारत जैसे देश ने अपनी आत्मरक्षा के लिए परमाणु ताकत हासिल की थी, ऐसे ही संभव है ईरान भी चाहता है। हालांकि इन देशों का अतीत ऐसा नहीं है, जिससे इनके भविष्य के कदमों पर भरोसा किया जा सके। इजरायल ने बहुत दुख झेले हैं और हमले सहे हैं। आज इजरायल अगर उनका जवाब दे रहा है तो यह उसी कुव्वत है। निश्चित रूप से अमेरिका के लिए इजरायल का महत्व है, क्योंकि अगर ऐसा न हुआ तो ईसाई समाज उससे सवाल करेगा। हालांकि इसी दौरान फ्रांस, ब्रिटेन आदि देश भी इजरायल की मदद करते नजर आ रहे हैं, लेकिन इतने आक्रामक होकर नहीं, जैसे कि अमेरिका।

इस समय इजरायल और ईरान के बीच भीषण युद्ध जारी है और दोनों देशों में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि भारत-पाक के बीच कथित सीजफायर करवाने का झूठा राग अलाप रहे हैं, अब इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर नहीं करवाएंगे। आखिर राष्ट्पति ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध में सीजफायर करवाने से पीछे क्यों हट गए। दरअसल, अमेरिका को जहां अपने हित नजर आते हैं, वहीं वह अपनी अंगुली रखता है। इस समय अमेरिका पाक के आर्मी चीफ को अपने यहां आमंत्रित कर रहा है, पाक को वह लोन दिलवा रहा है। जबकि उसे पता है कि पाक आतंक की फैक्ट्री है। बावजूद इसके अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल चीन, अफगानिस्तान, ईरान और दूसरे विरोधी देशों के खिलाफ करना चाहता है। उसकी मंशा भारत पर भी अंकुश की है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बखूबी अमेरिका को यह समझाया है कि हम भारत हैं। हमें झुकना मंजूर नहीं है, सम्मान, स्वाभिमान और संप्रभुता की रक्षा करना हमारे लिए प्राणों से भी बढ़कर है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

## 20वीं सदी के महान गृहस्थ योगी, स्वामी देवीदयाल जी महाराज

# स्वस्थ जीवन का राज, दिव्य योग-साधना अपनाएं

दैनिक अर्थ प्रकाश

बात 47 साल पुरानी है। लेकिन लगता है जैसे कल की ही बात हो। 14 जून 1978 को मुझे, दिल्ली से लगभग 100 किलोमीटर दूर, गढ़ मुक्तेश्वर के साथ लगते, बृजघाट योग दिव्य आश्रम में, एक 60 वर्षीय योगी महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनकी आंखों में दिव्य चमक थी और वह गजब की चुस्ती-फुर्ती के साथ, योग आश्रम में निराश, हताश और बीमार लोगों को यौगिक क्रियाओं तथा योग आसनों के द्वारा 'उन्हें' नवजीवन प्रदान करवा रहे थे।

मैं उन दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में कानून की पढ़ाई कर रहा था और उस समय मेरी आयु मात्र 24 वर्ष की थी। मैंने भी 'योग-साधना' और योग-विद्या सीखने के उद्देश्य से, उन योगी महाराज से विनती की कि वे मुझे अपने दिव्य आशीर्वाद से नवाजे। मेरा यह सौभाग्य रहा कि उन योगी महाराज ने 14 जून से 17 जून, 1978 तक, अपने बृजघाट स्थित योग आश्रम में, लगातार चार दिन तक, मुझे योग-साधना करवाई और भारतीय प्राचीन 'योग विद्या' के महत्व से अवगत करवाया। वह योगी कोई और नहीं, बल्कि 20वीं सदी के महान गृहस्थी-योगी, स्वामी देवीदयाल जी महाराज थे। सन 1920 में पाकिस्तान में बसंत पंचमी के दिन जन्मे बालक देवीदयाल जी को बचपन से ही साधु-संतों की संगति पसंद थी और वह सदैव योग-विद्या सीखने को आतुर रहते थे। युवा-अवस्था में देवीदयाल बालक की भेंट योगेश्वर मुलखराज जी महाराज से हुई, जिन्होंने देवीदयाल जी को योग में दीक्षा देकर उन्हें, आष्टांग योग में पारंगत कर दिया।

भारत की आजादी के बाद, योगीराज देवीदयाल जी महाराज कुछ समय तक जिला हिसार के हांसी शहर में आकर रहे और वहां एक घने वृक्ष की छाया में लोगों को योग-साधना करवाते रहे। वह घनी छाया वाला वृक्ष आज भी हांसी शहर में गर्व से खड़ा है। पाकिस्तान के मकान व जमीन के बदले स्वामी देवीदयाल जी महाराज को रोहतक शहर के गोहाना रोड़ पर मकान अलाट हुआ, जिसे सन् 1951 में उन्होंने पहला योग-आश्रम बनाया और फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसी आश्रम से वे योग-आसनों एवं यौगिक क्रियाओं के द्वारा निराश, हताश और बीमार लोगों को नवजीवन प्रदान करने के पुनीत कार्य में, जी-जान से जुट गये।

उत्तर भारत में स्वामी देवीदयाल जी महाराज ने 40 दिव्य-योग मंदिरों की स्थापना करवाई, जहां लाखों की संख्या में योग-साधकों के द्वारा, जीवन को स्वस्थ रखने एवं प्रसन्नित रहने के गुण सीखें। योग अभ्यास आश्रम, सन्यास मार्ग, कनखल, हरिद्वार के प्रधान योगाचार्य, स्वामी देवीदयाल जी महाराज ने दिल्ली, चंडीगढ़, मनीमाजरा, पंचकूला, मोहाली, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहाना, नरवाना, करनाल, पानीपत, सोनीपत तथा गुडगांव में योग दिव्य-मंदिरों की स्थापना की, जहां पर लोगों को, कई दशकों से निःशुल्क योग-साधना करवाई जाती है। योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज समय-



योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज (1920-1998).

समय पर देश के विभिन्न राज्यों में साप्ताहिक योग शिविर लगाते थे और अपनी दिव्य-दृष्टि से, स्थानीय लोगों में से, पवित्र आत्माओं का चयन कर, उनके द्वारा, उसे नगर में कस्बे में योग-आश्रमों की स्थापना करवाते थे। राजस्थान में श्रीगंगानगर व संगरिया मंडी उत्तर प्रदेश में बृजघाट, चांदपुर, बिजनौर और मेरठ आदि शहरों में स्वामी जी ने योग-शिविर लगाए थे। आंध्र प्रदेश में सुप्रसिद्ध वरिष्ठ एडवोकेट श्री एच.वी हनुमुन्ता राव जी को स्वामी देवीदयाल जी ने 'राजनीति' छोड़कर 'दिव्य-योग साधना' को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया और विजयवाडा, गन्नावरम्, मछलीपट्टनम में योग दिव्य-मंदिरों की स्थापना करवाई। कोलकाता के बड़े बाजार में भी योगीराज स्वामी देवीदयाल जी ने साप्ताहिक योग शिविर लगाकर बंगाल के निराश, हताश व बीमार स्त्री/पुरुषों का नवजीवन प्रदान करवाया। इस प्रकार योगराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज ने, 70 योग आश्रमों से ज्यादा देश के विभिन्न शहरों में खोलकर दिव्य योग-साधना का अलख जगाया और किसी भी राज्य के योग दिव्या मंदिर की प्रॉपर्टी में अपना नाम नहीं रखा। हरियाणा में स्थापित लगभग 20 योग मंदिरों के कार्य एवं व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए, योगी स्वामी देवीदयाल जी महाराज ने 1978 में पंचकूला के सेक्टर 12 ए में एक एकड़ भूमि पर योग चिकित्सालय एवं योग दिव्य मुख्यालय की स्थापना की, और स्वर्गीय इंद्रसेन गांधी को इस मुख्यालय का संयोजक प्रधान तथा इस लेखक, अरुण जौहर बिश्नोई, एडवोकेट हाई कोर्ट, चंडीगढ़ को उप-प्रधान मनोनीत किया। परंतु योगीराज स्वामी देवीदयाल जी की मृत्यु पश्चात् उनके बड़े बेटे स्वामी लाल जी महाराज ने, वह 90 करोड़ का योग मुख्यालय पूरा का पूरा सन् 2023 में पतंजलि योगपीठ के मुख्य बाबा रामदेव को सौंप दिया, जिसका मुकदमा पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में चल रहा है।

निःसंदेह योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज एक कर्मयोगी संत थे, जिन्होंने देश की युवा पीढ़ी को योगी का जीवन जीने के लिए तैयार किया। वह कहां करते थे कि जीवन में दो ही बातें हैं योग या भोग। उनका कहना है था कि अगर तुम निरंतर भोग में लिप्त रहोगे तो, न केवल स्वयं की नजरों में गिरते चले जाओगे, बल्कि मानसिक एंव शारीरिक रूप से कमजोर भी होते चले जाओगे और हमेशा चिंतातुर अवस्था में रहोगे। परंतु, यदि प्रतिदिन आधा घंटा भी योग-साधना में लगाओगे, तो तुम्हारी छुपी हुई दिव्य शक्तियां उजागर होगी, बल्कि जीवन-भर तुम पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं प्रसन्नचित रहोगे। वे कहा करते थे कि, अपनी दिनचर्या में सुबह-सुबह, आधा घंटा, योग-साधना के लिए समय निकालने वाला व्यक्ति कभी अस्पताल के चक्कर नहीं काटता, क्योंकि योग-आसनों एवं यौगिक क्रियाओं से वह, अपने शरीर को चुस्त-दुरूस्त रख सकता है।

योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज, सादा खानपान पर भी बहुत जोर देते थे, उनका कहना था कि, हमेशा सात्विक एवं शाकाहारी भोजन ही करना चाहिए। मांस-मदिरा से दूर रहना चाहिए, ताकि हमारे जीवन में निरंतर 'सद्गुणों की बढ़ोतरी' होती रहे और दुर्व्यसनों से हमें बचे रहें। लेखक स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली समझता है कि 20वीं सदी के महान गृहस्थ योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज ने कृपाकर, उन्हें 42 वर्ष पूर्व 31 अगस्त, 1983 जन्माष्टमी के शुभ दिन, ब्रह्मबेला में, हरियाणा के सिरसा शहर में झूतरा वाली धर्मशाला में आयोजित योग-शिविर में योग- दीक्षा से नवाजा। लगभग 60 वर्ष तक योगीराज स्वामी देवीदयाल जी महाराज भारत के विभिन्न राज्यों में योग का परचम लहराते रहे 1 अगस्त, 1998 को दिल्ली के माडल टाऊन स्थित भामाशाह मार्ग के योग दिव्य मंदिर में योगीराज जी ब्रह्मलीन हो गए उन्हें मेरा कोटि-कोटि नमन।

**लेखक: अरुण जौहर बिश्नोई**

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पंजाब में 16 खाड़कुओं द्वारा तीन पुलिस कर्मियों का अपहरण

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि के दौरान आठ खाड़कू मारे गए जबकि 16 खाड़कुओं ने तीन पुलिस कर्मियों का अपहरण कर लिया। प्राप्त समाचारों के मुताबिक जिला रोपड़ के गांव कलका मोर में सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में तीन अज्ञात खाड़कू मारे गये। मजीठा पुलिस जिला में दो अज्ञात खाड़कुओं ने सुरक्षाबलों के घेरे से बचने के लिए साएनाइड खाकर आत्महत्या कर ली जिनमें से एक की पहचान दलबीर सिंह उर्फ बिरा के रूप में की गई है। जिला पटियाला के गांव कोतली में जब एक खाड़कू सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा को हथियारों की बरामदगी के लिए कही ले जाया जा रहा था तो उसके साथियों ने उसे छुड़ाने की कोशिश की जिस दौरान वह मारा गया। इसी दौरान 16 खाड़कुओं ने जिला फतेहगढ़ के बटाला से एक हैडकांस्टेबल सुखदेव सिंह, कांस्टेबल बलदेव सिंह व होमगार्ड के जवान मोहन सिंह का अपहरण कर लिया।

### टेढ़ी खीर बनती जा रही है मनीमाजरा के अंदरूनी भागों की सफाई

मनीमाजरा। सौंदय व सुव्यवस्थित ढंग से बनी नगरी चंडीगढ़ का ही एक भाग माना जाने वाला मनीमाजरा इन दिनों गंदे व अव्यवस्थित कस्बे के तौर पर मशहूर होने जा रहा है। टूटी सड़के व गंदगी से भरी नालियां ही यहां के निवासियों की उपलब्धि बनती जा रही है। इस संबंध में प्रशासन भी स्वयं को विवश महसूस करता है। शहर के पुराने सभी क्षेत्र इन दिनों गंदगी का शिकार है। माड़ीवाला टाउन पिप्ली वाला टाउन, शांति नगर, बंगाला बस्ती की हालत देखते ही बनती है। इधर शहर में मुख्य बाजार की सड़क पर भी आगन्तक की खड्डे ही नजर आते है। जनता दल मनीमाजरा के महासचिव शिव कुमार निषाद के अनुसार शांति नगर में सीवरेज प्रणाली को बंद पड़े लगभग दो माह होने को है। इस नगर की गली नंबर तीन, चार, पांच व छह में सफाई व्यवस्था की दयनीय हालत देखकर वहां के निवासियों पर तरस आता है। नगर के विभिनन किनारों व भागों में पड़े कूड़ेदानों की हालत बेहद हास्यस्पद है क्योंकि इन कूड़ादानों के निम्न व साइड के सभी भाग पूरी तरह गले हुए और टूटे हुए है जबकि कूड़ादानों के ढक्कन छत पूर्णतः सही सलामत है। नतीजन कुत्ता, सुअर जैसे आवारा जानवर कूड़ेदान में डाली गई गंदगी इधर उधर बिखरा देते है जिससे आसपास बदबू फलती है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1269: फ्रांस के राजा लुई ने सभी यहूदियों को एक खास बैज पहनने का हुक्म दिया।

1576: अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।

1716: मुगलों के अजेय होने का भ्रम तोड़ने वाले प्रसिद्ध सिख सैनिक बंदा सिंह बहादुर को बादशाह फरूखसियर के आदेश पर यातनाएं देकर मौत के घाट उतार दिया गया।

1758: फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था।

1843: 'दास कैपिटल' के लेखक और समाजशास्त्री काल मार्क्स ने विवाह किया।

1910: वाशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया।

1945: म्यांमार में लोकतंत्र की अलख जगाने वाली आंग सान सू ची का जन्म।

1947: मशहूर ब्रिटिश-भारतीय लेखक और उपन्यासकार सलमान रुश्दी का जन्म।

1948: सोवियत संघ ने पश्चिमी बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया।

1953: अमेरिका में जूलियस और एथेल रोजनबर्ग को फांसी दी गयी। अमेरिकी इतिहास में ये पहली बार हुआ, जब जासूसी के शक में किसी अमेरिकी नागरिक को फांसी दी गयी।

1961: बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया।

1961: कुवैत ब्रिटेन से आजाद हुआ।

1970: कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म।

1981: भारत ने अपने भू स्थैतिक उपग्रह ऐपल का सफल प्रक्षेपण किया।

1991: सोवियत संघ ने हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया।

1968: मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में आर्थिक न्याय के लिए 50,000 लोगों ने प्रदर्शन किया।

2005: फ़ोर्ब्स पत्रिका ने ओप्रा विनफ्रे को दुनिया की सौ ताकतवर हस्तियों की सूची में पहला स्थान दिया।

2017: अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने काबुल एयरपोर्ट पर पहले अफगानिस्तान- भारत एयर कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके जरिए पाकिस्तान के एयर स्पेस का इस्तेमाल किए बिना दोनों देशों के बीच हवाई यातायात किया जा सकता है।

बोल ब्यूटीफुल



**अभिषेक सिंघवी:** यह स्वागतयोग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस के एक हिस्से पर तुर्किये के अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया। हमें साइप्रस की संप्रभुता के समर्थन में खड़े रहना चाहिए।

**सुशांत सरीन:** कुछ लोग यह राग अलाप रहे है कि तीसरा विश्व युद्ध अब छिड़ा और तब छिड़ा। तीसरे विश्व युद्ध को लेकर ऐसे लोगों को लगता है कि यह कोई लड़ाई नहीं, बल्कि स्टार वार्स सीरीज की कोई फिल्म हो, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी।

**निधि राजदान:** उड़ान के दौरान मुझे कुछ घबराहट महसूस होती है। मेरे जैसे और तमाम लोग होंगे। एयर इंडिया विमान हादसे ने लोगों की ऐसी चिंता और बढ़ाई होगी। यह सही है कि विमान कंपनियां रोजाना तमाम तरह की समस्याओं से दो-चार होती है, लेकिन हवाई यात्रा अभी भी आवाजाही का सबसे सुरक्षित माध्यम है। विमान हादसे के बाद इन दिनों छोटी-मोटी समस्याओं को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। यह सही नहीं।

# डड्डूमाजरा कॉलोनी के प्रतिनिधमंडल ने सांसद मनीष तिवारी व एसएसपी ट्रैफिक पुलिस से की मुलाकात

कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं से करवाया अवगत

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़।** बुधवार को डडू माजरा कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सुरेंद्र पाल, अमन स्लैच, रवि, राम बाबू , जीत राम, बलबीर, बहादुर चंद एवं रतन पाल सिंह और वार्ड नम्बर 26 के प्रेसिडेंट हरजिंदर सिंह प्रिंस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान सांसद मनीष तिवारी से कॉलोनी से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा की। कॉलोनी की समस्याओं में सबसे अहम डंपिंग ग्राउंड का मुद्दा, सड़कों की खराब स्थिति, टी-पॉइंट पर ट्रैफिक लाइट्स की आवश्यकता, पार्कों का रखरखाव, कॉलोनी की साफ-सफाई, रात के समय नियमित पुलिस पेट्रोलिंग तथा ग्रीन बेल्ट पार्क की स्थापना जैसी समस्याएं शामिल हैं। जो ग्रीन बेल्ट पार्क प्रस्तावित है, वह वर्तमान में साप्ताहिक किसान मंडी के रूप में उपयोग होने वाले क्षेत्र में बनाया जाना प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से इन सभी मुद्दों के शीघ्र समाधान हेतु हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया और कॉलोनीवासियों को जल्द से जल्द इन समस्याओं से निजात दिलाई जाए। ताकि वो भी राहत की सांस ले सकें।

प्रतिनिधिमंडल ने बाद में चंडीगढ़ के एस एस पी ट्रैफिक पुलिस से भी मुलाकात की और टी-पॉइंट पर ट्रैफिक लाइट्स की अत्यंत आवश्यकता के बारे में बताया। साथ ही कॉलोनी में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए एंट्री पॉइंट्स पर बैरिकेड्स लगाने का अनुरोध किया।

# ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने यूटी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्य सचिव से मिले



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। बुधवार को ज्वाइंट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल संयोजक अश्वनी कुमार की अगुवाई मे यूटी कर्मचारियो की मांगो को लेकर चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा को मिले और यूटी कर्मचारियो की मांगो का मांग पत्र सोपा।और मांगो पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को बताया के छठे और सातवे पे स्केल का लाभ डेली वेज वर्कर्स को अभी तक नहीं मिला जब के रेगुलर कर्म चारियो को बहुत समय लाभ मिल गया है इस कारण कर्म चारियो मे बहुत रोष है, आगे बताया के आउटसोर्स वर्कर्स का शोषण रोकने के लिए पॉलिसी बनाई जाए, आउट सोर्स वर्कर्स का महगई को देखते हुए 15 फीसदी डीसी रेट बढ़ाया जाए, एमसी मे 1996 के बाद भर्ती हुए डेली वेज वर्कर्स को पॉलिसी मे कवर कर रेगुलर किया जाए, हेडमाली और पियानु के रुलो मे सशोधन कर रेगुलर किया जाए, एमसी मे काम कर रहे ट्रेड मेट को प्रमोशन दी जाए आदि मांगो पर चर्चा हुई। चीफ सेक्रेटरी ने मांगो पर कारवाई के लिए संबंधित सचिवों को मांग पत्र भेज दिये। प्रतिनिधिमंडल मे अश्वनी कुमार, सुर्मुख सिंह, कमल कुमार, याद राम, कुलदीप सिंह, रविंद्र बिंदु और मांम राज शामिल थे।

# नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। शहर में पेयजल की शिकायत मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सदर थाना तथा सिविल अस्पताल स्थित बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा किया और मोटर एवं इलेक्ट्रिक पैनल में कमियां मिलीं तो अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि भविष्य में बूस्टिंग स्टेशनों पर कमी मिली तो कार्रवाई होगी।

ओल्ड हाउसिंग बोर्ड बूस्टिंग पर 220 हॉर्स पावर की मोटर का वाल्व खराब था, सो हॉर्स पावर की मोटर जली हुई थी जिस कारण राजेंद्र नगर, तारानगर, न्यू कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में पानी की सप्लाई कई दिनों से बाधित थी। उन्होंने निगम के म्यूनिसिपल इंजीनियर अमित शर्मा को फोन करके इन्हें आज ही ठीक करने के निर्देश दिए ताकि पेयजल की आपूर्ति ठीक समय पर हो सके।

लाइनपार क्षेत्र में आ रही शिकायतों के चलते राजीव जैन सदर थाना बूस्टिंग स्टेशन पहुंचे तो इलेक्ट्रिक पैनल में फाल्ट मिला उसे तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दिए। खन्ना कॉलोनी, हेमनगर में पेयजल की आपूर्ति में आ रही शिकायतों के मिलते सिविल अस्पताल बूस्टिंग का भी दौरा किया और मोटर समय पर चलाने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने ठियोग में एचआरटीसी का सब डिपो और वर्कशॉप खोलने की घोषणा की

# 26 करोड़ रुपए से पराला में बनेगी वाइनरी : मुख्यमंत्री

**ठियोग बस अड्डे और सब्जी मंडी का किया लोकार्पण**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 18 जून।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज ठियोग (जिला शिमला) में 14.84 करोड़ रुपये की लागत से बने नए बस अड्डे और 23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फल एवं सब्जी विपणन परिसर, शिलारू का लोकार्पण किया। उन्होंने एचआरटीसी सब-डिपो और वर्कशॉप खोलने, पुराने बस अड्डे की जगह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मिनी सचिवालय निर्माण के लिए धन देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिलारू मंडी से किसानों को बेहतर मूल्य,



समय व धन की बचत होगी। सरकार किसानों को घर के पास ही बेहतर विपणन सुविधाएं देने को प्रतिबद्ध है।

उन्होंने 26 करोड़ रुपये की लागत से पराला में वाइनरी स्थापित करने की घोषणा की जिससे बागवान लाभान्वित होंगे। साथ ही कुरपन पेयजल परियोजना को भी शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी शिमला व टांडा मेडिकल कॉलेज को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने तथा 1350 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी लाने की योजना की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सेब बागवानों के हित में यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया है तथा विदेशों से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने की मांग केंद्र से की गई है। शिपकी-ला दर्रा पर्यटकों के लिए खोला गया है और मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए प्रयास जारी हैं।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ठियोग के विकास में मुख्यमंत्री की भूमिका की सराहना की और बताया कि कुरपन योजना पर अब तक 255 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, शेष 45 करोड़ रुपये भी उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों व पेंशनरों को समय पर एरियर दे रही सरकार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए नवाचार कर रही है और कर्मचारियों व पेंशनरों को समय पर एरियर दे रही है। विधायक कुलदीप राठौर ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि ठियोग में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने अमेरिका से सेब आयात का मुद्दा भी केंद्र के समक्ष उठाने की मांग की।

# पाइनग्रोव स्कूल के पूर्व हेड ब्वॉय प्रणव गुप्ता का आईआईएम अहमदाबाद में चयन

**पाइनग्रोव स्कूल में खुशी की लहर**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 18 जून।** सोलन के प्रतिष्ठित स्कूल पाइनग्रोव के पूर्व हेड ब्वॉय प्रणव गुप्ता का आईआईएम अहमदाबाद के लिए चयन हुआ है। इससे पाइनग्रोव की उपलब्धियों में एक और उपलब्धी शामिल हो गई है। मृदुभाषी, विचारशील, मेहनती प्रणव हमेशा शांत और तीव्र बुद्धि के छात्र रहे। उन्होंने वर्ष 2015 से 2021 तक पाइनग्रोव स्कूल से शिक्षा प्राप्त की।

प्रणव वास्तव में एक आदर्श छात्र थे। ग्रोवियन के तीन जी 'गुड, ग्रेट और गॉडली' उनके व्यक्तित्व का स्टीक वर्णन करते हैं। अपने



अनुकरणीय व्यवहार और लगातार अकादमिक प्रदर्शन के अलावा, वे एक उल्लेखनीय प्रतिभाशाली कलाकार भी थे। उनकी मूर्तियां और पेंटिंग उनके रचनात्मक व्यक्तित्व की संवेदनशील और चिंतनशील परतों को दर्शाती हैं, जो अक्सर सूक्ष्मता के साथ गहन संदेश देती हैं। उन्होंने स्कूल परिसर का पहला आउटडोर अध्ययन कक्ष बनाया और तेल चित्रकला और जलरंगों में उनकी महारत ने कला विभाग में नए मानक स्थापित किए।

'सॉकर प्लेयर' की उनकी मूर्ति परिसर में सबसे प्रतिष्ठित कलाकृतियों में से एक है। उनके काम ने पिछले कई सालों में कई जूनियर्स को प्रेरित किया है।

उनके पिता दीपक गुप्ता कहते हैं कि प्रणव की उपलब्धियां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सिद्धांतबद्ध नेतृत्व का प्रतिबिंब हैं जो पाइनग्रोव ने उन्हें लगातार प्रदान किया।

प्रणव की उपलब्धि पर स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह व समस्त स्टाफ ने खुशी व्यक्त की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रदेश सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 18 जून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि राज्य की आबादी का लगभग 14.5 प्रतिशत सैनिक, पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात उन्होंने आज यहां सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश वीरभूमि है और सेनाओं में हिमाचल प्रदेश के वीर सपूतों का प्रतिनिधित्व जनसंख्या के अनुपात में सर्वाधिक रहा है। राज्य के बहादुर सैनिकों ने भारत की रक्षा एवं अखंडता के लिए सदैव अपने प्राणों की परवाह किए बिना चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में सीमाओं पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिक कल्याण विभाग में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निर्माणाधीन विभिन्न सैनिक सदन, प्रशिक्षण अकादमी, नूरपुर और



फतेहपुर में बनने वाले शहीद स्मारक तथा सैनिक कल्याण से जुड़े अन्य संस्थानों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इनके निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर में निर्माणाधीन वॉर मैमोरियल, मेजर सोमनाथ शर्मा की प्रतिमा तथा सैनिक विश्राम गृहों के रख-रखाव के लिए भी प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर धनराशि उपलब्ध करवाएगी।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही राज्य सैनिक बोर्ड तथा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण कोष प्रबन्धन समिति का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गैर सैन्य स्टेशनों जैसे कि ज़िला ऊना, हमीरपुर, मंडी एवं बिलासपुर में वैटरन सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश की कठिन भौगोलिक स्थिति तथा कम जनसंख्या घनत्व के दृष्टिगत प्रदेश में अतिरिक्त सीएसडी कैंटीन तथा एक्सटेंशन काउंटर स्थापित करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

बैठक में अवगत करवाया गया कि इस वर्ष 15 जनवरी से 10 जून के बीच 118 पूर्व सैनिकों को आउटसोर्स आधार पर सुरक्षा सेवाओं से जुड़े रोज़गार उपलब्ध करवाए गए हैं। सीमेंट फैक्ट्रियों में पूर्व सैनिकों के 44 ट्रक कार्य पर लगाए गए हैं। भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के तहत 8 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। हिमाचल प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में कुल 144 परियोजनाओं में प्रदेश के 4103 पूर्व सैनिकों को रोज़गार प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, एम्ज बिलासपुर में 73 सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदनशील, विशेष सचिव हरबंस सिंह ब्रसकोन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# सरकार का ध्येय राज्य के प्रत्येक क्षेत्र का समान विकास तथा कल्याण सुनिश्चित करना : सीएम सुक्खू

**मुख्यमंत्री ने आनी के बागा-सराहन में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा।

**कुल्लू, 18 जून।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार सायं कुल्लू जिला के आनी क्षेत्र के दूर-दराज गांव बागा-सराहन में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपने सम्बांधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ध्येय राज्य के प्रत्येक क्षेत्र का समान विकास तथा कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लागू किए हैं। इसी कड़ी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय या राज्य सचिवालय आने की जरूरत न पड़े, इसके लिए सरकार स्वयं गांव के द्वार कार्यक्रम द्वारा लोगों



के घर-द्वार समस्याओं का समाधान कर रही है। इससे लोगों के समय और धन की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन अति दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार, कुपवी, किलाड़ और शरची में किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा ''मैनें व्यक्तिगत तौर पर इन कार्यक्रमों में जाने और दूर-दराज़ के इलाके में रात्रि विश्राम का निर्णय लिया ताकि दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं को करीब से जान सकूं।'' उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत वह स्वयं और मंत्रिमंडल के सहयोगी गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं को हल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोग विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वह सरकार द्वारा सृजित किए गए स्वरोजगार के अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें।

इस मौके पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने प्रदेश सरकार की विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

## सीएम अचानक पहुंचे बागा सराहन स्कूल, लगाई प्रिंसिपल की क्लास

### दसवीं के बच्चों को नहीं पता देश का राष्ट्रपति कौन, देश की राजधानी कहां



**कुल्लू।** अपने दो दिवसीय बागा सराहन दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज अचानक बागा सराहन हाई स्कूल पहुंचे। वहां पर काफी देर बच्चों के साथ बातचीत करते रहते और उन्होंने काफी समय बच्चों के साथ बिताया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से जनरल नॉलेज के कुछ सवाल पूछे। लेकिन बच्चे इनका सही जवाब नहीं दे पाए। कि मौके पर सीएम खासे नाराज नजर आए। सीएम ने दसवीं के बच्चों से पूछा कि देश के राष्ट्रपति कौन है जिसका जवाब मिला नरेंद्र मोदी। जबकि प्राइमरी के छोटे बच्चों ने सही जवाब दिया। फिर सीएम ने पूछे देश की राजधानी कहां है तो दसवीं क्लास के बच्चों ने जवाब दिया शिमला। जबकि छोटे बच्चों ने इसका जवाब भी सही दिया। इसी तरह प्राइमरी के बच्चों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का जवाब भी सही दिया। इस पर नाराज मुख्यमंत्री ने दसवीं के अध्यापकों व खासकर प्रिंसिपल की क्लास लगाई और प्यार-प्यार से नसीहत भी दी,जबकि प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों की सराहना की।

# शूलिनी यूनिवर्सिटी ने द इम्पैक्ट रैंकिंग 2025 में ग्लोबल टॉप 100 में जगह बनाई

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 18 जून।** शूलिनी यूनिवर्सिटी ने टाइम्स हायर एजुकेशन (द) इम्पैक्ट रैंकिंग 2025 में दुनिया के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में जगह बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्तर पर 2,318 संस्थानों में से 96वें स्थान पर, यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित टॉप 100 में प्रवेश किया है। पिछले साल के 86.7 से बढ़कर 89.6 के बेहतर समग्र स्कोर के साथ, शूलिनी यह वैश्विक उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चार भारतीय विश्वविद्यालयों में से एक है। द इम्पैक्ट रैंकिंग विश्वविद्यालयों को संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में उनके वास्तविक दुनिया के योगदान के लिए आंकती है। इस वैश्विक मूल्यांकन में, शूलिनी विश्वविद्यालय कई प्रमुख एसडीजी में अग्रणी के रूप में उभरा, भारत में #1 और एसडीजी 13: जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व स्तर पर #38, पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु समाधान की दिशा में इसके प्रयासों को मान्यता दी गई। भारत में #4 और एसडीजी 7: सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लिए विश्व स्तर पर #21, सतत ऊर्जा प्रथाओं में इसके नवाचार को उजागर किया। भारत में #3 और एसडीजी 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता के लिए विश्व स्तर पर #22, जल संरक्षण और पहुंच के लिए अपनी पहल का प्रदर्शन किया। ज़ भारत में #3 और एसडीजी 12: जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन के लिए विश्व स्तर पर #95, सतत संसाधन उपयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। ज़ एसडीजी 17: लक्ष्यों के लिए साझेदारी के लिए #101-200 वैश्विक बैंड में भारत में संयुक्त #1, जो इसके मजबूत वैश्विक सहयोग को दर्शाता है।

एसडीजी 3: अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए #201-300 वैश्विक बैंड में भारत में स10, जो स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक कल्याण में इसके योगदान को



रेखांकित करता है।

शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पी.के. खोसला ने कहा की, 'यह मान्यता अनुसंधान, शिक्षण और स्थिरता में उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हिमाचल के एक युवा विश्वविद्यालय ने वैश्विक मान्यता प्राप्त की है और अब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। यह पूरे शूलिनी परिवार और भारत के लिए गर्व का क्षण है।'

प्रो चांसलर विशाल आनंद ने कहा कि यह 'शूलिनी के लिए एक बड़ा दिन था, जिसमें दो वैश्विक रैंकिंग ने हमें दुनिया में एक अग्रणी संस्थान के रूप में मान्यता दी। हम शीर्ष 200 वैश्विक विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मैं अपनी टीम के प्रत्येक सदस्य और हिमाचल के लोगों को इस मील के पत्थर की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।'

कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। 'हम एक अधिक टिकाऊ और न्यायसंगत दुनिया बनाने के लिए जो काम कर रहे हैं, उसके लिए वैश्विक मंच पर पहचाने जाने पर हमें गर्व है। ये रैंकिंग हमारे छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को हर दिन प्रेरित करने वाले जुनून और उद्देश्य को दर्शाती है। शूलिनी में, हम मानते हैं कि शिक्षा को न केवल जानकारी देनी चाहिए, बल्कि वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करके और जीवन में सुधार करके बदलाव भी लाना चाहिए। यह मान्यता हमें सीमाओं को आगे बढ़ाने और प्रभाव के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करती है।'

2019 में शुरू की गई, टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है ये रैंकिंग न केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर बल देती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, समानता, साझेदारी और सामुदायिक पहुंच में योगदान पर भी जोर देती है।

यू.एस. न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट ने भी शूलिनी को सर्वश्रेष्ठ में स्थान दिया है।

एक और गौरवपूर्ण क्षण में, शूलिनी विश्वविद्यालय ने यू.एस. न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में भारतीय संस्थानों में चौथा स्थान हासिल किया। शूलिनी केवल IISc बैंगलोर, IIT मद्रास और TIFR मुंबई से पीछे है। विश्वविद्यालय ने 667 की वैश्विक रैंक और 47.7 का वैश्विक स्कोर अर्जित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अनुसंधान संस्थान के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई।

# नशा निवारण पखवाड़ा के तहत निकाली रैली, बालिकाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 18 जून।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोलन की छात्राओं ने समाज से नशे की बुराई को मिटाने व नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत हाथों में बैनर लेकर रैली निकाली। ज्ञात रहे कि 31 मई से 26 जून तक नशा निवारण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में भिन्न-भिन्न कार्यक्रम किए गए। इसमें नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली का आज आयोजन किया गया। रैली से पहले विद्यालय के 'नशा उन्मूलन कमेटी 'के कोऑर्डिनेटर व विद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता अनिल वर्मा विद्यार्थियों को नशा न करने और नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाने के लिए शपथ दिलवाई। रैली को प्रारंभ करने से पहले विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी श्याम जी ने बच्चों से आवाहन किया कि वह अपने जीवन में नशे का सेवन न करें। इस कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन के अंग्रेजी के प्रवक्ता विद्यालय की नशा निवारण समिति के कोऑर्डिनेटर एंटी ड्रग एडिक्शन कमेटी के कोऑर्डिनेटर अनिल वर्मा ने भी अपने विचार




व्यक्त किए। नशा निवारण पखवाड़ा विश्व नशा निवारण दिवस यानि 26 जून के दिन समाप्त होगा। इस दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर एक बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें जिसमें सोलन जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2025 को

# ज़िला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में आयोजित होगा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 18 जून।** 21 जून, 2025 को पूरे देश तथा प्रदेश के साथ-साथ सोलन ज़िला में भी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है'। उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ प्रकृति का ध्यान रखकर सम्पूर्ण सृष्टि की सुरक्षा की जा सकती है।

उपायुक्त ने कहा कि ज़िला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में आयोजित किया जाएगा। सभी उपमण्डलाधिकारियों को उपमण्डल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज़िला में स्थापित स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्रों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ शरीर आवश्यक है और इस दिशा में योग महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में योग को लोकप्रिय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि योग में महारत रखने वाले युवाओं को आदर्श की तरह प्रस्तुत किया जाए ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि ज़िला के शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग दिवस आयोजित किया जाना चाहिए। मनमोहन शर्मा ने निर्देश दिए कि योग दिवस पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का पूर्ण ब्यौरा संकलित करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रोपित किए जाने वाले पौधों का भी पूरा ब्यौरा रखें।

ज़िला आयुष अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर पौधे भी रोपित किए जाएंगे। बैठक में आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शाह तलाई से कोटधार बाघछाल पुल होते हुए चंडीगढ़ तक शुरू की जाए बस सुविधा

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 18 जून।** झंडुता उप मंडल की नगर पंचायत शाह तलाई व पिछड़ा क्षेत्र कोटधार से स्वारघाट, चंडीगढ़, नालागढ़, बद्दी, परमाणु वाया बाघछाल पुल से होती हुई स्थानीय जनता ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सुविधा शुरू करने की मांग की है! स्थानीय लोगों का कहना है कि बाघछाल पुल बन जाने से इस रास्ते से शाह तलाई से चंडीगढ़ का सफर लगभग 50 किलोमीटर कम हो गया है, लेकिन हिमाचल परिवहन विभाग की कोई भी बस सुविधा न होने के कारण शाह तलाई और कोर्टधार के लोगों को इस रास्ते पर जाने के लिए काफी असुविधा हो रही है शाह तलाई के लोगों को बिलासपुर या उना होकर चंडीगढ़ जाना पड़ता है जिस वजह से उन्हें 50 - 60 किलोमीटर का सफर ज्यादा तय करना पड़ रहा है, शाहतलाई और कोर्ट धार क्षेत्र से सैकड़ो लोग बद्दी चंडीगढ़ व परमाणु में नौकरियां करते हैं अगर इस रूट के ऊपर हिमाचल परिवहन विभाग द्वारा बस सुविधा शुरू कर दी जाती है तो इससे कोर्टधार की जनता को काफी सुविधा मिलेगी और हिमाचल परिवहन विभाग को भी काफी फायदा होगा!

नगर पंचायत शाह तलाई वह कोर्ट धार क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग के बड़े अधिकारियों, परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री वह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से अपील की है कि बाघ छाल पुल का निर्माण हुए काफी समय हो चुका है और उसे जनता की सुविधा के लिए पिछले काफी समय से शुरू कर दिया गया है इसलिए इस रूट के ऊपर जल्द से जल्द परिवहन विभाग की दो-चार बसें चलाई जाए जिससे स्थानीय जनता को तो सुविधा होगी ही और परिवहन विभाग को भी इससे काफी फायदा होगा!

> हिमाचल पथ परिवहन विभाग बिलासपुर के आर एम विवेक लखनपाल का कहना है कि इस रूट के लिए परमिट के लिए अप्लाई किया गया है जैसे ही परमिट बनकर आता है यह बस सुविधा शुरू कर दी जाएगी!
>
> **–आर एम विवेक लखनपाल**
> **हिमाचल पथ परिवहन विभाग**

## हाई स्पीड से बाइक चला रहे युवक ने कार को मारी टक्कर, गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 18 जून।** सोलन जिले में तेज रफ्तारी और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने वाले एक युवक ने सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस चौकी डगशाई में दर्ज शिकायत के अनुसार, कुमारहट्टी निवासी राम सागर, जो होटल व्यवसायी हैं, ने बताया कि 15 जून 2025 को सुबह करीब 7.45 बजे उनके होटल कर्मचारियों ने सूचना दी कि सड़क किनारे खड़ी उनकी कार को एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि कार को काफी नुकसान हुआ था, लेकिन वहां कोई मोटरसाइकिल या वाहन मौजूद नहीं था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल नंबर सीएच-01-सीटी-3524 का चालक तेज रफ्तारी और लापरवाही से वाहन चला रहा था। मोटरसाइकिल पहले सड़क के डिवाइडर से टकराई और फिर राम सागर की कार से जा भिड़ी। पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से मोटरसाइकिल सवार की पहचान नीरज कुमार (25 वर्ष), पुत्र राम वदन प्रसाद, निवासी हलो माजरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई। डगशाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नीरज को चंडीगढ़ से हिरासत में लिया और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। जांच में सामने आया कि 15 जून 2025 को नीरज अपने साथियों के साथ चंडीगढ़ से सोलन घूमने आया था। वापसी के दौरान शमलेच टनल के पास से चंडीगढ़ लौटते समय वह तेज रफ्तारी से मोटरसाइकिल चला रहा था। इसी लापरवाही के कारण उसका वाहन सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गया। टक्कर के बाद नीरज मोटरसाइकिल सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# गांवों में अवैध तौर पर बने होटल एवं कमर्शियल प्रॉपर्टी होगी सील

बिना सीएलयू निर्माण करने वालों पर नगर निगम करेगा कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



बुधवार को नगर निगम की रेवन्यू रिलाइजेशन कमेटी के चेयरमैन एवं महापौर कुलभूषण गोयल बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के अंतर्गत आने वाले वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने वाले डिफाल्टरों की संपत्तियां एक सप्ताह में सील कर दी जाएगी। निगम की ओर से गांव कोट बिल्ला रोड पर बने 45 फार्म हाउस पर एक सप्ताह में बुलडोजर चलाने की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। बुधवार को नगर निगम की रेवन्यू रिलाइजेशन कमेटी के चेयरमैन एवं महापौर कुलभूषण गोयल ने ये निर्देश दिए। बैठक में सुरेश वर्मा भी उपस्थित थे। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में बने गांवों में जिन लोगों द्वारा अवैध तौर पर होटल एवं कमर्शियल प्रॉपर्टी बिना परमिशन खड़ी कर दी गई है, उनको तुरंत प्रभाव से सील कर दिया जाए। बिल्डिंग इंस्पेक्टर के साथ दो अस्सिटेंट प्रोग्राम आफिसर (एपीओ) जांच के लिए लगाए गए हैं, जोकि गांवों में जाकर जांच करेंगे। एक सप्ताह में पूरी रिपोर्ट तैयार होगी। जिनके नक्शे और सीएलयू नहीं हैं, उनकी एपीओ करेंगे। अवैध तौर पर बनी बिल्डिंग से सीएलयू चार्ज जमा करवाए जाएंगे। जब तक यह फीस जमा नहीं करवा देते, तब तक इन्हें सील रखा जाएगा। गांव कोट बिल्ला रोड पर बने 45 फार्म हाउस पर भी निगम की तलवार लटक गई है। बुलडोजर चलाने से पहले निगम द्वारा इन्हें नोटिस देकर एक सप्ताह में गिरा दिया जाएगा। कुलभूषण गोयल ने बताया कि इन फार्म हाउस में रात के समय में काफी अवैध तौर पर पार्टियां हो रही हैं, जिनकी शिकायतें आ रही हैं। अवैध तौर पर काम बर्दाश्त नहीं होगा।

**अब तक 3.44 करोड़ आया प्रॉपर्टी टैक्स:** कुलभूषण गोयल ने बताया कि नगर निगम में अब तक प्रॉपर्टी टैक्स में इस वर्ष 3 करोड़ 44 लाख रुपए ही एकत्रित हो पाए हैं, जोकि हमारे अनुमान के मुताबिक कम हैं। शहर में एक लाख रुपये से अधिक वाले 1600 संपत्ति मालिकों से प्रापर्टी टैक्स लेना। 200 प्रॉपर्टी मालिकों से 5 लाख रुपये से अधिक प्रापर्टी टैक्स लेना है। निर्देश दिए गए हैं कि जो संपत्ति मालिकों से 5 लाख रुपये से अधिक की राशि लेनी है, उनको तुरंत नोटिस देकर सील किया जाए। सबसे ज्यादा प्रापर्टी टैक्स शालीमार स्टेट प्राइवेट लिमिटेड से 2 करोड़ 92 लाख पिछले 3 साल का लेना है। नार्थ पार्क विजय दहिया से एक करोड़ 80 लाख रुपये लेने हैं। शालीमार माल को तुरंत प्रभाव से नोटिस देकर राशि वसूलने या सील करने के निर्देश दिए हैं। एचसीएफ साफ्टवेयर सेक्टर 22 से 22 लाख रुपये, पैरामाउंट सॉफ्टवेयर का 44 लाख रुपये लेने हैं। इसके अतिरिक्त कई सरकारी कार्यालय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, पीडब्ल्यूडी, कृषि विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम से लाखों रुपए प्रापर्टी टैक्स लेना है। इन्हें तुरंत प्रभाव से नोटिस दिए जाएंगे। इस वर्ष 25 करोड़ रुपये प्रापर्टी टैक्स एकत्रित करने का लक्ष्य रखा है।

### 137 मोबाइल टावरों की पेमेंट बकाया

मोबाइल टावर कंपनियों के शहर में 341 मोबाइल टावर लगे हुए हैं। 137 मोबाइल टावरों की पेमेंट लेनी है। 42 इंडेक्स कंपनी, 33 एटीसी, 36 जिओ, 36 बीएसएनएल और एयरटेल के हैं। इन सभी 137 मोबाइल टावरों लगभग 3 करोड़ 62 लाख रिकवर करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि वह राशि जमा नहीं करवाते, तो उन्हें सील कर दिया जाएगा। महापौर ने निर्देश दिए कि टेलीफोन लाइंस कंपनी के 15 करोड़ रुपए के टारगेट को पूरा किया जाए। जो लाइनें डाल रहे हैं, उनसे राशि रिकवर की जाए। नई पॉलिसी के अनुसार कंपनियों को काफी राहत मिल गई है, जिसमें उन्हें काफी राशि कम जमा करवानी पड़ती है। जिन 8 कंपनियों ने ओवरहेड लाइन बिछा रखी है, उन्हें अंडरग्राउंड तारें बिछाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें फास्टवे, फॉक्स सेल, रेलटेल, कनेक्ट ब्रॉडबैंड, बेस कनेक्ट, स्पीडो फाइबर की तारें हैं। यदि ओवरहेड तारें अंडरग्राउंड नहीं करते, तो इनकी तारें काट दी जाएंगी।

### विज्ञापन बोर्ड से अब तक आए 32.70 लाख रूपए

शहर में विज्ञापन बोर्ड के लिए बनाई गई गैंट्री से अब तक नीलामी में 32 लाख 70 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। बाकी 55 गैंट्री ऑनलाइन डाल दी गई है, जिनकी नीलामी के बाद राशि आ जाएगी। शहर में बड़े यूनिपोल्स उतारने का काम जारी है, कुछ यूनिपोल्स के उपर से बिजली की तारें जा रही है, उनको भी इस हफ्ते में उतराने की संभावना है। ताकि शहर में अवैध विज्ञापन ना लगे। महापौर में निर्देश दिए कि शहर की मार्केट में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे काफी बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड लगाए गए हैं। बड़े शोरूम की मार्केट सेक्टर 8, 9, 10, 11, 20 में जिन शोरूम के मालिकों ने 100 स्क्वायर फीट से अधिक बड़ा विज्ञापन बोर्ड लगाया है, उसे या तो नगर निगम को पेमेंट जमा करवानी होगी या वह उतार दिए जाएंगे।

### इन सेक्टरों को जल्द मिलेगी सीएनजी और पीएनजी गैस

कुलभूषण गोयल ने बताया कि शहर में सीएनजी और पीएनजी गैस पाइपलाइन के जरिए दी जा रही है। मनसा देवी परिसर में कार्य पूरा हो चुका है। सेक्टर 7, 16, 17, 15, 24, 25, 26, 27, 28, औद्योगिक क्षेत्र फेस वन और दो जिसकी परमिशन के लिए 2 करोड़ 15 लाख रुपये नगर निगम के पास जमा करवा दिया है, इसके लिए उसे परमिशन दे दी है। इसके बाद इन सेक्टर में भी पीएनजी गैस शुरू हो जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सेक्टर में भी गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए परमिशन दे दी गई है शहर में बने वीटा बूथ मालिकों द्वारा नगर निगम को राशि जमा नहीं करवाई जा रही है, उनके बाहर पड़ा सामान उठाया जाएगा और राशि भी वसूल की जाएगी।

# गांजा तस्करी में संलिप्त युवक गिरफ्तार, 1 किलो 556 ग्राम गांजा बरामद, आरोपी रिमांड पर

आरोपी राजीव कॉलोनी का रहने वाला, ट्राइसिटी में करता था सप्लाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने ट्राइसिटी में गांजा सप्लाई करने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन तथा पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में नशा तस्करों पर शिकंजा कसने की लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना सेक्टर-16 पुलिस चौकी की टीम ने गांजा तस्करी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1 किलो 556 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

चौकी सेक्टर-16 पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजीव कॉलोनी का रहने वाला एक युवक गांजा बेचने का काम करता है और वह बुढ़नपुर स्थित सब्जी मंडी, सेक्टर-16 के पास शाम के समय किसी व्यक्ति को गांजा बेचने की फिराक में है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर युवक संदिग्ध स्थिति में जाता हुआ दिखाई दिया, जिसे तुरंत काबू में लिया गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान शेरा राज (23), निवासी राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17, पंचकूला के रूप में हुई। जब पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें से 1 किलो 556 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह गांजा राजेश उर्फ काला नामक व्यक्ति से खरीदा था, जिसे एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा कुछ दिन पहले ही 6 किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वर्तमान में वह आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों तक पहुंचने की कोशिश करेगी, ताकि पूरे गिरोह को बेनकाब कर कानूनी शिकंजे में लाया जा सके।

# न्यू चंडीगढ़ में झपटमारी की वारदातों का पर्दाफाश, छह आरोपी गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/जे के बत्रा

**न्यू चंडीगढ़।** समाज में शरारती तत्वों पर लगाम लगाने के लिए जिला मोहाली पुलिस के एस एस पी हरमनदीप हंस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मोहित कुमार अग्रवाल सब-डिवीजन मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ की देखरेख में इंस्पेक्टर अमनदीप त्रिखा थाना प्रभारी मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने नाकाबंदी के दौरान कथित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसी दौरान 6 जून को मुल्लांपुर इको सिटी-2 न्यू चंडीगढ़ में सोने की चेन व बालियां छीनने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें कथित लुटेरे मोहन गिरी, विक्की गिरी व जगदीश गिरी (दोनों भाई) निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवासी पल्लनपुर, को मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ पुलिस तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने 11 जून की सुबह अल्टस सोसायटी न्यू चंडीगढ़ में भी झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में भी मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ पुलिस मामला दर्ज किया गया था। स्नैचिंग की वारदातों में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल और एक चोरी की स्कूटी बरामद कर ली गई है। इसके अलावा दो अन्य आरोपियों को नामजद किया गया है। मामले की जांच जारी है। एक अन्य स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले सतीश कुमार पुत्र राज कुमार निवासी यूपी हाल निवासी शीतला माता मंदिर और ललित कुमार पुत्र बैजनाथ निवासी दादू माजरा हाल निवासी गांव मस्तगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे आरोपी ललित कुमार से संतोष कुमार से छीनी गई सोने की बालियां बरामद की गई हैं और स्नैचिंग की वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया गया है। मानयोग अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया गया है आगे की जांच जारी है ।

# मेरिट में जो बेस्ट होगा वही बनेगा पंचकूला कांग्रेस का अध्यक्ष: लाल जी देसाई

संगठन सृजन अभियान की जिला में शुरुआत के लिए पहुंचे राष्ट्रीय मुख्य आयोजक एवं पर्यवेक्षक

बोले संगठन को चलाने की जिसकी क्षमता होगी, जो समय और शक्ति देगा उसे ही चुना जाएगा अध्यक्ष

पूरी प्रक्रिया के बाद जो बेस्ट 5 नाम हाई कमान को भेजे जाएंगे



पंचकूला में बुधवार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के मुख्य आयोजक लाल जी देसाई अभियान की जानकारी देते हुए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा में की गई संगठन सृजन अभियान की शुरुआत के साथ ही पंचकूला में भी नए जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

राहुल गांधी के निर्देश पर हरियाणा कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक लालजी देसाई ने पंचकूला में वरिष्ठ नेताओं से जिला अध्यक्ष चयन पर चर्चा की। 45 दिन में 5 नाम हाईकमान को भेजे जाएंगे। बुधवार को पंचकूला में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय मुख्य आयोजक लाल जी देसाई ने जिला के कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त बैठक ली, जिसमें निर्णय लिया गया कि मेरिट में जिन पांच नामों को हाई कमान के पास भेजा जाएगा, उनमें से एक को जिला अध्यक्ष चुना जाएगा। लाल जी देसाई ने कहा कि जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए जो कार्यकर्ता चयन करेगा वहीं नाम आएगा। कोई कार्यकर्ता किसी नेता का चयन कर सकता है, किसी ब्लॉक अध्यक्ष को चुन सकता है। सारी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। उन्होंने कहा कि सभी 22 जिलों में एआईसीसी ऑब्जर्वर की हाल ही में हुई बैठक में यह निर्देश दिया गया कि इस संगठन सृजन अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए। इससे पहले शुरुआत गुजरात से हुई थी। वहां हर जिले में, गांव में, बूथ पर अलग साथियों से मुलाकात हुई। आज हरियाणा में आईसीसी के ऑब्जर्वर हर नेता, ब्लॉक कार्यकर्ता से मिल रहे हैं। जिले के सीनियर लीडर से मिल रहे हैं। उनसे हर चर्चा हो रही है। ऑब्जर्व हर कार्यकर्ता से मिल रहे हैं और उनसे फीडबैक ली जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हरियाणा में 500 से 700 कार्यकर्ताओं की राय की जाएगी। जिला के अध्यक्य की नियुक्ति की जो सूची तैयार होगी वहीं अध्यक्ष बनेगा। उन्होंने कहा कि

अकसर राजनीति में शक्ति प्रदर्शन करने वालों को जगह मिलती है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है। चुनाव में हर कार्यकर्ता की क्या जिम्मेदारी रही, कौन से हलके में कितना काम किया है, उस कार्यकर्ता की हर चुनाव में कितनी भागीदारी और कितनी सक्रियता देखने को मिली ये सब मूल्यांकन करने के बाद कार्यकर्ता को संगठन में सर्वोच्च स्थान मिलता है। ऐसा नहीं है कि हल्ला गुल्ला करने से कोई कार्यकर्ता अध्यक्ष बनता है। चारों ऑब्जर्वर मिलकर ऑब्जर्व करते हैं। जहां ऐसी कोई बात सामने आती है तो उसे भी देखा जाता है। कोई कार्यकर्ता जो आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सामने अकेले में कोई बात रखना चाहता है तो वो भी रख सकता है। एक महीने की पूरी प्रक्रिया में पंचकूला में कोई ऐसा कार्यकर्ता नहीं होना चाहिए जो महसूस कर सके कि वह अपनी बात नहीं रख सका।

### यह संघ की सोच नहीं

लाल जी देसाई ने कहा कि अध्यक्ष का चुनाव संघ की सोच नहीं है कि कहीं से भी नाम आ जाए तो पूरा देश उसके पीछे चल पड़ता है। कांग्रेस में नेहरू और गांधी की सोच पर आधारित कार्यकर्ता का चयन किया जाता है। किसी सलाह या समूह से कोई नाम को नहीं लिया जाता है। कार्यकर्ता की सोच, उसकी उलब्धि, उसका सहयोग, उसकी कार्यक्षमता को देख कर ही संगठन उसके प्राथमिकता देता है।

### राहुल गांधी की सोच को सभी ने स्वीकार किया

गोयल ने बताया कि आगामी 7 सितम्बर को जीन्द में राज्यस्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस जयंती समारोह के तहत जीन्द में उत्तर भारत स्तर का ऐतिहासिक विवाह योग्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन आज तक का सबसे ब?ा सम्मेलन होगा। सम्मेलन में हजारों की तादाद में अग्र बंधु उपस्थित होंगे। इस सम्मेलन में देश-प्रदेश से अग्रवाल समाज के दर्जनों राष्ट्रीय नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों का परिचय करवाना, समाज में रिश्तों के संजाल को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को ब?ावा देना और नई पी?ी को एक मजबूत वैवाहिक मंच उपलब्ध कराना है।

गोयल ने बताया कि इस राज्य स्तरीय समारोह को कामयाब बनाने के लिए हरियाणा के सभी जिलों का पुनर्गठन किया जा रहा है जो इकाईयां समाज के कार्यो में बढ चढ कर भाग ले रही है उन्हे दोबारा मौका दिया जाएगा जो इकाईयां निष्क्रिय है वहां नए नेतृत्व को मौका दिया जाएगा। इस पुनर्गठन प्रक्रिया से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित होगी। एक सप्ताह के अन्दर अन्दर हरियाणा के सभी 22 जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। इसके साथ साथ हरियाणा की सभी 90 प्रमुख मंडियों में 250 से ज्यादा स्थानों पर पंजीकरण बनाए जा रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### चैरिटेबल ग्रुप ने कुष्ठ आश्रम में किया भोजन वितरण



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के तत्वाधान में जैन चैरिटेबल ग्ररुप के सहयोग से व सुनील जैन अंकुश जैन परिवारों के द्वारा जगाधरी कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमन सोई ने की तथा संचालन राजीव सूद ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ णमोकार महामंत्र का उच्चारण कर किया गया। जितेन्द्र सोई ने जानकारी देते हुये बताया कि जैन चेरिटेबल ग्ररुप द्वारा प्रभु की कृपा से अनेक प्रकार धार्मिक व सामाजिक कार्य किये जा रहे है, इसी श्रंखला में ग्ररुप द्वारा हर रविवार को असहाय व जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करने का निर्णय लिया है और इसी कड़ी में यह भोजन वितरण कार्यक्रम सुनील जैन अंकुश जैन परिवारों के सहयोग से आयोजित किया गया। पुनीत गोल्डी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के लिये भोजन के रूप में सब्जी, रोटी व मिठाई की व्यवस्था की गई, जिसको लगभग 60 लोगों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मुकेश नागपाल, राजीव सूद, प्रियंकल अग्रवाल, अमन भंडारी, पंकज वर्मा, के. के. जैन, ऋषभ जैन, भव्य जैन, पुनीत जैन, अंकुर जैन, पारस, अमन सोई, शिवम, अश्विनी, पारस मसान, रवि, सुनील गुप्ता आदि ने सहयोग दिया।

### आर्य कॉलेज में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय व आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने योग विशेषज्ञ रेणु और प्रशिक्षक नरेश कंबोज का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कर किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में ओम ध्वनि से शुरुआत हुई और विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, धनुरासन, वज्रासन, पद्मासन व शवासन का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने योग को संपूर्ण जीवन शैली का अंग बताते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। डॉ. गुप्ता ने आयोजक डॉ. सोनिया सोनी, डॉ. रजनी शर्मा और प्राध्यापक पंकज चौधरी को शुभकामनाएं दीं।

### सुनार समाज की सेवा करना ही मेरा लक्ष्यः रामकुमार




**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** मैढ़ क्षत्रिय सुनार समाज के प्रधान राम कुमार वर्मा का कहना है कि उनका एकमात्र उद्देश्य सुनार समाज के लिए काम करना है जिसके लिए वह तन मन धन से समर्पित हैं। यह विचार उन्होंने सुनार सभा के सदस्य अनिल वर्मा द्वारा सुनार समाज के आदिपुरुष की प्रतिमा भेंट करने उपरांत व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि गत दिनों रामकुमार वर्मा को सुनार समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से तीसरी बार प्रधान पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति समाज के प्रति की गई उनकी निस्वार्थ सेवा को देखते हुए की गई है। इसके अतिरिक्त तीन साल के लिए नई कार्यकारिणी भी चुन ली गई है जिसमें चार सदस्य नए शामिल किए गए हैं । रामकुमार वर्मा ने कहा कि जब से उन्होंने मैढ़ क्षत्रिय सुनार समाज का प्रधान पद संभाला है तब से दिन–रात एक करके समाज को नई पहचान दिलाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यकारिणी के प्रयासों से अजमीढ़ जी महाराज चौक का निर्माण हुआ है जिस पर एक भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है,जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अथवा हरियाणा के किसी मंत्री द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि वो समाज की एकता को बनाए रखें और सब मिलजुल कर समाज के उत्थान में अपना योगदान देते रहें । इस अवसर पर सुनार धर्मशाला के मैनेजर रामकुमार वर्मा, मुख्य सलाहकार महावीर वर्मा, सचिव रामकुमार वर्मा, अनिल वर्मा,अंकित सहित अन्य सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : एसडीएम

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी, 18 जून।** उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून ) कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम राजेश खोथ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से हर्षोल्लास के साथ मानने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की और निर्देश दिए कि इन दायित्वों को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंबुलेंस गाड़ी तथा डॉक्टरों की टीम उपस्थित रखने के निर्देश दिए। इसी तरह से अलग अलग कार्यों के लिए अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित करते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूर्ण करने के लिए कहा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एस.डी. महिला महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लगभग सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विगत 12 जून को भी अधिकारियों की एक बैठक का आयोजन हो चुका है। योग दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। एसडीएम ने कहा कि तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

## माता पिता के आशीर्वाद से ही परिवार सुखी एवं समृद्ध हो सकता हैः महंत जगन्नाथ

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/ वालिया)।** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में बुधवार को आषा? कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने यजमान परिवार के बंटी गुंबर, किया, अभिषेक व आकाश इत्यादि को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन एवं शिवलिंग पर रुद्राभिषेक सम्पन्न करवाया। पूजन के उपरांत महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि माता पिता के आशीर्वाद से ही परिवार सुखी एवं समृद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के बहुत से क्षेत्रों में वृद्ध माता पिता को उनकी ढलती उम्र में आजकल के बेटे और पुत्र वधुएं ने अपने पास रखकर आदर- सत्कार के साथ पालन-पोषण करना तो दूर, बोझ समझकर इंसानियत को भूल जाते हैं।

## हुडा की ग्रीन वैल्ट पर लोगों का कब्जा लगाए गेट निकाले फ्रंट गेट जालियां लाकर किया कब्जा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 जून।** करनाल में हुडा के सैक्टरों में हुडा द्वार पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित की गई ग्रीन वैल्ट अब खुर्द बुर्द कीजा रही हैं। कई स्थानों पर लोगों ने अपवनी जालियों के साथ गेट लगा दिए हैं। ग्रीन वैलट में लोगों ने अपने मकानों के दरबाजे तक निकाल लिए हैं। हुडा को आवासीय कालोनियां बनाने के लिए इस शर्त पर परमीशन दी जाती है जब वह ग्रीन वैल्ट छोडते हें। हुडा का होर्टी कल्चर विभाग के लिम्मे इन ग्रीन वैल्टों के रचारखाव का जिम्मा होता हैं। इसके लिए सरकार प्रति माह करोड़ों रुपया प्रदान करती हैं। लेकिन हुडा के हार्टी कल्चर विभाग के अफसर यह पैसा कागजों में खर्च कर देते हैं। करनाल के सैक्टर छह सैक्टर सात सैक्टर बारह तेरह, चौदह सैक्टर एक से लेकर पांच तक तथा करनाल के अधिकतर सैक्टरों का यही हाल हैं। सैक्टर आठ नौ दस के साथ अन्य सैक्टरों में ग्रीन वैल्ट उजड़ रही ळें। कुजंपुरा रोड से लेकर हैरिटेज लोन तक तथा इससे आगे और सैक्टर सात और छह के डिवाइडर रोड पर ग्रीन वैल्ट सैक्टर 13 और 16 की डिवाइडर रोड के साथ कई इलाकों में लोगों ने अपने दरबाजे निकाल लिए हैं। सैक्टर सात और छह के डिवाइडर रोड पर अमर हास्पीटल चौक से लेकर साइंबाबा मंदिर तक तथा अमर हास्पीटल चौक से सैक्टर छह चौक तक लोगों ने गब्रीन वैल्ट पर अपने गेूट लगा दिए हैं। जब इस मामले में हुडा अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वह शिकायत पर कार्रवाई करेंगे। हुडा से अनौपचारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार हुडा द्वारा छोडी गई ग्रीन वैल्ट में कोई भी ना तो दरबाजा निकाल सकता हैं ना ही गेट लगा सकता हैं। यहां तो लोगों ने जालियां बनाक र हुडझ इस बैल्ट पर कब्जा कर लिया ळें। हुडा के अफसर ग्रीन वैल्ट पर हरियाली को बचाने में नाकाम हो रहे हैं।

## बैठक में विश्वविद्यालय में चल रहे धरने पर किया गया विचार विमर्श बहुत से राजनीतिक दल कर रहे है, विद्यार्थियों को गुमराह : जसमेर

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 18 जून।** काम्बोज समाज व पिछड़ा वर्ग के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व अन्य मौजिज व्यक्तियों की बैठक जिमखाना क्लब में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता शहीद उधम सिंह काम्बोज इंटरनेशनल महासभा सुनाम के महासचिव जसमेर काम्बोज ने की। बैठक में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में चल रहे विद्यार्थियों के धरने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जसमेर काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों के धरने को कांग्रेस, इनेलो व जजपा और अन्य दलों ने राजनीतिक रूप दे दिया है, जोकि गलत है। शिक्षा के मंदिर में विद्यार्थियों पर राजनीति करना अच्छी बात नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की जायज मांगों को मान लिया है। बावजूद इसके इस मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. बी. आर. काम्बोज व अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले कुलसचिव डा. पवन कुमार को पद से हटाए जाने की अनुचित व निराधार मांग की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी मौजिज व्यक्तियों ने निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. बी. आर. काम्बोज व कुलसचिव डा. पवन कुमार के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि इस मामले को अपने हाथों में लें और इस पर राजनीति न होने दें। मौके पर सतीश चौपाल, एडवोकेट राम कुमार रादौरी, सुभाष गोविंद पुरा, सुशील कुमार, धर्मवीर दामला, सुभाष हाफिजपुर, संजीव काम्बोज जगाधरी, वेद काम्बोज दामला, प्रधान प्रवीण कुमार, मास्टर सतीश साबापुर, पवन कुमार बीहटा, अंकुश अकालगढ़, देवेंद्र मानकपुर, बीरबल मानकपुर, वीरेश काम्बोज, धर्मवीर काम्बोज, छोटू राम फतेहपुर, दिनेश फतेहगढ़ व अन्य मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नई एसओपी मतदाता सूची में अपडेट के बाद 15 दिनों में पहचान पत्र की डिलीवरी होगी सक्षम

मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से भी प्राप्त होंगी सूचनाएं

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 18 जून।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब मतदाताओं को मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है, जो मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर मतदाता पहचान पत्र की डिलीवरी को सक्षम बनाती है, जिसमें मतदाता का नया नामांकन या किसी मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है।

डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की यह पहल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा ईपीआईसी जनरेशन से लेकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से मतदाता को ईपीआईसी की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक स्थिति बारे समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं भी प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके ईपीआईसी की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा सिस्टम को फिर से तैयार करके और वर्कफ्लो को सुव्यवस्थित करके मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। निर्बाध वितरण के लिए डीओपी के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) को ईसीआईनेट के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। अपने सभी मतदाताओं को शीघ्र और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करने पर ईसीआई का प्रमुख फोकस है।

## कल्याण नगर में बारिश के पानी का गली में ठहराव होने से लोग परेशान

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

**थानेसर, 18 जून।** शहर के कल्याण नगर की गली नंबर 1 और गली नंबर 2 को जोड़ने वाली गली में बारिश का रूका हुआ पानी स्थानीय निवासियों के लिए सर दर्द बना हुआ है। थोड़ी सी बारिश होते ही गली में पानी का ठहराव होना आने जाने वालों के लिए भारी चिंता का कारण बन जाता है। इसके साथ ही आसपास के घरों के मालिकों को घर की नीवें कमजोर होने का डर भी बना रहता है। यह गली कल्याण नगर के अंतिम छोर तक सभी गलियों को मिलाती है इसलिए यह बहुत ही मुख्य गली है । मुख्य गली होने के बावजूद यह पूरी तरह से प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। थोड़ी- सी बरसात होते ही यहां बहता पानी नदी का रूप धारण कर लेता है।इस गली में पानी के ठहराव से ऐसा प्रतीत होता है मानो सुविधाओं का दावा करने वाला प्रशासन यह दावा कर रहा हो कि आपके घर के सामने ही, आपकी गली में ही,स्विमिंग पूल का इंतजाम कर दिया जाएगा।

कल्याण नगर, वार्ड नंबर 29 में पड़ता है जिसके पार्षद मनु जैन हैं। जब उनसे गली में खड़े हुए पानी की समस्या के समाधान बारे पूछा गया तो उनका कहना था कि वह बहुत बार इस समस्या के बारे में नगर परिषद के अधिकारियों को लिखकर दे चुके हैं लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं निकला है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 24 जून को होने वाली हाउस की मीटिंग में वह एक बार फिर इस मुद्दे को उठाएंगे और कोशिश करेंगे की समस्या का समाधान हो जाए। इसी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद पद के प्रत्याशी रहे रामराज कौशिक से भी जानने की कोशिश की गई की नगर परिषद में उनका बहुमत होने के बावजूद इस कार्य में कब तक देरी होगी तो उन्होंने भी यही कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## स्वच्छता प्रतियोगिता में सराफा बाजार रहा प्रथम, सेक्टर-7 मार्केट द्वितीय

### मॉडल टाऊन मार्केट रही तृतीय स्थान पर, मोमैंटो व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 18 जून।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम करनाल द्वारा मंगलवार को स्वच्छता प्रतियोगिता गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र के 23 बड़े बाजारों में स्वच्छता प्रतियोगिता करवाई गई थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सराफा बाजार, द्वितीय सेक्टर-7 मार्किट तथा तृतीय स्थान पर मॉडल टाऊन की सुखन मार्किट रही। नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तीनो मार्किट के प्रधान एवं प्रतिनिधियों को मोमैंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शेष 20 मार्किट प्रतिनिधियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निगमायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान सभी बाजारों का दौरा करने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई थी। यह टीमें पिछले 2 दिनों से इन बाजारों का निरीक्षण कर निर्धारित मापदंडो के अनुसार चेंकिंग कर बाजारों के अंक दर्ज कर रही थी। इन्हीं अंकों के आधार पर बाजारों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया है। स्वच्छता प्रतियोगिता के लिए यह थे मापदंड- उन्होंने बताया कि मार्किट में स्वच्छता प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न मापदंड निर्धारित किए गए थे। इनमें मार्किट की ओवर ऑल साफ-सफाई यानि मार्किट में कहीं कचरे का ढेर न होना, मार्किट में स्थित दुकानों के अन्दर व बाहर साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं या नहीं, दुकानदारों के पास कचरे के लिए 2 डस्टबिन हैं या नहीं, मार्किट में अतिक्रमण की क्या स्थिति है तथा दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं इत्यादि शामिल हैं। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता ने विजेता मार्किट एसोसिएशन एवं प्रतिभागी मार्किट प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन के साथ समाज के जागरूक लोग जुडकर् अभियान में साथ चलते हैं, तो बदलाव अवश्य आता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में भी सभी की सहभागिता जरूरी होती है, तभी हम अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बना सकेंगे। उन्होंने दुकानदारों से बाजारों में साफ-सफाई रखने व अतिक्रमण न करने की अपील की। बाजारों में अतिक्रमण नहीं होगा, तो ओर बेहतर साफ-सफाई देखने को मिलेगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मार्किट प्रतिनिधियों को बधाई देते कहा कि आप सभी हमारे सहभागी हैं। स्वच्छता कार्यों में हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे, तो सफाई में नए आयामों को छुएंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि शहर में साफ-सफाई को लेकर पहले से ही जागरूकता है, लेकिन अभी ओर जागरूकता की जरूरत है। शहर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति सचेत रहेगा, तभी शत प्रतिशत सफलता हासिल होगी। उन्होंने कहा कि शहर में भंडारा या शबील इत्यादि धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान हानिकारक पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इस अवसर पर वार्ड 8 के पार्षद संकल्प भंडारी, वार्ड 11 के पार्षद संजीव कुमार मेहता, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त अभय सिंह, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक, ट्रीगर मास्टर, मोटीवेटर तथा प्रतिभागी विभिन्न मार्किट के प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मायादेवी मंदिर : 11वीं सदी में खुदाई के दौरान प्रकट हुआ था माता का विग्रह

हरिद्वार को मायापुरी नाम से भी पुकारा जाता है। इसका कारण यह है कि यहां भगवती मायादेवी का मंदिर स्थित है। मायादेवी भगवती सती का ही एक स्वरूप हैं जिन्होंने अपने पिता दक्ष प्रजापति द्वारा किए गए यज्ञ में खुद सहित भगवान शिव को न बुलाए जाने पर यज्ञाग्नि द्वारा देहोत्सर्ग कर दिया था-

विश्वोद्भवस्थिति लयदिषु हेतु मेकं,
गौरीपति विदित तत्व मनंत कीतम।
मायाश्रमं विगत मायामङ्क्षचतप रूपं,
बोध स्स्वरूपममलहि शिव नमामि॥

भारत की सुप्रसिद्ध मोक्षदायिनी सप्तपुरियों में से एक मायापुरी है। गरुड़ पुराण के अनुसार सप्तपुरियां निम्न हैं-

अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, काञ्ची,
अवन्तिका, पुरी, द्वारावती चैव, सप्तैता मोक्षदायिका।

वर्तमान समय में विशेष प्रसिद्ध नाम हरिद्वार है क्योंकि कनखल, ज्वालापुर, भीमगोड़ा नाम की पुरियां सम्मिलित हैं। इनके केन्द्रीय स्थान मायापुर अर्थात प्राचीन मोक्षदायिका मायापुरी स्थित है। शेष अन्य चारों स्थान इसकी अंगभूता उपनगरियों के समान हैं। इसका नाम मायापुरी इसलिए भी है कि इसकी अधिष्ठात्री भगवती मायादेवी हैं। इस मायापुरी क्षेत्र में पुरातन काल से ही तीन शक्तिपीठ इस प्रकार से स्थित हैं कि उनके द्वारा एक त्रिकोण बन जाता है। इस त्रिकोण के उत्तरी कोण में मंसादेवी, दक्षिण कोण में शीतला देवी और पूर्वी कोण में चंडी देवी स्थित हैं। इस त्रिकोण के मध्य में पूर्वाभिमुख स्थित होने पर वामपार्श्व अर्थात् उत्तर दिशा में अधिष्ठात्री भगवती मायादेवी, दक्षिण पार्श्व में माया के अधिष्ठाता भगवान शिव दक्षेश्वर महादेव के रूप में स्थित हैं।



यह मंदिर जिन भगवती माया देवी का है उनका वेदांत दर्शन की अनिवर्चनीय (मिथ्यारूप) माया से कोई संबंध नहीं है। यह तो परमब्रह्म परमात्मा भगवान शिव से अभिन्न उनकी स्वरूप युक्त पराशक्ति है। इसके विषय में आद्य शंकराचार्य ने कहा है-

शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः
न चेदेवं देवों न खलु कुशल स्पड्क्षदत मपि,
अतस्त्वभाराध्यां हरिहर विरिञ्चादिभिरवि, प्रणंतु
स्तो तुम वा कथमकृत पुण्यः प्रभवति॥

प्रजापति दक्ष ने यज्ञ तो कनखल में किया था मगर भगवती सती ने वर्तमान मायादेवी मंदिर पर देहोत्सर्ग किया, ऐसी मान्यता है। हरिद्वार जाने पर मायादेवी मंदिर जो नगर के मध्य में स्थित है, उनके दर्शन अत्यंत पुण्यमयी माने गए हैं। मंदिर के आरम्भ में लोहे के सरिए व लकड़ी में जड़ी पिरोल है। वहां से प्रवेश करने पर लंबा-चौड़ा प्रांगण आता है। बाई ओर आवासीय कक्ष स्थित है तथा मुख्य पिरोल से सटे हुए अन्य तीन दिशाओं में भी आवासीय व भोजन इत्यादि के कक्ष बने हुए हैं। मायादेवी मंदिर के ठीक दाहिनी ओर श्रीदत्तात्रेय चरणपादुका मंदिर स्थित है जिसे दूसरे शब्दों में समाधि स्थल भी कह सकते हैं। मायादेवी मंदिर का प्रारंभ लोहे की रेलिंगों से होता है। तीन पंक्तियां व्यवस्थित ढंग से मंदिर के आगे भक्तगण प्रवेश कर सकें, इस हेतु अवस्थित हैं। रेलिंग के फर्श पर कालीन बिछे हुए हैं। मंदिर के दाहिनी ओर श्रीदत्तात्रेय जी के मंदिर के आगे अनेक प्रकार के पौधे अवस्थित हैं। मंदिर में जाने के लिए छ्-सात पैडि?ं लांघनी पड़ती हैं। जहां मंदिर का मुख्य प्रवेश स्थल आता है जो बिना फाटक का है। उसके पश्चात बड़ा प्रांगण आता है जिसे सभामंडप कहते हैं। सभामंडप में तीन बड़े-बड़े घंटे लटके हुए हैं। सभामंडप के बाई ओर विद्युत नगाड़े हैं। नगाड़ों के ठीक पास में सोफेनुमा झूला है। झूले की पिछली दीवार पर माता के विविध रूपों के चित्र अंकित हैं। झूले में जो विग्रह अवस्थित हैं उसके तीनों ओर तीन तकिए समान स्वरूप लगाए हुए हैं। झूले के मुख्य पूजनीय विग्रह के पास ही एक अन्य विग्रह भी अवस्थित है। उनके नीचे माता के स्वरूपों से संबंधित मंत्र संगमरमर पर उत्कीर्ण हैं।

## माता के विविध रूपों की की जाती है आरती

मंदिर में माता के विविध रूपों की मूर्तियां बंद तस्वीरनुमा स्थिति में चारों ओर अवस्थित हैं। उनके नीचे माता-पिता के स्वरूपों संबंधित मंत्र संगमरमर पर उत्कीर्ण हैं। मंदिर में इसी प्रकार से माता के विविध रूपों की तथा अन्य देवी-देवताओं की बड़ी-बड़ी तस्वीरें टंगी हुई हैं। मंदिर की परिक्रमा गैलरी काफी लम्बी-चौड़ी है। मंदिर की सायंकालीन आरती लगभग पौने घंटे चलती है। उस समय एक अलग ही परम्परा का निर्वाह होता है। आरती में मुख्य पुजारी धूपियों तथा कई बत्तियों वाले धूपियों से आरती करते हैं। मंदिर परिसर में स्थित माता के विविध रूपों के आगे भी आरती की जाती है। आरती के दौरान मुख्य पुजारी के पदचरणों में भक्तगण आसननुमा बिछावन बिछाते जाते हैं। एक से दूसरे स्थान पर आरती करते समय बिछावन उस स्थान पर बिछाते रहते हैं जहां आरती की जाती है। मंदिर परिसर में भक्तगण मुख्य पुजारी के पदचरणों में आसननुमा बिछावन बिछाते रहते हैं और हटाते रहते हैं। आरती के बाद जयकारे इत्यादि लगाए जाते हैं। मंदिर के गर्भगृह में कामाख्या देवी, कालीमाता, दुर्गावती, मायादेवी माता का विग्रह अवस्थित है। इन सभी विग्रहों के ऊपर छोटे-छोटे छत्र लटके हुए हैं। इन विग्रहों के पीछे चित्रकारी की हुई है।

मायादेवी माता विग्रह लगभग तीन फुट ऊंचा जान

# जीवन मे सरलता ही असली गहना : मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** जीवन को ईमानदारी से जानने और समझने का प्रयास बहुत कम लोग करते हैं। ऐसे व्यक्तियों में चुनिंदा लोग ही जीवन को सही मायने में समझ पाते हैं। जीवन क्या है? यह प्रश्न जीवन से भी ज्यादा कठिन है। जीवन एक पहेली है, एक चुनौती है, एक संघर्ष है। इसे समझकर और इससे टक्कर लेते हुए ही हम आगे बढ़ सकते हैं। सार्थक जीवन जीकर किसी बड़े उद्देश्य की प्राप्ति यदि हम कर सकें, तो वही सच्चा जीवन है। जीवन लेने के लिए नहीं, बल्कि परसेवा में देने के लिए बना है। जीवन रहते यदि हमने किसी भटके को सही राह नहीं दिखायी, किसी भूखे को भोजन नहीं कराया, किसी गिरे असहाय-निर्बल को नहीं उठाया, तो ऐसे जीने का महत्व ही क्या है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे आज समाज में हर व्यक्ति स्वार्थपूर्ति के लिए जीवन जी रहा है। लोगों की सोच संकुचित हो रही है। इसीलिए लोगों का नैतिक पतन तेजी से हो रहा है। जिसने जीवन को समझ लिया, वह जीवन को एक निश्चित दिशा देता है। उसके जीवन का लक्ष्य ही बन जाता है- निस्वार्थ सेवा करना। उसके लिए जीवन मजबूरी नहीं, महोत्सव बन जाता है। जीवन व्यथा नहीं, बल्कि मनुष्य की सच्ची कथा होनी चाहिए। उसके लिए जीवन के कांटे भी फूल ही दिखते हैं। फूल सरीखी जिंदगी बनाने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी की हुई पुरानी गलतियों में सुधार कर आगे बढ़ें। सतर्कता, सजगता और सावधानी जैसे मूलमंत्रों का सहारा लेकर हम जीवन को सफल बना सकते हैं। प्रसन्न रहना, संतुष्ट रहना, शांत रहना, हमेशा कर्म करने के लिए उत्साहित रहना, प्रेममय वातावरण रखना, ये जीवन को प्रसन्न रखने के सूत्र हैं। आज हमारे पास समस्त भौतिक संसाधन हैं, किंतु कहीं न कहीं कोई अभाव कई बार जरूर खटकता है। बिखरे जीवनक्रम को व्यवस्थित कर हम इसे संवार सकते हैं। ईश्वर के प्रति आस्था, लोगों के प्रति आपसी प्रेम व भाईचारे के सहारे हमारा जीवन सफल हो सकता है। जीवन में एक अच्छी सोच का होना नितांत आवश्यक है। कहा गया है,जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। अच्छे विचारों से मानव देवता बनकर जीवन को बुलंदियों की तरफ ले जा सकता है, तो वहीं बुरे विचारों से उसका जीवन बर्बाद भी हो सकता है। इसलिए अपने साथ-साथ दूसरों के जीवन को आबाद करना सीखें, बर्बाद करना नहीं। जीवन का सच्चा अर्थ शायद यही है।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया कहा आमतौर पर देखा जाता है कि व्यक्ति अपने बच्चों की तुलना दूसरों के बच्चों से, परिवार के बच्चों से, मित्रों के बच्चों से या फिर अपने रिश्तेदारों के बच्चों से करता है। ऐसी तुलना बच्चों को बहुत संकीर्ण बना देती है उनके मन मस्तिष्क को बहुत छोटा और कमजोर कर देती है यहां तक कि उनकी सोच को बहुत ही सीमित बना देती है। वे तंग खानों में बटने लगते है, टुकड़ों में जीने लगते है और छोटे जीवन को तेयार करने में लगते है। ऐसा करना प्राकृतिक नियमों के खिलाफ है, मानव जीवन के विपरीत है। यह कितना दुखद है कि जब कोई यह कहता है कि बेटा तेरे अंक तेरे चाचा के बेटे से कम नहीं आने चाहिए।

# 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के तहत पुलिस का तड़के छापा, इलाके में मचा हड़कंप



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब को नशा मुक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा उठाए गए कदम के तहत, राज्य पुलिस ने आज सुबह नयागांव थाना के क्षेत्र से ऑपरेशन कासो की शुरुआत की। एस एस पी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशो पर डी एस पी सिटी-1 पृथ्वी सिंह चाहल ,नयागांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह तथा लगभग 70 के करीब पुलिस बल के साथ सुबह लगभग 6 बजे से पुलिस ने यह त्वरित कार्रवाई की गई । सुबह नयागांव के पी जी व होटलों में पुलिस की दबिश से इलाके में हड़कंप मच गया । पुलिस द्वारा ऑपरेशन कासो को भारी फोर्स के साथ अंजाम दिया गया । यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नशे के तस्करों और नेटवर्क को प्रभावी रूप से नष्ट करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है । पुलिस ने हर इलाके को चारों ओर से सील कर दिया और इसके बाद घरों की तलाशी शुरू की गई । इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करों और लूटपाट करने वालों पर नकेल कसना था । सुबह 6 बजे से शुरू हुआ ऑपरेशन कासो 70 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में किया गया । पुलिस टीमों ने उन घरों की तलाशी ली, जिन पर पहले से नशे के मामले दर्ज थे या जो संदिग्ध थे । । इस दौरान चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस टीमों ने लोगों के उठने से पहले ही रेड शुरू कर दी थी । इस सर्च ऑपरेशन में मोहाली थानों के एसएचओ और एरिया के पुलिस कर्मी व पुलिस बल सहित अन्य अफसर और कर्मचारी भी शामिल थे । डी एस पी सिटी-1 पृथ्वी सिंह चहल व इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य पंजाब राज्य को नशा मुक्त बनाना है, और इसे लगातार जारी रखा जाएगा. पंजाब पुलिस की इस कार्रवाई ने इलाके में सुरक्षा का माहौल कायम किया है और नशे से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ा प्रहार किया है ।

# जो एक क्षण में घट जाए, उसको प्रेम नहीं कहा जाता

अगर इस मन का नाता इस नाम के साथ जुड़ा रहता है, इस परमसत्ता के साथ लिव (ध्यान) जुड़ी रहती है तो परिस्थितियों के बदलने के बावजूद भी मनोस्थिति एकरस होती है जिस कारण आनन्द और सुकून बना रहता है। जैसे कहा भी है कि-

जो नरु दुख में दुख नहीं मानै,
सुख, सनेहु अरु भै नहीं जाकै कंचन माटी मानै।

जो स्तुति, निन्दा, मान, अपमान से ऊपर उठकर जीता है, उसी की मनःस्थिति स्थिर होती है। वह दुनियावी घटनाचक्र से उतार-चढ़ाव के साथ कभी उतार-चढ़ावमें नहीं आताः कहा भी ऐसा ही गया है कि- घटे बढ़े क्षण एक में सो तो प्रेम न होय। जो एक क्षण में घट जाये, उसको प्रेम नहीं कहा जाताः यह प्रेम हर समय एक समान रहता हैः जैसे माता का प्यार बच्चे के लिए सदैव एक समान रहता है, उसी तरह भक्त और भगवान का प्रेम भीएक समान रहता हैः भक्त हर समय इस राम के ही, इस मालिक के ही होते हैंः दुख की घड़ी में इनका मालिक कोई और नहीं हो जाता और सुख में कोई और नहीं हो जाताः इनकी ऐसी दृष्टि बन जाती है कि यह आना-जाना क्या? यह खोना-पाना क्या? यह सब दातार की कृपा ही हैः यह दातार ही सब कुछ



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

करने वाला हैः इसलिए सदैव इसके आगे नतमस्तक होते हैंः यही एक रहस्य है, यही एक सार है आनन्दमय जीवन जीने काः इसलिए आप सन्तों, महापुरुषों ने जिन्होंने इस नाम को प्राप्त किया है, इस अमोलक ज्ञान को प्राप्त किया है, इसकी सम्हाल करते जायें, इसके एहसास से जीवन जीते जायें और किसी क्षण भी इस मालिक दातार-प्रभु से दूर न हों। हर समय इसी ओर हमारा ध्यान लगा रहेः जब भी हम देखें तो ज्ञान की दृष्टि से देखेंः जहां भी विचरण करें इस ज्ञान की दृष्टि को हम हमेशा खुला रखें, अपनाकर रखें। क्योंकि ऐसा करने से हमारे मनों में निश्चय ही प्रेम बढ़ेगा, सत्कार बढ़ेगा, करुणा बढ़ेगीः जब सभी अपने नज़र आयेंगे तो फिर घृणा कहाँ होगी? नफ़रत की गुंजाइश कहां होगीः फिर तो प्यार ही प्यार है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 19 जून, 2025, सूर्योदयः 05:23 ए एम, सूर्यास्तः 07:22 पी एम, चन्द्रोदयः 12:55 ए एम, जून 20, चन्द्रास्तः 12:52 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अष्टमी - 11:55 ए एम तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 11:17 पी एम तक, योगः आयुष्मान् - 05:24 ए एम तक, क्षय योगः सौभाग्य - 02:46 ए एम, जून 20 तक, करणः कौलव - 11:55 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 10:55 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 02:07 पी एम से 03:52 पी एम, गुलिक कालः 08:53 ए एम से 10:38 ए एम, यमगण्डः 05:23 ए एम से 07:08 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:55 ए एम से 12:50 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:03 ए एम से 10:59 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:38 पी एम से 04:34 पी एम, अमृत कालः 06:42 पी एम से 08:13 पी एम, वर्ज्यः 09:32 ए एम से 11:04 ए एम

## भविष्य फल



**मेषः** करियर में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। आपको कॉन्फिडेंस के कारण जोखिम भरे कामों में सफलता मिल सकती है।

**वृषः** इस समय आप थोड़े चिंतित हो सकते हैं। आप अनावश्यक जटिलताओं में फंस सकते हैं,और आपको चल रही परियोजनाओं में बाधाओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुनः** आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए।

**कर्कः** आज आप किसी भी कार्य में जोखिम न उठाएं। कार्यों में व्यवधान आ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंहः** बिजनेस में नई योजनाएं बन सकती हैं। रुका हुआ पैसा मिलने के योग बन रहे हैं। किसी से उधार पैसा भी लेना पड़ सकता है।

**कन्याः** उच्च अधिकारियों से मधुर संबंध बनाकर रखें। आर्थिक मामलों में थोड़ा संभल कर चलें, ज़रूरत से अधिक खर्च परेशानियां पैदा कर देगा।

**तुलाः** व्यवसाय सम्बंधी यात्रा हो सकती है। आपके सभी काम बनेंगे।

**वृश्चिकः** नवीन योजनाओं से लाभ होगा। नए कार्यों के साथ जुड़ने का योग बनेगा। आज आपका आर्थिक तौर पर सुधार तय है।

**धनुः** नौकरी में पदोन्नति की संभावना बन रही है। खुद का कोई बिजनेस है तो उस पर पूरा ध्यान रहेगा।

**मकरः** स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। फलस्वरूप कामों को सही ढंग से करने में आप स्वयं को थका हुआ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभः** आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके काम समय पर पूरे होंगे। जीवनसाथी की मदद मिलेगी।

**मीनः** आज आप मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। परिश्रम की तुलना में फल कम मिलेगा। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

# ई-रिक्शा चालक से एंट्री फीस के नाम पर अवैध वसूली में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस टीम ने ई- रिक्शा चालक से एंट्री के नाम पर अवैध वसूली करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राकेश पुत्र दलेल व निशान्त उर्फ हन्नी पुत्र भीम दोनो निवासी खेवड़ा जिला सोनीपत के रहने वाले है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून को शहजाद पुत्र बाबू निवासी बडौत, उत्तर प्रदेश ने थाना बहालगढ़ मे शिकायत दी कि 17 जून को मैं अपनी मैट्रो रिक्शा को लेकर बहालगढ़ से बड़ौत जा रहा था। जब मै खेवडा पुल से नीचे उतरा तो दो नौजवान लड़को ने सड़क पर आकर मेरी मैट्रो रिक्शा को रुकवा लिया और कहने लगे की तुम यू0पी0 से आकर बाहलगढ़ हरियाणा से सवारी भरकर लेकर जाते हो तुम्हारे कारण हमारा धन्धा चौपट हो रहा है बाहलगढ से सवारी यू0पी0 मे लेकर जाने की एंट्री फीस देनी होगी और मुझे डरा धमका कर एंट्री के नाम पर मेरे से उन दोनो लड़को ने अवैध वसूली कर ली और बोलने लगे की हमारा नाम हन्नी और राकेश है और हम यही खेवड़ा के रहने वाले है और आगे भी तुम्हे यहाँ से सवारी ले जाने पर एंट्री फीस देनी होगी। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओं के अर्न्तगत थाना बहालगढ़ मे अभियोग दर्ज किया गया।

# प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में 10 लाख की चोरी

## नौकर निकला चोर, क्राइम यूनिट कुंडली ने नेपाल भागने से पहले दबोचा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत की क्राइम यूनिट कुंडली को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बीते दिनों शहर के मॉडल टाउन इलाके में प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश हो गया है।जानकारी के मुताबिक, 15 जून को प्रदीप नाम के एक प्रॉपर्टी डीलर ने मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके दफ्तर से करीब 10 लाख रुपये नकद और सोना चोरी हो गया है। जांच के दौरान संदेह की सुई



दफ्तर में काम करने वाले नौकर पर गई और क्राइम ब्रांच कुंडली की टीम ने इस मामले में तेज़ी से कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया है, जो नेपाल का रहने वाला बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद नेपाल भागने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले ही क्राइम यूनिट कुंडली ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान पूरी रकम और चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है, जिससे पीड़ित परिवार को काफी राहत मिली है।

सोनीपत एसीपी अजीत सिंह ने इस पूरे मामले की पुष्टि करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोनीपत क्राइम यूनिट की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी चोरी का खुलासा हुआ है। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और इस बात की भी जांच चल रही है कि क्या उसने पहले भी इस तरह की कोई वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस ब यह भी जांच कर रही है कि कहीं आरोपी का किसी गिरोह से तो संबंध नहीं है। फिलहाल, आरोपी न्यायिक हिरासत में है और आगे की कार्रवाई जारी है। यह घटना एक बार फिर से यह सोचने पर मजबूर करती है कि भरोसे के नाम पर रखे गए कर्मचारी किस हद तक विश्वासघात कर सकते हैं।

# मारपीट की घटना में संलिप्त छठे आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस टीम ने रास्ता रोककर डंड़ो से मारपीट करके गंभीर चोट पहुंचाने की घटना मे संलिप्त छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रमन पुत्र रमेश निवासी गांव चौहान जोशी जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 02 मई 2025 को राजकिशन पुत्र बलवान निवासी गाँव चौहान जोशी जिला सोनीपत ने थाना बहालगढ़ मे शिकायत दी कि 29 अप्रैल 2025 को हमारे परिवार मे रात तकरीबन 9.30 पर डी0जे0 पर गाने चले हुए थे तो गानो को लेकर हमारे गांव के ही कुछ लड़को के साथ कहा सुनी व हाथापाई हो गई थी। 01 मई 2025 को समय तकरीबन 7.30 पर मैं दावत राईस मिल की तरफ जा रहा था तो दो मोटरसाईकिलों पर छह व्यक्ति आए और मेरा रास्त रोक कर डंडो से मेरे ऊपर हमला करके मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी मैं जान बचाने के लिए पास की दुकान मे चला गया। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओं के अर्न्तगत थाना बहालगढ़ मे अभियोग दर्ज किया गया था।

थाना बहालगढ़ की अनुसंधान टीम ने घटना में संलिप्त एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में व चार आरोपियों संजू, प्रिंस, देव, टोनी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए उप निरिक्षक अरुण कुमार नें अपनी पुलिस टीम के साथ घटना मे संलिप्त छठे आरोपी रमन पुत्र रमेश निवासी गांव चौहान जोशी जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

# 'रश बाय हाइक' ने कृष्णा अभिषेक के साथ मिलकर अपना पहला कैंपेन 'चलो जीत की चाल' लॉन्च किया

चंडीगढ़। भारत की रियल-मनी गेमिंग दुनिया में अब मज़ा और देसी तड़का दोनों आ गया है। हाइक के स्किल-आधारित कैज़ुअल गेमिंग प्लेटफॉर्म 'रश' ने अपना पहला ब्रांड कैंपेन 'चलो जीत की चाल' लॉन्च किया है, जिसमें मशहूर अभिनेता और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक नजर आ रहे हैं। यह कैंपेन ह्यूमर, मेहनत और रोज़मर्रा की जुगाड़ से भरपूर है, और उन तेज़-दिमाग और फुर्तीले खिलाड़ियों को पहचान दिलाता है, जो भारत में जीवन की चुनौतियों को गेम-जैसी जीत में बदल देते हैं।रश के सबसे महत्वाकांक्षी कम्युनिकेशन कैंपेन के रूप में, यह पाँच हफ्तों का अभियान 10 जून से टीवी, रेडियो और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर शुरू हो रहा है, और इसका उद्देश्य भारत के तेज़ी से बढ़ते हिंदी भाषी बाजारों में 2 करोड़ से अधिक यूज़र्स तक पहुँचना है।'चलो जीत की चाल' का मकसद है रोज़मर्रा के उन चैंपियंस को पहचान दिलाना, जो जिंदगी की उलझनों को हुनर, मेहनत और दिल से सुलझाते हैं, और हर चुनौती को जीत के मौके में बदल देते हैं। रश के सबसे पॉप्युलर गेम लूडो के साथ, कृष्णा अभिषेक अपनी हाई-एनर्जी कॉमेडी और देसी समझदारी से दिखाते हैं कि चाहे ज़िंदगी हो या गेम, स्मार्ट सोच और हिम्मत वाले कदम ही असली ताकत हैं।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए 20 जून को होगा ट्रायल : मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया की पंचकुला में राज्य स्तरीय पुरूष तथा महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनू से 29 जून तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 वजन श्रेणी में किया जाएगा। महिला/पुरूष वर्ग में प्रथत, द्वितीय व तृतीय आने वाले खिलाडियों को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार व दो हजार का नकद ईनाम दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सेदारी के लिए सोनीपत के प्रभु नगर, गली नम्बर एक नजदीक स्टेट बैंक एटीएम के पास स्थित नवयुग बॉक्सिंग कल्ब, में 20 जून को दोपहर एक बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जो भी खिलाडी ट्रायल में हिस्सा लेने चाहते है, वो अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र का सबूत व रिहायसी प्रमाण पत्र या स्कूल से प्राप्त बोनाफाइड प्रमाण पत्र साथ लेकर आए।

# ट्राई-साईकिल वितरण से दिव्यांगजनों का आवागमन होगा सुविधाजनक : एडीसी लक्षित सरीन

## रेडक्रॉस ने दिव्यांगजनों को भेंट करी 70 मोटर ट्राई-साईकिल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हेबीटेट क्लब में बुधवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में रैडक्रास सोसाइटी के द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड व एल्मिको के सहयोग से 70 दिव्यांग जनों को ट्राई-साईकिल व अन्य सहायक उपकरण वितरण किए गए। रैडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा आयोजित ट्राई-साइकिल वितरण समारोह में



अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन व मुख्य महाप्रबंधक (निर्माण) न्यू एमपीपीएल जयपुर ललित मनराल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करी।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि ट्राई-साइकिल वितरण से सभी दिव्यांग जनों को आवागमन मे सुविधा रहेगी। अब वो बिना किसी रूकावट के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ जा सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को समय समय पर ऐसी सहायता सरकार प्रदान करती है। जिससे उनके जीवन को ओर भी सरल व सुगम बनाया जा सके। उन्होंने सीएसआर के तहत इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड व एल्मिकों के द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए उनको बधाई दी।

इस अवसर पर एसीयुटी योगेश दिल्हौर, जेके रॉय, रेडक्रॉस सचिव गौरव व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने विभिन्न कार्पोरेशन से आह्वान किया की वो सीएसआर के तहत ऐसे ही भविष्य में अपने लाभ का कुछ हिस्सा दिव्यांगजनों को सशक्त, स्वावलंबी एवं समावेशी वातारण प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष लगाते रहे।




## प्रशासन की कारपोरेशन ने बढ़ाया रिकॉर्ड मुनाफा

# सिटको पेट्रोल पंपों को 2024-25 में 1747.68 लाख रुपये का मुनाफा

**सिटको ने आईओसीएल के साथ मिलकर सी.टी.यू डिपो में सीधे डीजल की आपूर्ति करने के लिए समझौता किया**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 जून।** सिटको पेट्रोल पंपों ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,747.68 लाख रुपये का उल्लेखनीय मुनाफा दर्ज किया है, जिसमें कुल बिक्री 68,386.01 लाख रुपये रही। वित्त वर्ष 2022-23 में सिटको का मुनाफा 1176.99 लाख रुपये से बढ?र वित्त वर्ष 2023-24 में 1527.60 लाख रुपये हो गया, जो 350.61 लाख रुपये की वृद्धि दर्शाता है। मुनाफे में यह उल्लेखनीय वृद्धि कंपनी के प्रदर्शन में सकारात्मक रुझान को दर्शाती है। 2021 से तीन नए पेट्रोल पंपों की शुरुआत सहित कंपनी के विस्तार ने मुनाफे में इस उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। यह प्रभावशाली वृद्धि सिटको द्वारा की गई रणनीतिक और ग्राहक-केंद्रित पहलों की एक श्रृंखला का परिणाम है।

जुलाई 2024 में धनास पेट्रोल पंप पर सीएनजी सुविधा की शुरुआत करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जो स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल ईंधन विकल्प प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, सेक्टर 56 में सिटको पेट्रोल पंप के आधुनिकीकरण ने ग्राहक सेवा, परिचालन दक्षता और समग्र उपयोगकर्ता अनुभव को और बेहतर बनाया है। बढ़ते ग्राहक आधार को पूरा करने के लिए, सिटको अब औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 में अपने पेट्रोल पंप का विस्तार कर रहा है, जिसमें ईंधन भरने के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ होंगी। ग्राहकों की मांग और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, सिटको पेट्रोल पंप औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 और सिटको पेट्रोल पंप धनास को ग्राहकों को त्वरित सेवाएँ देने के लिए अधिक संख्या में डिस्पेंसिंग यूनिट और कैनोपी एक्सटेंशन प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा, सिटको ने आईओसीएल के साथ मिलकर चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के साथ सी.टी.यू डिपो में सीधे डीजल की आपूर्ति करने के लिए समझौता किया है, जो आने वाले दिनों में सिटको की बिक्री और मुनाफे को और बढ़ाएगा। आने वाले दिनों में सिटको पेट्रोल स्टेशन पर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। सिटको के प्रबंध निदेशक हरि कल्लिक्कट ने कहा कि हमारा ध्यान नवाचार, सेवा की गुणवत्ता और स्थिरता पर है, जिससे हमें अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। हाल ही में किए गए उन्नयन और विस्तार चंडीगढ़ के लोगों को बेहतर सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सिटको अपने सभी स्टेशनों पर उच्च गुणवत्ता वाला ईंधन, आधुनिक बुनियादी ढांचा और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसने ईंधन वितरण में निरंतर गुणवत्ता और सुनिश्चित मात्रा के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है।

## चंडीगढ़ ब्योपार मंडल ने की महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्षों की नियुक्ति

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ ब्योपार मंडल, शहर के व्यापारियों की शीर्ष संस्था ने अपनी महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य व्यापारियों और व्यवसायों के हितों को बढ़ावा देने के लिए संगठन के प्रयासों को मजबूत करना है। रवि कांत शर्मा को नगर निगम समन्वय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9815186048 है। अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति का अध्यक्ष गुरशरण बत्रा को बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9872085533 है। जीएसटी और उत्पाद शुल्क समन्वय समिति का अध्यक्ष मोहित सूद को बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9316123086 है। खाद्य सुरक्षा समन्वय समिति का अध्यक्ष शरणजीत सिंह को बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9814509221 है। श्रम विभाग समन्वय समिति का अध्यक्ष बलजिंदर गुजराल को बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9814169200 है। चंडीगढ़ ब्योपार मंडल के उपाध्यक्ष एवं आधिकारिक प्रवक्ता दीवाकर संहूजा ने कहा कि नियुक्त अध्यक्ष अपनी समितियों का गठन करेंगे और चंडीगढ़ ब्योपार मंडल के साथ मिलकर शहर के व्यापारियों और व्यवसायों को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर काम करेंगे।

# चंडीगढ़ में नक्शा पायलट प्रोग्राम की वर्तमान स्थिति जानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 जून।** भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी की अध्यक्षता में नक्शा पायलट प्रोग्राम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सचिव मनोज जोशी ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और संबंधित विभागों से अपने मॉड्यूल और डेटा को केंद्रीय प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने और अधिकारियों और उपयोगकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का आग्रह किया। बैठक में अगले चरण के कार्यान्वयन के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया और आगामी सप्ताहों में एक अनुवर्ती समीक्षा निर्धारित की गई। इस बैठक में कुणाल सत्यार्थी, संयुक्त सचिव, भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें शहरी नियोजन विभाग, एस्टेट ऑफिस, नगर निगम, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के प्रतिनिधि शामिल थे। नक्शा पायलट प्रोग्राम चंडीगढ़ में एक मॉडल पहल के रूप में लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एक एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भवन योजना अनुमोदन प्रक्रिया को डिजिटाइज़ और सुव्यवस्थित करना है। इस कार्यक्रम के तहत, चंडीगढ़ के 5 गांवों और 15 सेक्टरों का चयन किया गया है और पहले चरण में हवाई सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

# व्यक्ति का सिर पत्थर से कुचला पीजीआई में भर्ती, हालत नाजुक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर 16 के पुल पर बुधवार को दिनदहाड़े एक व्यक्ति के सिर पर पड़ोसी पत्थर से कई वार कर फरार हो गया। हालांकि, हमले का कारण सामने नहीं आया था। उधर, समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की पीजीआई में हालत नाजुक बनी हुई थी। पुलिस हमलावर की तलाश में छापेमारी में जुटी थी।

पुलिस की जांच में पीड़ित व्यक्ति की पहचान अजित के रूप में हुई। वह इंदिरा कालोनी में बहन तारा और दो बेटियों के साथ रह रहा है। उसकी पत्नी की 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। सेक्टर 14 पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक अजित मजदूरी कर परिवार का पालन कर रहा है। तारा को पुलिस ने बताया कि अजित रोजाना 1 बजे घर लौटता था, लेकिन आज वह नहीं आया। कुछ देर के बाद घर के बाहर लोगों की आवाज सुन कर वह बाहर निकल कर कुछ दूर लोहे के पुल पर पहुंची तब अजित को सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा देख कर वह दौड़ कर उसके पास पहुंची। तारा ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला भरत हाथ में पत्थर उठाए अजित पर हमला कर रहा था। उसकी अचानक जब नजर बहन पर पड़ी तब वह उसे अजित को जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया।

तारा अपने भाई अजित को लोगों की मदद से सेक्टर 6 सिविल अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन काफी खून बहने से अजित की हालत गंभीर होने और हालत में सुधार नहीं होने से पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस अजित के बयान दर्ज करने पीजीआई गई लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से बयान नहीं ले पाई। पीड़ित की बहन ने बताया कि उसका भाई कभी शराब पिता था लेकिन किसी से उसकी रंजिश नहीं थी। पड़ोस में रहने वाले भरत ने अजित पर हमला क्यों किया था, इसका पता लगाने के लिए पुलिस उसके घर और घटना स्थल पर जांच करने पहुंची। पुलिस ने तारा की शिकायत पर बीएनएस की धारा 109(1),115 तथा 351(2) के तहत मामला दर्ज किया।



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)